RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 8102020599 | Hindustannews404@gmail.com | www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan | Denik_kesariyahindustan | @KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द्र सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्षः 4, अंकः60 | ग्वालियर संस्करण, अक्टूबर 14 सोमवार 2024 | पृष्ठः 8+4 मूल्य 2 रुपए

**रतन टाटा को भारत रत्न से नावाजे जाने की मांग**

## ग्वालियर मैनेजमेंट एसोसिएशन ने दी रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि



**कपिल गोयल //**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

ग्वालियर 14 अक्टूबर ग्वालियर मैनेजमेंट एसोसिएशन आईमा की स्थानीय शाखा मे आज शाम 4 बजे सिटी सेंटर ग्रेब स्पेस पर एक श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भारत के विश्व प्रसिद्द उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांसुमन अर्पित किये GMA के अध्यक्ष डॉ प्रवीण अग्रवाल ने श्रद्धांसुमन अर्पित करते हुए कहा की रतन टाटा एक विश्वप्रसिद्ध उद्योगपति ही नहीं बल्कि जन जन के दिलो मे वास करते थे यही कारण हैं की ?ब उनके निधन का समाचार प्राप्त हुआ तो आमजन मे अजीब सी मायूसी थी वह चाहते तो दुनिया के प्रथम दस अमीर व्यक्तियों की सूची मे अपने नाम शामिल करवा सकते थे लेकिन उन्होंने अपनी सम्पत्ति का 1.2 बिलियन डालर देश की भलाई मे दान किया यह भारत की जनता के प्रति उनकी सवेदनशीलता को प्रकट करता हैं उन्होंने इस अवसर पर एक प्रस्ताव रखा की हमें रतन टाटा जी को भारत रतन देने की मांग करनी चाहिए जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया डॉ अग्रवाल ने कहा की यह प्रस्ताव केंद्र सरकार तक सीधे त्ररूके माध्यम से भेजा जायेगा और अपनी मातृ संस्था आल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन को भी भेजकर उनसे आग्रह किया जायेगा की वह भी इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार को भेजकर आग्रह करे वही देश के सामाजिक संघटनो के साथ साथ व्यवसायिक संघटनो को भी भेजा जायेगा इस अवसर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ मनोज पटवर्धन ने कहा की रतन टाटा एक अनमोल रत्न थे जो सालो साल मे जन्म लेते हैं उनकी क्षतिपूर्ति हो पाना सम्भव नहीं हैं लेकिन उनके मार्ग पर हम सभी को चलना चाहिए इस अवसर पर अशोक शर्मा आर के चोपडा राहुल शर्मा श्याम अग्रवाल आदि ने सम्बोधित किया इस अवसर पर मोहित वर्मा अरमान खान संजीव सिँह कमल गोयल मनोज बंसल संदीप गाबरा संतोष गर्ग विनीत त्रिपाठी सुरेश कुमार शर्मा मनोज अग्रवाल अनुज राय हेमंत सिंह सुरेश दुबे हरिओम सिंघल आदि उपस्थिति थे

## पुरानी छावनी और बड़ा गाँव पर चैकिंग प्वॉइंट लगाकर वाहनों से लिए दूध के नमूने

**खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिये विशेष मुहिम जारी**

**केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र**

ग्वालियर जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के दलों ने पुरानी छावनी और बडागॉव हाइवे पुल के पास चैकिंग पाइन्ट लगाकर दूध वाहनों की जाँच की। चैक पाइन्ट पर मुरैना जिले की ओर से दूध लेकर आ रहे वाहनों के दूध की मौके पर ही चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से जाँच की गयी। जाँच में फैट एवं एसएनएफ मानक अनुरूप न पाये जाने पर देवेन्द्र गुर्जर निवासी बारे का पुरा मुरैना, सुनील कुमार शर्मा निवासी मुरैना एवं जितेन्द्र गुर्जर निवासी मुरैना द्वारा ले जाए जा रहे दूध के नमूने जाँच के लिए एकत्रित किए। इन नमूनों की जाँच राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल में कराई जायेगी। इसी तरह बडागॉव पुल पर लगाए गए दूध वाहनों के चैकिंग पाइन्ट पर रोशन सिंह निवासी बिल्हेटी, मातादीन प्रजापति निवासी ग्राम गोबई, दिलीप रजक और श्यामवीर गुर्जर निवासी पारसेन से दूध के नमूने जाँच के लिए एकत्रित किए गए। पुरानी छावनी पर लगाए गए चैकिंग प्वॉइंट पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री लोकेन्द्र सिंह, श्री दिनेश सिंह निम व सुश्री निरूपमा शर्मा ने नमूने लिए। इसी तरह बड़ागांव चैकिंग प्वॉइंट पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री सतीश शर्मा व श्री सतीश धाकड़ द्वारा नमूने लिए गए। रविवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेश शिरोमणि ने आनन्द बेकर्स मुरार से मदर डेयरी ब्राण्ड का दूध का नमूना लिया।लिये गये सभी नमूनों को जॉच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जायेंगे। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।



## नवसृजन सामाजिक संस्था द्वारा अड़ोखर कॉलेज में किया गया प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षा का आयोजन



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

अमायन क्षेत्र के ग्राम अडोखर में स्थित महाविद्यालय में नव सृजन सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित प्रतिभा प्रोत्साहित, परिक्षा में करीब 160 बच्चों ने भाग लिया। फिजिकल एवं लिखित परीक्षा को मिलाकर कुल प्राप्तांक के आधार पर करीब 19 बालक एवं बालिकाओ को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यार्थी और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।संस्था द्वारा प्रतिभा प्रोत्साहन पुरुस्कार के रूप में प्रथम 5 बच्चों को 11000 एवं द्वितीय 4 बच्चों को 5100/- और तृतीय 10 बच्चों को 1100/- रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान की गई। यह कार्यक्रम बच्चों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रखा गया। सहभागी सभी बच्चों को स्वल्पाहार की व्यवस्था भी संस्था द्वारा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षा के क्षेत्र में अनुभव प्राप्त वरिष्ठ जनों द्वारा छात्रों को विद्यार्थी जीवन में सफलता के सुत्र वताये गये नव सृजन संस्था व्यापक स्तर पर अभियान चला कर होनहार छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रयासरत रहेगी

## पिछोर थाना पुलिस की कार्यवाही,आरोपी के कब्जे से 80 लीटर,कीमती 8000 रु की हाथ भट्टी की कच्ची शराब जप्त कर,आरोपी को गिरफ्तार किया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**संवाददाता राकेश लोधी**
**पिछोर,9589655424**




पिछोर - शिवपुरी पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन में एवं पिछोर एसडीओ प्रशांत शर्मा जी के मार्गदर्शन में अवैध शराब माफिया पर कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देशों के पालन में आज रविवार को सुबह 11-00 बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब बेचने के लिए आईटीआई के सामने खाली मैदान में बैठा हुआ है। सूचना की तस्दीक हेतु सऊनि जितेंद्र यादव मय फोर्स के रवाना होकर मुखबिर द्वारा बताए स्थान आरटीआई के सामने पहुंचे, झाड़ियां की आड़ से देखा तो एक व्यक्ति माटी के टीले की आड़ में छुपा हुआ देखा, जिस पर संदेह होने पर हमराया फोर्स की मदद से उसे घेर लिया। जिससे अपना नाम विनोद पत्र हरगोविंद परिहार उम्र 20 साल निवासी ग्राम बदरखा का होना बताया जिससे बारीकी से पूछा तब उसने बताया मैंने पास में दो क्रेन शराब की छुपा रखी है। जिन्हें बेचने के लिए बैठा हूं, तब विनोद परिहार के कब्जे से दो प्लास्टिक की 40-40 लीटर की क्रेनो में कुल 80 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब मिली,जो अवैध होने से आरोपी विनोद परिहार के कब्जे से कुल 80 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब की ?8000 को पुलिस द्वारा जप्त किया गया। आरोपी गिरफ्तार किया गया बाद पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।उक्त कार्यवाही में पिछोर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह मावई, हिम्मतपुर चौकी प्रभारी संजय लोधी जी सऊनि जितेंद्र सिंह यादव, आर.अंकित सिंह ,अनिल यादव रामनाथ रावत, मांगीलाल गुर्जर, सैनिक सिरनाम सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

**भगवान श्री राम सत्य सनातन संस्कृति की पहचानः बलदेव अग्रवाल**

# नगर परिषद अध्यक्ष ने किया रामलीला के लिये मंचका भूमिपूजन ,15से प्रारंभ होगी भव्य श्रीरामलीला

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता**
**लोकेंद्र सिंह सोलंकी भितरवार**

भितरवार । जनता श्री कृष्ण कला पथक मंडल के तत्वावधान में 95वीं श्रीरामलीला महोत्सव 15अक्टूबर से प्रारंभ होकर 25तक मनाया जाएगा इसके लिए रविवार को श्री रामलीला मंच का विधिवत भूमिपूजन रामलीला मंचन स्थल काली माता मंदिर परिसर में किया गया श्रीकृष्ण जनता कला पथक मंडल के बैनर तले 95वीं आयोजित होने वाली रामलीला में हर बार की भांति इस बार भी अभिनय मंचन श्रीकृष्ण कला मंडल भितरवार के कलाकारों द्वार जाएगा। मंच पूजन और ध्वज स्थापना के लिए नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल, उपाध्यक्ष महावीर सिंह मन्नू यादव, शिवप्रताप सिंह यादव,समिति अध्यक्ष जानकीवल्लभ पाठक मुख्य रूप से उपस्थित थे नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल ने भूमिपूजन किया पं आदित्य पाराशर ने विधिविधान से मंत्रोच्चारण कर पूजन कराया। भूमिपूजन के अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवालने कहा कि भगवान श्री राम सत्य सनातन संस्कृति की पहचान है नगर में पिछले 94 वर्षो से आयोजित हो रही रामलीला का उद्देश्य भगवान श्री राम की लीलाओं का मंचन करके सनातन संस्कृति के साथ ही भगवान श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की शिक्षा देना है उन्होंने कहा कि रामलीला का मंचन देखने से हमें हमारी संस्कृति का पता चलता है साथ ही बच्चों में भगवान श्री राम के आदर्शों और गुणों का समावेश निश्चित रूप से होता है इस मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष महावीर सिंह मन्नू यादव ने कहा कहांकि हमारी जो संस्कृति है उसके मूल में दया और करुणा का भाव है वह हम देखते हैं भगवान श्री राम के चरित्र में यह रामकथा हमें दुनिया की अन्य संप्रदायों से संस्कृति से सबसे अलग बनाती है पूरी दुनिया में कहीं ऐसा उदाहरण नहीं मिलता जहां कोई भाई अपने भाई के लिए राज सिंहासन को छोड़े हमें कोई ऐसा दुनिया में उदाहरण नहीं मिलता उन्होंने रामलीला आयोजन की सराहना करते हुए कहाकि यह कथा हमें हमारी सनातन संस्कृति के मूल्यों को याद दिलाती है और हमें दुनिया की अन्य संस्कृतियों से अलग बनाती है। उन्होंने रामलीला कमेटी के सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया और ईश्वर से प्रार्थना की कि वे इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाते रहें।इस अवसर पर ,पूर्व अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह यादव, रामलीला समारोह समिति अध्यक्ष जानकीवल्लभ पाठक (शास्त्री), महेश चंद्र अग्रवाल, चन्दन सिंह यादव,सुनील सिंह किरार,सोनू यादव,मनोज गौ?,आशीष जैन,कैलाश खटीक, रघुवीर सिंह यादव,लखन लाल सोनी,धर्मेंद्र किराड,धरू यादव , छोटू यादव, वीरवल पवैया,आदि उपस्थित थे।



**नारद मोह की लीला से प्रारंभ होगी रामलीला......** श्री रामलीला समारोह समिति अध्यक्ष जानकीवल्लभ पाठक ने बताया कि 15 अक्टूबर - शिव पार्वती संवाद,रावण अत्याचार,राम जन्म जानकी जन्म, रात्रि 8 बजे, 16 अक्टूबर - यज्ञ विध्वंस, विश्वामित्र आगमन, ताड़ुका वध, मारीच सुबाहु वध, रात्रि 8 बजे,17अक्टूबर अहिल्या उद्धार, गंगावतरण, जनक बाजार, फुलवारी लीला, रात्रि 8 बजे,18अक्टूबर-धनुष यज्ञ, रावण वाणासुर संवाद, लक्ष्मण परशुराम संवाद, रात्रि 8 बजे,19 अक्टूबर-कैकेई मंथरा संवाद, श्रीराम वनगमन, केवट लीला, रात्रि 8 बजे,20 अक्टूबर-सूर्पणखा अंग-भंग, सीताहरण, जटायु बलिदान, रात्रि 8 बजे,21अक्टूबर-शबरी प्रेम, सुग्रीव मित्रता, बालि वध, लंका दहन, रात्रि 8 बजे,22अक्टूबर- विभीषण शरणागति, सेतु निर्माण, अंगद रावण संवाद, रात्रि 8 बजे,23 अक्टूबर- लक्ष्मण शक्ति, कुम्भ कर्ण वध, मेघनाद वध, रात्रि 8 बजे, 24 अक्टूबर- नारान्तक वध, अहिरावण वध, रात्रि 8 बजे,25अक्टूबर- रावण वध, श्रीराम राज्याभिषेक, पुरस्कार वितरण रात्रि 8 बजे।

# अंबाह पुलिस की बड़ी कार्यवाही अवैध रूप से देसी शराब का परिवहन कर रही गाड़ी सहित 21 पेटी अवैध शराब ,गाड़ी को किया जप्त।

## 01 कार कुल 9,00,000/- रूपये का मशरूका जप्त किया गया अम्बाह एसडीओपी रवि भदौरिया के नेतृत्व में लगातार की जा रही है अवैध शराब , के विरूद्ध कार्यवाही

**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अंबाह । पुलिस अधीक्षक जिला मुरैना श्री समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा जिले में अवैध शराब-मादक पदार्थों की तस्करी एवं क्रय-विक्रय करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जाकर जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त अभियान के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय मुरैना डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन एवं एसडीओपी अम्बाह श्री रवि भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना अम्बाह पुलिस द्वारा 01 आरोपी को गिरफ्तार कर 21 पेटी अवैध शराब (11 पेटी देशी मसाला तथा 10 पेटी देशी प्लेन) एवं 01 कार जप्त की गई।दिनांक 12.10.2024 को दशहरा ड्यूटी के दौरान कार्य. निरीक्षक सतेन्द्र सिंह कुशवाह थाना प्रभारी अम्बाह एवं हमराह टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर लेन रोड़ नहर की पुलिया पर चैकिंग लगाकर कार क्रमांक MP®75561 को घेराबंदी कर मय कार चालक के पकड़ा, किन्तु कार में बैठा हुआ अन्य व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया। पुलिस द्वारा कार की तलाशी ली गई, तो कार के अंदर 21 पेटी अवैध देशी शराब (11 पेटी देशी मसाला मंदिरा एवं 10 पेटी देशी प्लेन मदिरा) कीमती करीबन 1,00,000/- रूपये की रखी मिली, उक्त शराब के संबंध में वैध लायसेंस पाया गया, जो न होना बताया गया। आरोपीगण का उक्त कृत्य आबकारी अधिनियम के




तहत दंडनीय होने से मौके पर से 21 पेटी अवैध देशी शराब कीमती करीबन 1,00,000/- रूपये एवं 120 कार क्रमांक MP®|CG5561 कीमती 8,00,000/- रूपये कुल मशरूका कीमती करीबन 9,00,000/- रुपये का विधिवत् जप्त कर थाना वापसी पर गिरफ्तार शुदा आरोपी एवं मौके से फारार आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 607/24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। मौके से फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

**आरोपी से जप्त मशरूका का विवरण:-**

क्र.अपराध क्रमांक व धारा
**आरोपी से जप्त मशरूका**

1. 607/24 धारा 34(आबकारी
11 पेटी देशी मसाला शराब, 10 पेटी देशी प्लेन शराब एवं 01 आई.20 कार क्रमांक MP®|CG5561

**सराहनीय भूमिका**

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सतेन्द्र सिंह कुशवाह थाना प्रभारी अम्बाह मय स्टाफ उनि प्रज्ञाशील, सउनि किशन सिंह, आर.512 अजीत, आरक्षक 543 दीपक पचौरी, आरक्षक लखन प्रताप, आरक्षक दिनेश जाट, आरक्षक नरेश, आर. चालक मनीष सिरौठिया, आर. चालक धर्मेन्द्र परमार की सराहनीय भूमिका रही है

## धू-धू कर जला असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशानन का पुतला



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी भितरवार

भितरवार। अधर्म पर धर्म तथा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयदशमी का पर्व नगर में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर मेन तिराहा पर रावण के पुतलों के साथ-साथ नगर में विभिन्न स्थानों पर दशानन के पुतले का दहन किया गया। राम का तीर लगने के बाद रावण का पुतला धू-धू कर जल पड़ा। मेंन तिराहा रावण के पुतले को आग के हवाले किया गया।असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजय दशमी का पर्व नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।रात्रि के समय मेंने रोड़ पर निवासरत लोगों द्वारा दशहरा महोत्सव मनाया गया जिसमें भगवान श्री राम और लक्ष्मण जी झांकियां निकालते हुए। रास्ते में राम व रावण के बीच लगातार युद्ध भी चलता रहा। गाजे-बाजे के साथ निकाली गई शोभा यात्रा को देखने के लिए लोग एकत्रित हो गए

काफी देर तक युद्ध के उपरांत श्रीराम ने रावण के पुतले पर तीर चलाकर आग के हवाले कर दिया। तेज पटाखों की गूंज के साथ दशानन का पुतला धू-धू तक जल गया। अधर्म के प्रतीक रावण के पुतले का दहन देखने को लेकर भारी संख्या में लोग मौजूद खास बात यह रही कि यह पुतला युवा सुमित सोनी ने 10 दिन की मेहनत के बाद तैयार किया था सुमित ने बताया कि वह हर वर्ष अधर्म के प्रतीक रावण का छोटा पुतला दहन करते थे लेकिन इस बार करीब 9 फीट ऊंचा पुतला तैयार किया गया और कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने भगवान की झांकी लगाई गई।इस मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा भगवान श्री राम जी का पूजन आरती की गई इस मौके पर हरी मोहन सोनी, गौरव अग्रवाल, गोपाल सोनी,विनय सोनी,के के सोनी, सहित अनेक लोग उपस्थित थे

## चापाखेड़ा में हुआ रावण दहन

**गोविन्द नायमा केसरिया हिंदुस्तान**

श्री नवदुर्गा उत्सव समिति आजाद चौक चापाखेड़ा द्वारा दशहरा मैदान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी लगभग 40 फिट का रावण बनाया गया रात को 8 बजे श्री राम जी, सीतामाता और लक्ष्मण जी व हनुमान जी के साथ ढोल धमाका एवं आतिशबाजी द्वारा ग्रामवासियों के साथ दशहरा मैदान में पहुंचे जहां पर समिति सदस्यों द्वारा आतिशबाजी की गई व श्री रामचंद्र जी ने धनुष बाण से रावण का वध किया इस अवसर पर पुलिस चौकी चापाखेड़ा के प्रभारी संतोष यादव, आरक्षक अशोक कटारा, दीनदयाल धनगर, योगेंद्र चौहान पूरे कार्यक्रम में मुस्तैदी से उपस्थित थे!



## राष्ट्र सेविका की नन्ही बालिकाओं ने निकाली प्रभातफेरी



**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा ब्यूरो उज्जैन**

**घोंसला** ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तर्ज पर नगर में राष्ट्रसेविका समिति की प्रभात फेरी निकाली गई। नगर के विभिन्न मार्गो से अनुशासन और राष्ट्रभावना का संदेश देता हुआ प्रभात फेरी गुजररी जिसका जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। मंडी प्रांगण से शुरू हुई प्रभात फेरी का समापन भी वहीं पर हुआ। राष्ट्रीय सेविका समिति घोंसला में भी सक्रिय है, छोटी छोटी बालिकाओं द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाग लिया. 7 साल से 25 साल तक की बालिकाओं ने लिया भाग , इस प्रभात फेरी में तकरीबन 80 बालिकाओं ने भाग लिया। व साथ ही थाना प्रभारी विरेंद्र सिंह बंदेवार द्वारा नन्ही नन्ही बालिकाओ को ÷मैं हूं अभिमन्यु÷ अभियान के तहत अभियान की जानकारी दी और उन्हें जागरूक किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को नशा न करने, दहेज प्रथा का विरोध करने, भ्रूण हत्या पर रोक लगाने, समाज में लिंग भेद के प्रति जागरूकता लाने जैसी सामाजिक बुराइयों के बारे में बताया गया। साथ ही, पुलिस के हेल्पलाइन नंबर भी बताए गए और नारी सम्मान की शपथ दिलाई गई। प्रभात फेरी कार्यक्रम में थाना प्रभारी श्री विरेन्द्र सिंह बंदेवार,एएसआई सेवाराम डोडियार,आरक्षक कमल मालवीय , मुकेश परमार ,राहुल जजपुरिया,सैनिक मोहनदास बैरागी,ग्राम घोंसला कोटवार सूरज कुमार गुजराती,अर्जुन यादव,अशोक यादव मौजूद थे

## केला मैया का लगाया गया छप्पन भोग लोगों ने मन्नत की अर्जी लगाई



**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

पोरसा। शरद नवरात्रि के समापन के अवसर पर श्री नागाजी मंदिर परिसर में स्थित राजराजेश्वरी केला मैया के मंदिर पर महामंडलेश्वर महंत राम लखन दास महाराज के सानिध्य में 56 भोग लगाया गया भोग की सजावट पुजारी रामदास श्रौत्रिय महाराज, पंडित राम शंकर शास्त्री, राजू श्रोत्रिय,अन्नू गुप्ता, ढिल्ले सिंह तोमर, रामसनेही गुप्ता, राम भजन गुप्ता ,अनिल गुप्ता, आदि ने 56 भोग की भव्य सजावट की गई मंदिर में सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा लोगों ने मैया के समक्ष प्रार्थना कर मन्नत की अर्जी लगाई हजारों की संख्या में महिलाओं ने अर्जी लगाई।

## विजयदशमी पर्व पर रामपुरा में 41 फीट ऊंचे रावण के पुतले का किया दहन





**केसरिया हिंदुस्तान रामपुरा से रामकरण सूर्यवंशी**

बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक त्योहार दशहरा पर्व पर रामपुरा नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 41 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया दशहरा उत्सव समिति पंजाबी समाज के तत्वाधान में भगवान श्री राम की शोभायात्रा सुभाष क्लब स्थित महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई दशहरा मैदान पहुंची इस दौरान शोभा यात्रा के आगे ढोल डीजे बजे अखाडे के पहलवान अपने है कारनामों को दिखाते हुए चल रहे थे चल समारोह दशहरा मैदान पहुंच जहां सुसज्जित रथ में विराजित प्रभु श्री राम एवं भैया लक्ष्मण द्वारा रावण के पटल पर तीर कमान द्वारा उसका वध किया गया उसके बाद दशहरा मैदान में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया इसके बाद भव्य आतिशबाजी के बाद 41 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया इस अवसर पर नगर वासियों ने सभी को बधाई प्रेषित की एवं चरण स्पर्श कर लोगों से आशीर्वाद लिया अंत में भगवान की आरती उतार कर कार्यक्रम का समापन हुआ

## लदुसा फाउंडेशन ने लेकोडिया गौशाला में किया पौधारोपण

**गोविन्द नायमा, केसरिया हिंदुस्तान**



संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण की मुहिम के तहत श्री नंदराज गौधाम गौशाला गांव लेकोडिया जिला उज्जैन में पौधारोपण किया। संस्था का पौधारोपण अभियान लगातार जारी है। गौशाला में पेड़ होना अति आवश्यक है क्योंकि गायों को ठंडी छांव मिलना जरूरी होती है। गर्मियों में भी पेड़ अधिक तापमान को नियंत्रित करते है। इसलिए संस्था द्वारा गौशाला में भी पौधारोपण किया गया। गौशाला परिसर में गुलमोहर, पीपल, नीम, शीशम के पौधे लगाए गए। गौशाला समिति ने पानी पिलाने की जिम्मेदारी ली। और बची जगह में पौधारोपण करने के लिए संस्था के पदाधिकारीयों से आग्रह भी किया गया। पदाधिकारीयों में संस्थापक हरिओम वीर, पुखराज मेहता, पंकज अटोलिया, पंकज धाकड़, एवम् बालमुकुंद सालित्रा, भंवरलाल सालित्रा साथ ही गौशाला के संचालक सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे, गौशाला में समाजसेवी जितेंद्रसिंह तंवर का काफी सहयोग मिला!

## चित्रकूट मूर्ति विसर्जन हेतू ग्राम बेलवा कुर्मियांन थाना गढ़ जिला रीवा से आ रही यात्रियों से भरी पिकअप पलटी



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान छत्रसाल सिंह**

यात्रियों से भरी पिकअप चित्रकूट आ रही थी मूर्ति विसर्जन करने एवं दर्शन पूजन करने थाना चित्रकूट के बगदरा घाटी के पास पलटी करीब 20 से 25 लोगों घायल हुए चार से पांच लोग गंभीर रूप से घायल थे जिन्हें रावण दहन ड्यूटी एवं मूर्ति विसर्जन ड्यूटी से लौट रहे अनविभागीय अधिकारी पुलिस चित्रकूट श्री रोहित राठौर के सूझ बूझ से घायलों को तत्काल राहगीरों की सहायता एवं हमराही बल के अपने स्वयं के शासकीय वाहन से जानकी कुण्ड चिकित्सालय भर्ती कराया गया गंभीर रूप से घायल तीन लोगों की जान एचडीओपी चित्रकूट के द्वारा घायलों को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भर्ती कराकर बचाई गई एवं कुछ घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सीएससी मझगवां भर्ती कराया गया है

## कृषि उपज मंडी के प्रांगण में 51 फिट ऊँचे रावण का हुआ दहन सनावद के रावण दहन कार्यक्रम में हजारो लोगो ने देखी आकर्षक आतिशबाजी

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान आशीष शर्मा**



कृषि उपज मंडी के प्रांगण मे नगर पालिका के तत्वावधान मे रावण दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ रंगारंग आतिशबाजी ने जीता सब का मन प्रभु श्रीराम के तीरो से धु धूकर जल उठा रावण जनता ने लगाये जय श्री राम के नाम के जयघोष । असत्य पर हुई सत्य की विजय के साथ जनता ने दी एक दूसरे को विजयादशमी बधाई नगर के मंडी मैदान में 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं और भगवान श्रीराम के मयार्दा पुरुषोत्तम जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं, सिंचाई विभाग कॉलोनी के गणेश चौक में 31 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में राम, लक्ष्मण एवं हनुमान की झांकी के साथ संपन्न हुआ। नवरात्रि के समापन के बाद विजयादशमी का उत्सव नगर में धूमधाम से मनाया गया। शाम 5 बजे राम, लक्ष्मण और हनुमान बने कलाकारों की झांकी नगर पालिका से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए मंडी मैदान पहुंची। शाम 7 बजे राम और लक्ष्मण बने कलाकारों ने 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले पर तीर चलाकर असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीकात्मक दहन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता बिरला ने नागरिकों को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि विजयादशमी का पर्व समरसता और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह ऐसा पर्व है जो दुश्मनों को भी मित्र बना देता है, और हमें भी इस पर्व को एकजुट होकर मनाना चाहिए। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए और नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। आयोजन के दौरान तहसीलदार मुकेश मचार, टीआई इंद्रेश त्रिपाठी, सीएमओ राजेंद्र मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्षद, और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे। **सिंचाई कॉलोनी में भी हुआ रावण का दहन-** सिंचाई कॉलोनी में भी कॉलोनीवासियों द्वारा हर साल की तरह रावण दहन का आयोजन किया गया। इसके लिए समिति का गठन किया गया था। जनता व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रावण के पुतले का दहन किया और विजयादशमी का पर्व मनाया। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। नगर के सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संगठनों द्वारा दशहरा मैदान के बाहर फूलों की बारिश कर झांकी का स्वागत किया गया।

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया अपना वादा पूरा, अशोकनगर एवं शिवपुरी के लिए एक रेक DAP खाद और गुना एवं अशोकनगर के लिए एन पी के खाद पहुंचाया

### - रात भर सिंधिया ने फोन से लिया खाद के आने का अपडेट

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

गुना-/- दशहरा के पावन पर्व पर पूरे गुना संसदीय क्षेत्र के किसान भाई बहनों को एक अनुपम सौगात देते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज सुबह सुबह खाद के दो रेक, रेल के माध्यम से क्षेत्र में पहुंचाए हैं।बता दें कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जब पिछले हफ्ते गुना के दौरे पर आए थे तो उन्होंने वादा किया था कि जल्दी ही क्षेत्र की खाद की मांग को पूरा करने के लिए खाद लाया जाएगा। पांच दिन



के अंदर अंदर NPK एवं DAP दोनों प्रकार के खाद के 2545 मेट्रिक टन खाद आज क्षेत्र के सभी किसानों के लिए पहुंचा दिया गया है। एक रेक DAP खाद - अशोनगर एवं शिवपुरी के लिए और एक रेक NPK खाद - गुना और अशोकनगर के लिए क्षेत्र में आ गया है। बता दें कि सिंधिया 10 दिन से इस कार्य पर लगे हुए है और कल पूरी रात स्थानीय कर्मचारियों के साथ अपडेट लेते हुए वह तब तक चैन से नहीं बैठे जब तक खाद क्षेत्र नहीं पहुंचा।

## अतरंगी आतिशबाजी के साथ बुराई के पुतले का दहन

**केसरिया हिंदुस्तान**
**दिनेश वर्मा ब्यूरो उज्जैन**



घोंसला/नौ दिन तक देवी की आराधना के पश्चात बुराई पर अच्छाई की विजय-स्वरूप विजयादशमी का पर्व आराधना मंच द्वारा बुराई के प्रतिक 51 फिट का रावण के पुतले का निर्माण किया गया । शाम 6 बजे राम मंदिर से ढोलधमाके के साथ राम लक्ष्मण व हनुमान के वेश धर घोड़ा बग्घी पर सवार नगर के प्रमुख मार्गो से जय श्री राम के नारो लगाते हुए दशहरा मैदान(मंडी प्रांगण)पर पहुंचे , साथ ही यहा पर रंगारंग ,अतरंगी आतीश बाजी के बाद रावण के पुतले का राम जी ने तीर मार कर दहन किया । इसके पश्चात नगर वासीयो ने एक-दूसरे को गलेलगा कर तो किसी ने चरण वंदन कर बधाई दी ।इस अवसर थाना प्रभारी श्री विरेन्द्र सिंह बंदेवार,एएसआई सेवाराम डोडियार,आरक्षक कमल मालवीय ,ग्राम घोंसला कोटवार सूरज गुजराती,अर्जुन यादव,अशोक यादव मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रतीक बड़ेरा व मुकेश चावड़ा ने किया।

# जिले में हर साल बढ़ रहे एचआईवी पॉजिटिव मरीज, युवा भी इसकी गिरफ्त में

सीधी।जिले में एचआईवी पॉजिटिव बीमारी का खतरा लगातार तेजी से बढ़ रहा है। जागरूकता के अभाव के कारण शहर व ग्रामीण इलाकों में एड्स तेजी से फैल रहा है। जिला चिकित्सालय कैंपस में संचालित एचआईव्ही उपचार केन्द्र आईसीटीसी के रिकार्ड के अनुसार 600 से 'यादा मरीज सरकारी दस्तावेजों में अंकित हैं वहीं जानकारों की माने तो वर्तमान में निजी पैथोलॉजी में हो रहे एचआईवी जॉचों में मिल रहें पॉजटिव केसों को अगर जोड़ दे तो ऑकड़ा हजार के पार पहुॅच सकता है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रति वर्ष जागरूकता कार्यक्रम के नाम पर करोड़ों रूपए खर्च किये जाते हैं किन्तु एचआईवी मरीजो की संख्या में विराम नही लग रहा बल्कि वृद्धि दर्ज हो रही है। जो कि समाज के लिये चिंता का विषय बना हुआ है। एड्स के मरीजों की तादाद लगातार बढ़ रही जिसको देखते हुए विभाग द्वारा सर्वे कराया गया। जिसके द्वारा पता चला कि उक्त बीमारी परदेशियों से सीधी में लाई गयी फिर धीरे धीरे स्थानीय स्तर पर बीमारी पॉव पसारना प्रारंभ की है। एचआईवी पाजीटिव मरीजों में लगातार इजाफा होने से स्पष्ट है कि सीधी जिले में एड्स का कहर तेजी से बढ़ रहा है। एड्स कंट्रोल सोसाइटी व स्वास्थ्य विभाग चिहिंत मरीजों को ट्रीटमेंट दे रहा है।

### पॉजिटिव महिला परोस रही बीमारी -

जिला मुख्यालय में पर्दे के पीछे चमड़ी का व्यापार जोरों पर चल रहा है। उक्त धंधे में मुनाफा अधिक होने के चलते कई रसूखदार भी इन दिनो इस व्यापार में मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। वहीं अपुष्ट सूत्रो से मिली जानकारी के आधार पर बताया गया कि जिला मुख्यालय में एक सेक्स वर्कर भी इस बीमारी की गिरफ्त में हैं। बीमारी से अवगत होने के बाद भी उक्त महिला बीमारी को अन्य लोगों तक पहुॅचा रही है। एचआईवी का कोई स्थायी इलाज नहीं है इसलिए उक्त चर्चा सामने आने के बाद उन लोगों में डर का माहौल बन गया है। वहीं चिकित्सकों ने उक्त विषय पर अपनी राय रखते हुए बताया कि सही समय पर जॉच व उपचार प्रारंभ करना ही समझदारी है।




### अनपढ़ता और जागरुकता का अभाव

है

कारण- एचआईवी पाजीटिव मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला चिकित्सायल कैंपस मे एआरटी सेंटर एवं आईसीटीसी संचालित किया गया है। जिसके माध्यम से संक्रमित मरीजो को उचित सलाह, सुरक्षा सावधानी एवं उपचार मुहैया कराया जाता है। शासन से जारी दिशा निर्देश का पालन करते हुए उक्त मरीजों की जानकारी पूरी तरह से गोपनीय रखी जाती है। ऐसे में अगर किसी व्यक्ति में लक्षणो का पता चलता है वह बिना किसी संकोच के आईसीटीसी सेंटर पहुॅच कर जॉच करा सकता है। चिकित्सको की माने तो उक्त बीमारी लगातार फैलने की मुख्य वजह अनपढ़ता और जागरुकता का अभाव है।

### एचआईवी/एड्स कैसे फैलता है -

एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध से। एचआईवी संक्रमित सीरिंज या सुइयों के इस्तेमाल से। झएचआईवी रक्त चढ़ाने से। एचआईवी संक्रमित माता से उनके आने वाले संतान में एचआईवी संक्रमण फैल सकता है।

### एड्स की कैसे करें रोकथाम

संयम रखें जीवन साथी के प्रति रहें वफादार। केवल जांच किए रक्त और उत्पादों का ही प्रयोग करें। सरकार द्वारा लाइसेंसी ब्लड बैंकों से लें रक्त। केवल नई सीरिंज और सुइयों का प्रयोग करें। यह रोग माता से ब'चे में न फैलने पाए इसकी रोकथाम के लिए उपलब्ध सेवाओं का प्रयोग करें। यौन जनित संक्रमण होने पर सरकारी अस्पताल में उपचार कराएं।

### इनका कहना है -

स्वास्थ्य विभाग इस रोग को रोकने के लिए लोगों को इसके खतरे और बचाव के बारे सामग्री भी उपलब्ध करा रहा है। गर्भवती माता अगर सही समय पर जॉच करा ले तो उक्त बीमारी का खतरा आने वाली संतान में पहुॅचने से रोंका जा सकता है। एचआईवी पाजीटिव मरीजों की जानकारी पूरी तरह से गोपनीय रखी जाती है। ऐसे में सुरक्षा सावधानी एवं सही समय पर उपचार प्रारंभ करना ही एचआईवी से बचाव का सबसे बड़ा शस्त्र है।

**डॉ. हिमेश पाठक, नोडल अधिकारी एड्स कंट्रोल सोसाइटी।**

---

**प्रभारी मंत्री ने पुलिस लाइन में किया शस्त्र-पूजन, पुलिस को मिला अत्याधुनिक वज्र वाहन**

# विजय का प्रतीक दशहरा हमें हमारी सनातन संस्कृति से जोड़ता है- प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल





सीधी। प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग रा'यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सीधी जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा दशहरे के पर्व पर पुलिस लाइन सीधी पहुंचकर वैदिक विधि से शक्ति स्वरूपा मां काली की पूजा अर्चना एवं शक्ति, साहस और विजय के प्रतीक के रूप में शस्त्रों का पूजन किया गया। इसके उपरांत अत्याधुनिक वज्र वाहन की सौगत सीधी पुलिस को लोकार्पित की गयी। प्रभारी मंत्री ने असत्य पर सत्य की विजय के पर्व दशहरे की प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान रा'यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि युग-युग से विजय का प्रतीक दशहरे का पर्व हमें हमारी सनातन संस्कृति से जोड़ता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में लोकमाता देवी अहिल्या बाई के ×00वीं जयंती वर्ष के अवसर पर पूरे प्रदेश, जिला मुख्यलय एवं थाना में लोकमाता को समर्पित दशहरा उत्सव मनाया जा रहा है। लोकमाता देवी अहिल्या बाई ने अपने शासनकाल में रा'य की अभेद्य सुरक्षा के साथ जनता की सेवा और समर्पण का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके रा'य पर कभी आक्रमण नहीं हुआ और अखंड भारत की मंगलकामना करते हुए सुशासन के नए प्रतिमान गढ़ते हुए उन्होंने शासन चलाया। उनका जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय और स्मरणीय है। विजयादशमी पर शस्त्र पूजन का सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है, जो हिंदू सनातन परंपरा से जुड़ा हुआ है। यह व्यक्ति को उसके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है और अधर्म के खिलाफलड़ने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि हमारे यहां देवी देवता भी अपने एक हाथ में शास्त्र और एक हाथ में शस्त्र लेकर चलते थे। हम अपने ब'चों को पढ़ने के लिए दूर-दूर तक भेजते हैं लेकिन समाज एवं राष्ट्र की सुरक्षा के लिए शस्त्र रखना भी अत्यधिक आवश्यक है। आज हम सभी को प्रतिज्ञा लेना चाहिए कि अपने घरों में शस्त्र रखकर समाज की रक्षा का प्रतीक बने। उन्होंने कहा कि भगवान श्री रामचंद्र भी वनवास में अपने हाथ में शस्त्र लेकर ही गए थे। उन्होंने कहा कि आज पुलिस के कारण ही हमारे देश में महिलाएं, बेटियां, बहन सुरक्षित हैं। पुलिस की खाकी वर्दी और हमारी खादी का बड़ा संबंध है। यह न्यायपालिका एवं कार्यपालिका का प्रतीक है, इन दोनों के कारण ही समाज चल रहा है।**शास्त्र का मतलब विद्वता, शस्त्र का मतलब शक्ति** -सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि किसी भी देश को सुरक्षा एवं राष्ट्र का गौरव उसके शास्त्रों एवं शस्त्र के अ'छा होने से माना जाता है। शास्त्र का मतलब विद्वता का है और शस्त्र का मतलब शक्ति से है यह दोनों चीज जिसके पास हैं वह राष्ट्र में किसी भी प्रकार की समस्या से लड़कर अपनी सुरक्षा कर राष्ट्र की सेवा के लिए तत्पर रहेगा। उन्होंने सभी को दशहरा के पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है कि जिले के शस्त्रगार का अवलोकन करने का मौका हम सबको मिला है। निश्चित ही यह हमारे लिए शक्ति का प्रतीक है। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए शास्त्र और शस्त्र दोनों साथ में होना आवश्यक है। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती मंजू सिंह, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रवींद्र वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज, गणमान्य नागरिक देव कुमार सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# वर्ष बाद भी खाली नही हो सका एफ 1 शासकीय आवास, उपखण्ड अधिकारी का आदेश बेअसर

सीधी। जिला चिकित्सालय कैंपस स्थित एफ 1 शासकीय आवास को लेकर विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। विभागीय बरती जा रही लापरवाही इन दिनो गली मोहल्ले में चर्चा का विषय बनी हुई है। उक्त आवास की लड़ाई जिला स्वास्थ्य विभाग से निकल कर स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं जिले के आला अधिकारियों तक पहुॅच गयी है। उसके बाद भी फरवरी 202× से अक्टूबर 2024 तक कोई ठोस निराकरण या बेदखली की कार्रवाई नही हो सकी है। विभागी सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर बताया गया कि जिला अस्पताल कैंपस सीधी स्थित शासकीय आवास क्र.एफ1 के अवैध अमिक्रमण से मुक्त कराने हेतु सिविल सर्जन द्वारा लगातार कई बार पत्राचार किया जा चुका है। सीएस द्वारा जिला कलेक्टर से लेकर भोपाल तक पत्राचार माध्यम से मदद की गुहार लगाई गयी किन्तु परिणााम आज तक शुन्यवत ही हैं। वहीं जिला उपखण्ड अधिकारी द्वारा उक्त प्रकरण की सुनवाई करते हुए × अक्टूबर 24 को एक आदेश भी जारी किया गया जिसके माध्यम से अवैध कब्जाधारी को उक्त भवन खाली करने के लिये 7 दिवस का समय दिया गया किन्तु उसके बीत जाने के बाद भी यथास्थिती बनी हुई है। बताया गया कि सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय सीधी द्वारा वर्ष 202× एवं वर्ष 2024 में लिखे गये पत्रो के माध्यम से जिला अस्पताल कैंपस सीधी स्थित शासकीय आवास क्र.एफ1 को रिक्त किये जाने हेतु डॉ.वर्मा को निर्देशित किया गया, किन्तु उनके द्वारा शासकीय आवास रिक्त नहीं किया गया। फ्लस्वरुप जिला अस्पताल में कार्यरत कई विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी जो कि जिला मुख्यालय में आवास हेतु पात्र हैं, को आवास आवंटित की कार्यवाही नही की जा सकी है तथा उन्हे कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। अनावेदक को पूर्व में सिविल सर्जन सीधी का पत्र क्रमांक 792 दिनांक 20.01.2024, पत्र क्रमांक 110×2 दिनांक 29.12.202×, पत्र क्रमांक 7451 दिनांक 12.09.202×, पत्र क्रमांक 6018 दिनांक 21.07.202× एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीधी का पत्र क्रमांक 9908 दिनांक 18.09.202×, पत्र क्रमांक 127× दिनांक 05.02.2024 तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक का आदेश पृ.क्रमांक 84× दिनांक 22.01.2024 जारी किया जाकर उक्त शासकीय आवास रिक्त करने हेतु निर्देशित किया गया, किन्तु डॉ. वर्मा की पदस्थापना माह फरवरी 202× से मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सेमरिया मुख्यालय सेमरिया में होने के बावजूद अनोवदक उपरोक्त आवास रिक्त नही किया जा रहा है। अनावेदक उपरोक्त आवास में अवैध रुप से कब्जा किये हुए

### इनका कहना है

शासकीय आवास अभी तक रिक्त न कर अवैधानिक कब्जे में रखने के कारण लोक परिसर बेदखली अधिनियम के तहत उक्त शासकीय आवास रिक्त कराये जाने का आदेश जारी किया गया था। जिसके माध्यम से अनावेदक उक्त शासकीय आवास से अपना आधिपत्य सात दिवस के अंदर हटाकर पालन प्रतिवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिये कहा गया था, अन्यथा बलात रूप बेदखल कर विरूद्ध विधि अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

**नीलेश कुमार शर्मा, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास सीधी।**



# अरिहंत सोनोग्राफी सेंटर संचालक पर लगा जुर्माना

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
जिला ब्यूरो/मनोज सिंह**

टीकमगढ़। शहर के झांसी मार्ग पर स्थित अरिहंत सोनोग्राफी सेंटर के संचालक ने एक मरीज की गलत जांच रिपोर्ट देने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग टीकमगढ़ ने दोषी मानते हुए सेवाओं में कमी का हवाला देकर 55 हजार रुपए का जुर्माना देने का फैसला सुनाया। यह 55 हजार रुपए की राशि में से तीस दिवस के भीतर 25 हजार रुपए परिवादी, 25 हजार रुपए परवादी के पुत्र के प्रति सेवा में कमी के लिए एवं अनावेदक क्रमांक 1, क्रमांक 2 संयुक्ततः एवं पृथकतः परिवाद व्यय के लिए 5 हजार रुपए परिवादी को अदा किए जाऐगे।दरअसल स्थानीय मऊ रोड खादी आश्रम के पास निवासरत पीड़ित वीरेन्द्र सूत्रकार ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग टीकमगढ़ में एक परिवाद प्रस्तुत किया था जिसमें परिवादी के अधिवक्ता ने उल्लेख किया था कि अरिहंत सोनोग्राफी सेंटर के संचालक द्वारा आवेदक के पुत्र की जांच रिपोर्ट में पथरी एवं गुर्दे में गठान का उल्लेख किया था इसके बाद वह अपने बच्चे को लेकर ग्वालियर के



चिकित्सक के बताएं अनुसार उसने वहां के सोनोग्राफी सेंटर पर जांच कराई।

**जांच रिपोर्ट में ग्वालियर के चिकित्सक ने बताया कि सभी**

-रिपोर्ट सामान्य आई है और पुत्र को घर ले जाने की सलाह दी। इसके बाद पीड़ित ने प्रतितोषण आयोग का दरवाजा घटघटाया तो वहां के अध्यक्ष सनत कुमार कश्यप एवं डॉ. संजीव सिंह ने समस्त दस्तावेजों का अवलोकन कर इस मामले में सुनवाई की। जिसका फैसला बीते 9 अक्टूबर को आया था फैसले में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि विवेचना के आधार पर यह परिवाद आंशिक रूप से स्वीकार कर आदेशित किया है कि अनावेदक क्र. 1 एवं 02 संयुक्ततः एवं पृथकतः आदेश दिनांक से 30 दिवस के भीतर परिवादी वीरेन्द्र सूत्रकार को 25 हजार रुपए एवं उसके पुत्र के प्रति सेवा में कमी के चलते 25 हजार रुपए अदा करे। साथ ही अनावेदक क्र. 1 एवं 2 संयुक्ततः एवं पृथक्ततः परिवाद व्यय के लिए 5 हजार रुपए परिवादी को अदा करने की बात फैसले में कही गई। इसके अलावा अनावेदक के विरूद्ध परिवाद निरस्त किया गया।आदेश में यह भी बताया गया कि अगर सोनोग्राफी सेंटर संचालक 30 दिवस के भीतर आदेश का पालन नहीं किए जाने की दशा में यदि परिवादी द्वारा निष्पादन प्रकरण प्रस्तुत किया जाता है तो निष्पादन कार्यवाही का व्यय 5 हजार रुपए अनावेदकगण को पृथक से अदा करने होंगे। वीरेन्द्र सूत्रकार ने बताया कि उसके पक्ष में आए फैसले का हम सम्मान करते है।

**श्री अजमीढदेव भगवान का जन्मोत्सव 16 अक्टूबर को**

# समाज के पूर्व सैनिकों, सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों तथा बुजुर्गों का होगा सम्मान

**केसरिया हिंदुस्तान रिपोर्टर**

बैतूल। मालवीय स्वर्णकार समाज समिति के तत्वावधान में 16 अक्टूबर को टैगोर वार्ड में श्री श्री 1008 श्री अजमीढदेव भगवान का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मालवीय स्वर्णकार समाज समिति की जिला अध्यक्ष श्रीमती निर्मला सोनी ने बताया कि दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान श्री अजमीढदेव भगवान की पूजा-अर्चना कर प्रसादी वितरित की जाएगी। तत्पश्चात कार्यक्रम में समिति द्वारा समाज के पूर्व सैनिकों, सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों एवं वयोवृद्धजनों को शाल, श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा।समिति के पदाधिकारियों ने जिले के सभी स्वजातीय बंधुओं से सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## प्रभु श्री राम का बाद लगते ही धू धू कर जला लंकेश अखाड़ों के उस्तादों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब।



**दैनिक केसरी हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ
देवीलाल कुशवाहा राजगढ़**

संडावता। प्रतिवर्षण पर इस वर्ष भी दशहरा उत्सव हर्षोल्लाह उसके साथ मनाया गया। विशेष विशेष आतिशबाजी के साथ प्रभु श्री राम का बाद रावण के पटल पर लगता ही दूदू कर जलने लगा लंकेश इसी दौरान नगर के मुख्य मार्गो पर निकला चल समारोह के दौरान अखाडा के कलाकारों ने हिरत अंग्रेज करतब दिखाकर दर्शकों का मन मोह लिया। नगर के महावीर अखाड़े के उस्तादों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। शनिवार दोपहर एक बजे हनुमान मंदिर से चल समारोह निकाला। इसमें भगवान श्रीराम, लक्षण व हनुमान जी रथ पर विराज थे। बाजार चौक, बस स्टैंड, सारंगपुर चौराहे पर करतब दिखाए। 6.30 बजे विजयदशमी, अखाड़े का चल समारोह, दशहरे मैदान पर पहुंचा, यहां पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण ने रथ पर सवार होकर रावण के पुतले पर बाण छोड़ते जला लंकेश। इस बार नगर में 32 फीट के रावण का दहन आकर्षक आतिश बाजियों के बीच हुआ। रावण दहन के पश्चात प्रभु श्री राम की महा आरती का आयोजन कर वहीं से दशहरा मिलन का कार्यक्रम शुरू हुआ जो देर रात तक चला।

# धूमधाम से निकला दुर्गा प्रतिमाओं का चल समारोह: 1 घंटे देरी से हुआ रावण दहन, कुंड पर 12 घंटे चला प्रतिमाओं का विसर्जन



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
जिला ब्यूरो/मनोज सिंह**

टीकमगढ़ शहर में दशहरा पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। शनिवार रात 9:30 बजे रावण दहन के बाद दुर्गा प्रतिमाओं का चल समारोह शुरू हुआ। नगर में रात 2 बजे तक झांकियां निकलने का सिलसिला चलता रहा। महेंद्र सागर तालाब स्थित विसर्जन कुंड पर रविवार सुबह शनिवार को शाम 5 बजे के बाद दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालु शहर की सड़कों पर नाचते गाते हुए निकले। नगर भ्रमण के बाद महेंद्र सागर तालाब स्थित विसर्जन कुंड पर देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। माता रानी को विदा करते समय लोगों की आंखें भर आई। मौसम में आए बदलाव के चलते शनिवार को सुबह से लेकर शाम तक आसमान में बादल छाए रहे। बारिश की संभावना के चलते ज्यादातर लोगों ने शाम 6 बजे से प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू कर दिया था। शहर के चल समारोह मार्ग से भ्रमण करते हुए सभी देवी प्रतिमाएं महेंद्र सागर तालाब स्थित विसर्जन कुंड पर पहुंची। देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए प्रशासन की ओर से कुंड के पास चार क्रेन रखी गई थी। बावजूद इसके देवी प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला आज सुबह 6 बजे तक चलता रहा। विसर्जन कुंड पर पहुंचकर भक्तों ने देवी प्रतिमाओं की पूजा आराधना कर सुख समृद्धि की मनोकामना की। इसके बाद नम आंखों से माता रानी को विदा किया। विसर्जन कुंड पर बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात रहे।

**1 घंटे देरी से हुआ रावण दहन**-शहर के नजरबाग मैदान में शनिवार रात 9:30 बजे रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का दहन हुआ। पिछले साल 8:40 पर पुतला दहन हो गया था, इस बार करीब 1 घंटे की देरी से रावण दहन का कार्यक्रम हुआ। जिसके चलते रात 2 बजे तक दुर्गा प्रतिमाओं पर चल समारोह निकाला गया। लोगों ने रावण दहन कार्यक्रम में हुई देरी पर नाराजगी जताई है।

**यातायात नियमों के पालन में राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद कैडेट की भूमिका अव्वल**

# ट्रैफिक पुलिस के साथ राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संभालेंगे यातायात व्यवस्था की कमान, यातायात नियमों के प्रति कर रहे जागरूक अंकित शुक्ला

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
नौशाद अहमद कुरैशी / ब्यूरो चीफ**

श्योपुर राष्टीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक व अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने प्रदेश की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करने के लिए बढ़ती सडक़ दुर्घटनाओं और यातायात नियमों का पालन नहीं करने को लेकर संस्था ने शनिवार को जिला मुख्यालय पर अनूठा प्रयास किया। इस दौरान यातायात पुलिस व वालेंटर एनसीसी की छात्र छात्राओं ने शहर के चौक चौराहे पर गुजरने वाले वाहन वालकों को अनूठे अंदाज में जागरूक किया। दरअसल इस समय चहुंओर करवा दीपावली की धूम हैं। इसके मद्देनजर यातायात पीएलवी व एनसीसी छात्राओं ने चौराहे से गुजरने वाले चालकों को रोका और फुल और हेलमेट बहनाकर नियमों के पालन का आह्वान किया। वालेंटियर सहित एनसीसी की केडेट्स मौजूद थी। छात्राओं ने वाहन चालकों की कलाईयों पर रक्षासूत्र बांधा और मिठाई से मुंह मीठा कराते हुए नारियल भेंट किया। छात्राओं ने वाहन चालकों से आह्वान किया कि बाइक चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रुप से पहने। नशे से दूर रहे। निर्धारित गति में वाहन चलाए। चार पहिया सवार सीट बेल्ट लगाए। ओव्हरलोड नहीं करें। अंकित शुक्ला ने कहा कि बालिकाओं ने दशहरा पर्व पर मार्मिक अंदाज में वाहन



चालकों को हेलमेट उपहार में नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया, यह सराहनीय हैं। अंकित ने कहा कि समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाते हैं। आज छात्राओं के माध्यम से वाहन चालकों को जागरूक किया। संस्था के प्रयास की आमजनों भी प्रशंसा की। यातायात नियमों का पालन करोज यही बड़ा गिफ्ट होगा पालन करा रही छात्राओं ने वाहन चालकों को रोककर कहा कि आपने हेलमेट क्यों नहीं पहना है। बिना हेलमेट पहने बाईक चलाने पर आपकी जान को खतरा है। यदि आपको कुछ हो जाएगा तो आपके परिवार का क्या होगा। सडक़ दुर्घटना में कितने लोग थोड़ी सी लापरवाही से अपनी जान गंवा रहे हैं। आपके घरवाले आपका इंतजार करते हैं। आपने यह नहीं सोचा कि आपकी थोड़ी सी लापरवाही से उनपर क्या बीतेगी। छात्राओं ने वाहन चालकों से कहा कि दीपावली के दिन भाई अपनी बहन को गिफ्ट देता है आपको आपकी बहन ने तिलक लगाकर राखी बांध मुंह मीठा कर नारियल गिफ्ट किया है। इससे सबक ले कर हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाएं तथा लोगों को भी हेलमेट पहनकर बाईक चलाने को जागरूक करे पुलिस कर्मियों के साथ अब संस्था कैडेट्स भी सड़कों पर नजर आ रहे है ट्रैफिक पुलिस के साथ यातायात की कमान संभालने के साथ कैडेट्स लोगों विशेषकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक भी करेंगे ट्रैफिक कर्मियों ने कैडेट्स को सड़क पर यातायात नियंत्रण के लिए तैनात करने से पूर्व उन्हें स्वयं यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। जिसके बाद उन्हें शहर के चौक चौराहों में यह कैडेट्स ट्रैफिक संभालते दिखाई देंगे।कैडेट्स के साथ मिलकर ट्रैफिक पुलिस जागरूकता अभियान चला रही है कैडेट्स अमन आलोक यथार्थ मोहित गोपाल आदित्य अर्पित रानी आरती मोना सोनम शिवानी आदि

# युवक की मौत का जिम्मेदार बताया ग्रामीण को पीटा: भागने लगा तो तालाब में गिरने से उसकी भी मौत, सरपंच पति पर हत्या का आरोप, हाईवे पर चक्काजाम

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
मनोज सिंह/ जिला ब्यूरो**

टीकमगढ़ में शनिवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान फिश नेट में पैर फंसने से एक युवक की मौत हो गई। घटना से गुस्साए सरपंच पति ने फिश नेट लगाने वाले शख्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मारपीट की। वह बचने के लिए भागा और पानी में कूद गया। रविवार सुबह उसका शव मिला। घटना बम्होरी कला थाना क्षेत्र के दिनऊ गांव की है।

बम्होरी कला थाना प्रभारी रश्मि जैन ने बताया कि शाम को कमलेश अहिरवार (19) मूर्ति विसर्जन के लिए तालाब गया था। विसर्जन के दौरान वो गहरे पानी में चला गया। जहां मछली के जाल में उसका पैर फंस गया। लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। इसी घटना को लेकर मथुरा रैकवार (50) से मारपीट की गई। घटना से गांव में तनाव का माहौल है। एहतियातन पुलिस फोर्स भी तैनात की गई है।

**युवक की मौत से गुस्साए सरपंच पति ने की थी पिटाई-**



बताया जा रहा है कि फिश नेट में पैर फंसने से हुई कमलेश की मौत को लेकर सरपंच पति बच्चा यादव गुस्से में मथुरा रैकवार (50) के पास पहुंचा और उसे पकड़ लिया। आरोप लगाया कि मछली पकड़ने के लिए उसने तालाब में जाल डाल रखा है। इसी में कमलेश फंस गया।यह कहते हुए बच्चा यादव ने मथुरा की पिटाई कर दी। सरपंच पति से बचने के लिए मथुरा भागते हुए तालाब में कूद गया। सुबह मथुरा का शव तालाब में मिला। वहीं, कमलेश अहिरवार का शव पुलिस ने शनिवार शाम को तालाब से निकलवा लिया था।

**परिजन बोले**- सरपंच पति ने मारपीट कर फेंका मृतक मथुरा रैकवार के परिजन का आरोप है कि सरपंच पति बच्चा यादव ने कुछ लोगों के साथ मिलकर मारपीट की और उसे तालाब में फेंक दिया था। परिजन रात भर उसकी तलाश करते रहे, लेकिन वह नहीं मिला। उन्होंने बच्चा यादव समेत अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

**जतारा-मउरानीपुर हाईवे पर किया चक्काजाम-**

घटना के बाद रविवार दोपहर करीब 3 बजे मृतक मथुरा रैकवार के परिजन ने जतारा-मऊरानीपुर हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। इस प्रदर्शन में महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हैं। मौके पर पुलिस बल भी मौजूद है।सरपंच पति गिरफ्तार, साले पर भी केस दर्ज घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। मौके भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बम्होरी कला थाना प्रभारी रश्मि जैन ने बताया कि शनिवार रात मथुरा रैकवार के परिजनों ने मारपीट और गुमशुदगी की शिकायत की थी। इस आधार पर बच्चा यादव औरशिकायत की थी। इस आधार पर बच्चा यादव और उसके साले गोकुल यादव के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया गया।÷ परिजन के बयान और पीएम रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाई जाएंगी। बच्चा यादव को निवाड़ी जिले से गिरफ्तार किया गया है

# जल्द खत्म होगी सिद्धबाबा में विद्युत आपूर्ति की समस्या : विधायक रेणुका सिंह

**विधायक रेणुका सिंह के प्रयास से डीएमएफ मद सिद्धबाबा मन्दिर में लगेगा 3 फेस कनेक्शन**



**देबाशीष गांगुली (संभागीय ब्यूरो सरगुजा
दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)**

मनेन्द्रगढ़। क्षेत्र के ग्राम देवता सिद्धबाबा मन्दिर में अब विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी। क्षेत्रीय विधायक रेणुका सिंह व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की पहल पर अब सड़क से 1000 फिट ऊंचे पहाड़ पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर में 3 फेस 15 किलो वाट विद्युत कनेक्शन लग जाने से सिद्ध बाबा मंदिर में विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी। यहां नया 3 फेस कनकेशन ट्रांसफॉर्मर लगने का बाद अब सिद्ध बाबा मंदिर व मन्दिर परिसर रौशनी से जगमग होगा। गौरतलब है कि सिद्धबाबा सेवा समिति के सदस्यों ने भरतपुर सोनहत विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से मुलाकात कर सिद्ध बाबा मंदिर में विद्युत आपूर्ति को लेकर हो रही समस्याओं से अवगत कराया था। जिस पर विधायक रेणुका सिंह व स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने संज्ञान लेते हुए डीएमएफ मद से 7 लाख 48 हजार 4 सौ 51 रुपए की स्वीकृति दिलवाई थी। अब डीएमएफ मद की यह राशि विद्युत विभाग को स्थान्तरित कर दी गई है। अब जल्द ही यहां 3 फेस कनेक्शन के साथ ही नया ट्रांसफार्मर लगने का कार्य शुरू होगा। क्षेत्रीय विधायक रेणुका सिंह की इस पहल पर सिद्धबाबा सेवा समिति के सदस्यों व शिवभक्तों ने जनप्रतिनिधि द्वय का आभार व्यक्त किया है।

**सिद्धबाबा मन्दिर के लिए बनाई जाएगी कार्ययोजना**-भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि सिद्धबाबा मन्दिर के प्रति क्षेत्रवासियों की आस्था यहां देखते ही बनती है। सिद्धबाबा सेवा समिति के प्रयास से मन्दिर को केदारनाथ जैसा स्वरूप दिया गया है। केदारनाथ की तर्ज पर बना यह मन्दिर और विकसित किया जाएगा। श्रद्धालुओं को यहां आने जाने में कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए कार्य कराए जाएंगे। विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि जल्द ही सिद्ध बाबा सेवा समिति के सदस्यों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर मन्दिर व मन्दिर परिसर में किए जाने वाले कार्यो की कार्ययोजना बनाकर उसे मूर्त रूप दिया जाएगा।

# ग्राम श्रीनगर में फल -फूल रहा सट्टा का अवैध व्यापार झोतेश्वर पुलिस चौकी अंतर्गत आता हैं श्रीनगर

**केसरिया हिन्दुस्तान अखबार गोटेगांव
संवाददाता भानु प्रताप राय ??**

निवासी गोटेगांव पटेल वार्ड दीपक सोनी उर्फ पप्पू ब अन्य तीन सहयोगी दीपक का भाई प्रशांत सोनी ,सहयोगी बाबूलाल प्रजापति निवासी श्रीनगर ब अन्य सहयोगी शैलेन्द्र पवार निवासी पटेल वार्ड गोटेगांव के संरक्षण में चल रहा सट्टा का अवैध व्यापार दीपक भाजपा महिला पार्षद अंजनी सोनी का पति ब पार्षद प्रतिनिधि हैं दीपक राजनैतिक रसूख दिखाकर **चला रहा सट्टा का अवैध व्यापार** - विगत 6 माह से तेजी से फल फूल रहे सट्टा के व्यापार में ग्राम श्रीनगर निवासी बाबूलाल प्रजापति सट्टा पट्टी काटता हैं अन्य सहयोगी निगरानी रखते हैं ग्राम श्रीनगर से महज 5 किलोमीटर दूर हैं झोतेश्वर पुलिस चौकी इतनी नजदीक होने के बाबजूद सट्टा व्यापार का चलना बिना किसी सहयोग के संभव नहीं हैं पुलिस अधीक्षक महोदया से हम अपील करते हैं अतिशीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करें

# आलोट में आतिशबाजी के साथ रावण दहन कार्यक्रम: रावण के पांच शीश व एक हाथ नहीं जल पाये, बड़ी संख्या में दशहरा मैदान पहुंचे गणमान्य नागरिक



**रिपोर्टर - दिनेश शुक्ला**

आलोट दशहरा मैदान में नगर परिषद द्वारा रावण का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलाकारों ने कई दिन की मेहनत कर 51 फीट ऊंचा रावण का पुतला बनाया, शाम 7:00 बजे बाद बड़ी संख्या में नगर वासी दशहरा मैदान पर पहुंचे, कलाकार ने जमकर आतिशबाजी की। राम-लक्ष्मण की झांकी बी दशहरा मैदान पर पहुंची जहां रामलीला के कई मंचन भी किए गए।भगवान राम को दर्शन देने के लिए पहुंचे अनादि कल्पेश्वर।रावण दहन के पहले आलोट में स्थित अनादि कल्पेश्वर रात में सवार होकर दशहरा मैदान पहुंचते हैं, जहां उनकी अगवानी नगर परिषद द्वारा की जाती है, पहले अनादि कल्पेश्वर भगवान राम को दर्शन देते हैं इसके बाद ही रावण दहन का कार्यक्रम शुरू होता है।

**धू -धू कर जल उठा 51 फीट का रावण**- भगवान राम ने रावण की नाभि पर अग्निबाण छोड़ा जिससे 51 फीट ऊंचा रावण का पुतला धू- धू कर जल उठा, कलाकारों ने दशहरा मैदान पर रावण के अलावा मेघनाथ व कुंभकरण का भी पुतला बनाया था। रावण दहन के बाद सभी ने एक-दूसरे को दशहरे की शुभकामनाएं दी।

**अधर्म पर धर्म की विजय**-पार्षद प्रतिनिधि अभिषेक जैन मावावाला ने बताया कि आज ही के दिन ही भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर अधर्म पर धर्म की स्थापना की थी। इसलिए इस दिन को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है।इसी दिन को विजयादशमी के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि इसी तिथि पर मां दुर्गा ने महिषासुर राक्षस का वध किया था। इसी दिन केलिएआलोटनगरपरिषद द्वारा रावण का पुतला बनाकर उसका दहन करते हैं और रावण दहन के साथ-साथ अपने अंदर की बुराइयों के दहन का भी संकल्प लेते हैं। साथ ही रावण दहन इस बात का भी संकेत है कि कोई बुराई कितनी भी बलशाली क्यों न हो, लेकिन उसकी हार निश्चित है।जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद कर रहे। आलोट नागेश्वर रोड स्थित दशहरा मैदान पर रावण दहन कार्यक्रम में, आलोट एसडीएम सुनील कुमार जायसवाल, थाना प्रभारी संतोष चौरसिया, उपनिरीक्षक मनोज पाटीदार,आलोट एसडीओपी शाबेरा अंसारी, हल्का पटवारी नितेश शर्मा,पार्षद पवन शर्मा नगर,परिषद उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह सोलंकी, पार्षद प्रतिनिधि आजाद सिंह शत्रु,रीना अनिल भरवा बालकृष्ण कुवाडिया, शहजाद मुल्तानी, शब्बीर शाह,भाजपा नेता उपेंद्र सिंह यादव, शहीद कई जनप्रतिनिधि वह बड़ी संख्या में आलोट के नागरिक गण उपस्थित हुए।

# संगठन गढ़े चलो,सुपथ पर बड़े चलो...गीत की धुन पर स्वयंसेवकों ने मिलाए कदमताल, जगाया देशभक्ति का भाव

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकला पथ संचलन, हजारेश्वर पार्क में हुआ शस्त्रपूजन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**नौशाद अहमद कुरैशी / ब्यूरो चीफ**

श्योपुर।संगठन गड़े चलो.., सुपथ पर बड़े चलो, भला हो जो देश का वो काम किए चलो। जैसे देश भक्ति गीतों की धुन पर रविवार की सुबह संघ के स्वयंसेवको ने शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए न सिर्फ अपने कदम ताल मिलाए,बल्कि लोगों में देश भक्ति का भाव भी जगाया। अवसर था राष्टीय स्वयंसेवक संघ की श्योपुर नगर ईकाई के द्वारा विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को निकाले गए पथ संचलन का। पथ संचलन का नगर में कई जगह स्वागत किया गया। पथ संचलन की शुरूआत शहर के श्री हजारेश्वर पार्क से हुई। श्री हजारेश्वर पार्क में पथ संचलन से पूर्व शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।दरअसल राष्टीय स्वयंसेवक संघ हर साल विजयादशमी पर्व पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित करके शहर में पथ संचलन निकालता है। इसी क्रम में रविवार की सुबह 8 बजे संघ का शस़्त्र पूजन कार्यक्रम श्री हजारेश्वर पार्क में आयोजित हुआ, जहां स्वयंसेवको ने विविधत रूप से शस्त्रों की पूजा



की। इसके बाद यहां से पथ संचलन शुरू हुआ। जो पुराना बस स्टैंड, बडौदा रोड, पुल दरवाजा, टोडी गणेश बाजार होते हुए मैन बाजार पहुंचा। जहां पथ संचलन को देखने के लिए लोगो की भीड़ लग गई। पथ संचलन में दो समानांतर कतारों में कदम बड़ाते अनुशासित स्वयं सेवक देशभक्ति गीतों का उद्घोष करते हुए सुपथ की ओर कदम बढाकर लोगों में देश भक्ति का भाव जगाते चल रहे थे। पथ संचलन का किसी जगह रंगोली सजाकर और पुष्पवर्षा करके तो किसी जगह आरती उतारकर स्वागत किया। मुख्य बाजार से पथ संचलन गांधी पार्क, जय स्तंभ,शिवपुरी रोड, श्री रामतलाई हनुमान मंदिर क्षेत्र होते हुए वापस श्री हजारेश्वर पार्क में पहुंचकर सम्पन्न हुआ।

**पंच परिवर्तन से ही समाज परिवर्तन:गुप्ता पथ संचलन से पहले श्री हजारेश्वर पार्क में शस्त्रपूजन के बाद बौद्धिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान संघ के विभाग सह कार्यवाह गौरव गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे, जबकि जिला संघ चालक गिर्राज सर्राफ एवं जिला सह संघ चालक अशोक माधवानी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन थे। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता विभाग सह कार्यवाह गौरव गुप्ता ने जहां राष्टीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना और उसके द्वारा किए गए कार्यो को रेखांकित किया। वहीं इसी साल से शुरू होने वाले शताब्दी वर्ष के दौरान संघ के द्वारा देशभर में क्या क्या कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे,इसके बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के दौरान संघ कार्यविस्तार और पंच परिवर्तन को लेकर काम करेगा। पंच परिवर्तन के जरिए ही समाज में परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन के दौरान कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार, सामाजिक समरसता, स्वदेशी जीवन शैली, पर्यावरण को लेकर पूरे देश में काम किया जाएगा।**

# रावण के पुतले का दहन होते ही जय-जय श्रीराम के नारों से गूजा दशहरा मैदान

केसरिया हिन्दूस्तान जिला संवाददाता श्रीराम सेन

रायसेन।विजयादशमी के त्यौहार पर दशहरा मैदान पर 35 फीट के लंकापति रावणके पुतले का दहन सतरंगी आतिशबाजी के बीच किया गया। देररात भगवान राम और रावण के बीच घमासान युद्ध हुआ। भगवान श्री राम लखनलाल के धनुष से निकले तीर से रावण के प्राण पखेरू उड़ गए। उसके बाद भगवान प्रभु राम ने तीर संधार कर रावण के 35 फीट के पुतले का दहन किया। रावण दहन होते ही हजारों लोगों से भरे परिसर में जय-जय श्रीराम की गूंज सुनाई देने लगी। जलता हुआ रावण का पुतला जमीन पर धराशायी होता देखा गया। इससे पहले रावण दहन का संकेत भीषण गर्जना वाला गोला चलाकर दिया गया। जिससे पूरादशहरा ग्राउंड परिसर दहल सा गया।गुना गंजबासौदा की आकर्षक आतिशबाजी और गगनभेदी गोला चलाया गया जो रावण दहन का संकेत होता है। इसके बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान पूरा परिसर खचाखच भरा रहा और देर तक वहां जय श्री राम



की गूंज होती रही।रायसेन के दशहरा मैदान में रावण का दहन देखने के लिए लगी शहरवासियों की भीड़।इससे पूर्व लंकापति दशानन और भगवान श्रीराम की सेना के बीच महासंग्राम हुआ।अंत में अधर्म पर धर्म बुराई पर अच्छाई की जीत हुई।रावण का दंभ धरा रह गया।

दशहरे पर्व का आयोजन श्री हिन्दू उत्सव समिति रायसेन के बैनर तले हुआ।मुख्य अतिथि भाजपा विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक अधर्म पर धर्म और अहंकारपर श्री रामजी विजय हासिल की।उन्होंने कहा कि मन के अंदर छुपे अधर्म अहंकार को नहीं त्यागने की वजह से लंकेश्वर को कुल सहित विनाश मिला था। कलियुग में 500 साल की तपस्या के बाद अयोध्या नगरी में जब श्रीराम लला विराजित हुए तबभारत देश में रामराज्य की स्थापना हो चुकी हैं।रामसेवक हनुमान की राम भक्ति लक्ष्मण का त्याग समर्पण।सीता नारी के सुरक्षा सम्मान की लड़ाई मिलजुलकर टीम भावना से लड़कर लंका पर विजयप्राप्त की।।राम के आदर्श सनातन हिन्दू धर्म की रक्षा करना था। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश तरक्की करके आगे विश्व गुरु बनेगा।श्री हिउस के आयोजकों दुर्गा झांकियों के आयोजकों को बधाई दी है।राम रावण की सेना महासंग्राम भी हुआ।कार्यक्रम के विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा नपाध्यक्ष सविता जमना सेन जिपं अध्यक्ष यशवंत बब्लू मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि श्रीराम हम सभी सनातनियों के आदर्श पुरुष योद्धा हैं।सनातन धर्म पर चोट करने वालों और हिन्दू धर्म को अपमानित करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।उन्होंने दशहरे के त्यौहार की उपस्थित जनसमुदाय को बधाई दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री हिउस के अध्यक्ष पंडित कृष्ण मोहन चतुर्वेदी ने स्वागत उद्बोधन दिया।इस अवसर पर श्री हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्षो का शाल श्रीफल देकर सम्मानित भी किया।इस मौके पर जय रघुवीर जय महावीर समिति रायसेन की तरफ से वीर हनुमान जी के रौद्र रूपी मुखोटे सिंदूरी चोला धारण वार्ड 3 फौजदार पुरा रायसेन निवासी युवक आदर्श यादव पिता महेश यादव उम्र 23 ने धारण किया।

# ईंट भट्टा एसोशिएशन सनावद के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को विधायक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान आशीष शर्मा**



सनावद-ईंट भट्टा एसोशिएशन सनावद के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को विधायक सचिन बिरला से मुलाकात की और ईंट व्यवसाय में आ रही कठिनाइयों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी और ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में सनावद,बड़ूद,बासवा और बेड़ि़या के ईंट निर्माता शामिल थे। एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचंद्र प्रजापति ने विधायक को बताया कि सनावद नगर और आसपास के ग्रामों के ईंट निर्माताओं की ईंट ले जा रहे वाहनों को खंडवा,खरगोन और भीकनगांव,झिरनिया और गोगांवा के ईंट व्यवसायियों और कुछ लोगों द्वारा अकारण रोका जा रहा है और ईंट वाहनों को संबंधित पुलिस थाने और आरटीओ कार्यालय में खड़ा करवा दिया जाता है। इसके बाद ईंट ले जा रहे वाहनों से चालान के नाम पर दस से बारह हजार रु वसूल किए जाते हैं। प्रजापति ने कहा कि जब पीडि़त वाहन चालक अपनी शिकायत लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और आरटीओ ऑफिस जाते हैं तो वहां से जवाब मिलता है कि सनावद के ईंट वाहनों का चालान बनाने के लिए उपर से राजनीतिक दबाव डाला जाता है। प्रजापति ने बताया कि अभी आठ दिन पूर्व खंडवा में ईंट वाहन को रोके जाने की शिकायत लेकर जब हम खंडवा पुलिस अधीक्षक कार्यालय गए तो वहां से जवाब मिला कि यह मामला हमारे संज्ञान में है। लेकिन हमारे ऊपर राजनीतिक दबाव है। इसलिए हम सनावद से ईंट ला रहे वाहनों को रोकने वालों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं कर पा रहे हैं। प्रजापति ने कहा कि सनावद नगर से ईंट लोड कर ले जा रहे वाहनों को अकारण रोके जाने तथा भारी भरकम चालान काटने से ईंट निर्माताओं को बड़े पैमाने पर आर्थिक हानि हो रही है। इस कारण सनावद नगर और आसपास ग्रामों के ईंट निर्माता अपना माल नहीं बेच पा रहे हैं। प्रजापति ने कहा कि यदि इस समस्या के चार दिन के अंदर स्थाई समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र के ईंट निर्माता और श्रमिक इंदौर-इच्छापुर हाइवे पर चक्काजाम करेंगे। विधायक ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से लिया और तत्काल खंडवा जिला पुलिस अधीक्षक मनोज राय और खरगोन जिला कलेक्टर कर्मवीर शर्मा से मोबाइल पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। विधायक ने उच्चाधिकारियों से सनावद नगर के ईंट निर्माताओं की समस्या बताई और कहा कि किसी भी व्यवसाई को व्यापार करने से रोकना अनुचित और अन्यायपूर्ण है। खरगोन जिला कलेक्टर ने विधायक को आश्वस्त किया कि सनावद क्षेत्र के ईंट निर्माताओं की समस्या का समाधान आठ दिवस में कर दिया जाएगा। इसी प्रकार खंडवा जिला पुलिस अधीक्षक ने इस समस्या के समाधान हेतु चार दिवस का समय मांगा है। इस तारतम्य में खंडवा जिला पुलिस अधीक्षक ने सनावद नगर के ईंट निर्माताओं को चर्चा के लिए 15 अक्टूबर को खंडवा बुलाया है।

# शास्त्रों में भी शस्त्रों के पूजन का किया है वर्णन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान आशीष शर्मा**

सनावद विजयादशमी के दिन शास्त्रों में शस्त्रों के पूजन का वर्णन है। इस परंपराओं का निर्वहन करते हुए मंगलवार को विजयादशमी पर पुलिस थाने में में शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। शस्त्र पूजन करवाते हुए पं. राजेंद्र व्यास ने कहा- शास्त्रों में श्रीरामजी के रावण के साथ युद्ध में जाने के समय शस्त्रों का पूजन कर रावण वध किया था। तभी से आज तक विजयादशमी के दिन शस्त्र पूजन करने की परंपरा है। थाना प्रभारी इन्द्रेश त्रिपाठी ने शस्त्रों का पूजन कर महत्वपूर्ण बातों की न जानकारी दी। उन्होंने कहा- भगवान श्रीराम ने भी शस्त्र उठाया था और पुलिस के पास भी शस्त्र है। श्रीरामजी ने असुर अहंकारी रावण का वध करने के लिए उठाया। लेकिन हमें शस्त्र लोगों के जान माल की रक्षा व हिफाजत करने के लिए ही दिया गया है। इसका समय पर उपयोग कर लोगों के लिए जनसेवा में आगे आये। रावण अहंकारी था। जिसने भगवान श्रीराम को नही पहचाना। वह श्रीराम की शक्ति को जानता





तो ऐसा काम नहीं करता। पुलिस में रहकर हम आम लोगों व महिलाओं की रक्षा की प्रतिज्ञा लें। थाना प्रभारी इंद्रेश त्रिपाठी ने शस्त्रों का विधिवत पूजन किया और अपने स्टाफ को शस्त्रों के शास्त्रीय महत्व की जानकारी दी। टीआई त्रिपाठी ने कहा कि भगवान श्रीराम ने अधर्मी रावण का वध करने के लिए शस्त्र उठाए थे, और पुलिस को भी शस्त्र नागरिकों की सुरक्षा और जान-माल की रक्षा के लिए ही दिए जाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि शस्त्रों का सही समय पर उपयोग करके हमें नागरिकों की सेवा और सुरक्षा में आगे आना चाहिए। रावण को लेकर टीआई त्रिपाठी ने कहा कि रावण अहंकारी था और उसने भगवान श्रीराम की शक्ति को पहचानने में भूल की। यदि उसने श्रीराम की शक्ति को पहचाना होता, तो वह ऐसा अन्यायपूर्ण कृत्य न करता। इसीलिए पुलिस में रहकर हमें नागरिकों, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा का संकल्प लेना चाहिए। इस कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक बीएस रावत, रमेश गहलोद, अंतिमबाला भूरिया, सहायक उप निरीक्षक एसपी वर्मा, बीएस जमरे, प्रधान आरक्षक रविंद्र चौहान, रमेश जमरे, गुलसिंह मेहता, अजय सोलंकी, सुमित भदोरिया, विनोद गोर, विजय सिंह, पीथा नायक, अरुण मीणा, विश्राम गुड़ि़या, वंदना भदोरिया सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर...

### गरबा महोत्सव में गोल्ड कॉइन से सम्मानित हुई राखी उईके

केसरिया हिंदुस्तान रिपोर्टर



बैतूल। औरा बिका निऑन गरबा महोत्सव में सारणी कोलगांव निवासी राखी उईके गोल्ड कॉइन से सम्मानित हुई है। उन्हें यह सम्मान औरा बिका के डायरेक्टर बादल मोटवानी ने प्रथम पुरस्कार के रूप दिया है। उल्लेखनीय है कि औरा बिका के तत्वावधान में लिंक रोड स्थित तरंग लॉन में दो दिवसीय निऑन गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें कोलगांव निवासी राखी ने गरबे की मनमोहक प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोल्ड कॉइन पुरस्कार राठौर ज्वेलर्स की ओर से रखा गया था। राखी को मिले इस सम्मान पर साक्षी नागले, पारुल ठाकरे, खुशी मोटवानी, खुशबु पगरिया, स्वर्णा मानेकर, आदित्य, धैर्य मानेकर सहित परिजनों, ईष्ट मित्रों ने बधाई दी है।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा नगर में निकाला पथ संचलन नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**केसरिया हिंदुस्तान राजू मेहरा भोपाल**

बैरसिया।। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा विजय दशमी दशहरा पर नगर में पथ संचलन निकाला गया। राष्टीय स्वयं संघ के पदाधिकारी एवं स्वयं सेवक दशहरा मैदान पर एकत्रित हुए और एक कतार में खड़े होकर सभी ने अनुशासन का परिचय दिया।दशहरा मैदान पर धर्म ध्वजा फहराकर तैयारियों के साथ पथ संचलन प्रारंभ हुआ। खाकी फुल पेंट एवं सफेद शर्ट पहने कंधे पर डंडा रखकर स्वयं सेवक कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे।पथ संचलन के दौरान आधे दर्जन स्वयं सेवक बैंड बाज़ो पर देश भक्ति धुन बजाते चल रहे थे।पथ संचलन नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ वापिस दशहरा मैदान पर आकर संपन्न हुआ।पथ संचलन के दौरान नगर के अनेक सामाजिक राजनैतिक धार्मिक संगठनों के अलावा नगर की जनता ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया।पथ संचलन के समापन पर संघ के पदाधिकारियों ने बौद्धिक विषयों से स्वयं सेवकों को अवगत कराया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद थे।इस दौरान एस डी ओ पी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अरुण शर्मा के नेतृत्व में पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से नगर में चप्पे चप्पे पर तैनात रही नगर में धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व धू धू कर जले रावण कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतले

### राम रावण युद्ध और आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र रहे





**केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा**

बैरसिया।। असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजय दशमी दशहरा रामलीला कमेटी बैरसिया के तत्वाधान में शनिवार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।इस दौरान नगर बैरसिया सहित ग्रामीण क्षेत्रों रावण के पुतले का दहन किया गया।दशहरा मैदान में हुआ राम रावण युद्ध और रावण कुंभकरण मेघनाथ के पुतलों का दहनदशहरा मैदान में आयोजित राम रावण के बीच हुए युद्ध का दर्शको ने जमकर आनंद लिया।दशहरा पर्व पर परंपरा अनुसार रामलीला का आयोजन किया गया।जिसमे रामलीला कमेटी बैरसिया के कलाकारों ने राम और रावण का अभिनय किया। लगभग एक घंटे चले इस युद्ध में आखिर राम ने रावण की नाभी में तीर मारकर उसका अंत कर दिया।रावण के धराशाई होते ही हजारों की संख्या में मौजूद दर्शको ने जय जय श्रीराम का उदघोष कर वातावरण को राम मय बना दिया।रावण वध के बाद आतिशबाजों ने आकर्षक आतिशबाजी का प्रदर्शन किया।जिसकी दर्शको ने जमकर सराहना की।इसके बाद भगवान राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न हनुमान जी के साथ जनक नंदनी सीता को रथ में बिठा कर अयोध्या रामलीला मैदान के लिए रवाना हो गए।रावण वध कर लेट रहे भगवान राम की नगर निवासियों द्वारा पूजा अर्चना कर आरती उतारी।

**ये लोग रहे मौजूद**-क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री पूर्व सांसद सुरेन्द्र सिंह ठाकुर पूर्व विधायक जोधाराम गुर्जर पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह राठौड़ पूर्व विधायक ब्रह्मा नंद रत्नाकर प्रदेश कांग्रेस महासचिव अवनीश भार्गव नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती तनुश्री कुलदीप सिंह राठौड़ जनपद अध्यक्ष श्रीमती लता कुबेर सिंह गुर्जर रामलीला कमेटी अध्यक्ष गणेश गिरी गोस्वामी वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश शर्मा वरिष्ठ समाज सेवी दीपक दुबे हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष सुनील धाकड़ सहित बड़ी संख्या में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए लोग मौजूद थे।।

# एक नजर...

## विजयदशमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया

**खरगोन जिला ब्यूरो चीफ**

नांद्रा - ग्राम एवं आसपास के क्षेत्र में विजयदशमी पर्व उत्साह के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया द्य रावण दहन समिति के विजयदशमी पर्व मनाने के लिए जोरदार तैयारी की गई सुबह गरबा मंडलों के द्वारा पांडालों में विराजित गरबा के साथ ज्वारों का नदी में विसर्जन किया गया द्य शाम को श्री राम मंदिर चौक से ग्राम पटेल टिकम परिहार के सानिध्य में एक जुलूस ढोल ताशे के साथ दशहरा जीतने के लिए गांव के पास स्थित नाग मंदिर तक निकाला द्य जहां गांव पटेल ने पूजा अर्चना के बाद जुलूस हनुमान मंदिर , शीतला माता, एवं श्री राम मंदिर पहुंचकर जयकारे लगाए द्य इसके बाद रावण दहन समिति ने श्री राम मंदिर चौक से राम लक्ष्मण जानकी के कलाकारों से सजी शोभायात्रा निकाली द्य जो बस स्टैंड से होते हुए गड़ी के हनुमान मंदिर से वापस बाजार चौक स्थित दशहरा मैदान पर पहुंची द्य जहां समिति ने आकर्षक आतिशबाजी का प्रदर्शन किया इसके बाद रावण के पुतले का दहन किया गया द्य तथा ग्रामीणों ने एक दूसरे को सेम ( सोना)की पत्तियां देकर विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं द इसी प्रकार ग्राम गढी के ग्रामीणो ने पटेल नरेन्द्र राठौर के सानिध्य में पथराड़ फाटे तक जुलुस निकालकर केवलराम वर्मा के खेत में पुजा अर्चना कर दशहरा पर्व मनाया।


## जिला कलेक्टर से गरीबों ने लगाई न्याय की गुहार, हमारे साथ इंसाफ करे प्रशाशन



**प्रवीण गौतम**
**केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो चीफ मैहर**

मैहर/ नगर पालिका अध्यक्ष पति संतोष सोनी और सीएमओ लाल जी ताम्रकार के दोहरे चरित्र के कारण गरीबों का जीना हुआ मुश्किल।जानकारी के मुताबिक मैहर रेलवे स्टेशन के पास कई वर्षो से दिन रात मेहनत कर दो वक्त की रोटी कमाने वाले गरीबी के लिए जल्लाद बने सीएमओ ने एक बार फिर प्रहार किया है। जब मैहर ज़िला बना तो शहर में यातायात व्यवस्था के नाम पर जिम्मेवारो ने सड़क किनारे गोमती में चाय- नाश्ता बेचने वाले गरीबी को अवैध अतिक्रमण कब्जाधारी बताकर अत्याचार की हदें पार करते हुए खूब जुल्म ढाया। इसी कड़ी में रेलवे स्टेशन के रैन बसेरा ग्राउंड की बाउंड्री वॉल के पास दर्जनों गरीब अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे थे। लेकिन शहर की यातायात व्यवस्था और शहर को सुन्दर स्वच्छ बनाने की मुहिम का सन्देश देने को लेकर तन्त्र ने गरीबों पर गाज गिरा दिया। इसके बाद गरीबों को रेलवे स्टेशन के पास से हटा दिया और रैन बसेरा ग्राउंड के अंदर उनके चाय-नाश्ता की गोमती और ठेलो को यह कहकर लगवा दिया गया की अब यहां आराम से जीवन यापन करो। जहां गरीबों ने सोचा की चलो एक वक्त का भोजन पारिवार को यहां से चाय- नाश्ता बेचकर खिला लेंगे। लेकिन कहते है हमेशा जब भी दुःख की कोई शुरुआत होती है तो सिर्फ़ गरीबों से होती है और हुआ भी यही एक बार फिर गरीबों को वहा से हटाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष पति संतोष सोनी ने प्रर्दशनी मेला लगाने के लिए उक्त स्थान दे दिया है। ऐसे में अब सवाल उठता है की जिसके रहने के झोपड़ पट्टी वाला घर भी नही वह गरीब कहा जाएंगे। अगर साफ़ तौर कहा जाए की मैहर में गरीबों के लिए कोई जगह नही या फिर भू माफिया संतोष सोनी की मानसिकता हो चुकी है की गरीबों को तकलीफ़ देंगे चाहे जो भी जाए। बहरहाल देखने लायक जरूर होगा की ज़िला कलेक्टर श्री रानी बाटड और गरीबों के प्रति क़दम से क़दम मिलाकर चलने के लिए तत्पर रहने वाले विधायक श्री कांत के चतुर्वेदी क्या गरीबों का साथ देंगे या फिर नही

## 19 अक्टुबर को होगा कीर्तिमान का कवि सम्मेलन, शिरकत करेंगे विष्णु व सबीना अदीब




**प्रवीण गौतम**
**केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ**

मैहर7मैहर की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था कीर्तिमान की 43 वी प्रस्तुति अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 19 अक्टूबर 2024 रात्रि 8¬30 बजे बाबा उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम मे देशभर के मशहूर कवि गीतकार एवं हास्य व्यंगकार शिरकत करेंगे जिसमे डॉ प्रवीण शुक्ल के संचालन मे डॉ विष्णु सक्सेना ( रेत पर नाम लिखने से क्या फायदा ), सबीना अदीब ( जो खानदानी रहीस है मिजाज नर्म रखते है अपना ), कमेलश शर्मा, अभय सिंह, सर्वेश अस्थाना, हेमन्त पांडेय द्वारा काव्य पाठ किया जायेगा।

## विजयदशमी का पावन पर्व शांतिपूर्ण तरीके से हुआ संपन्न मैहर पुलिस का आभार - पंकज कुशवाहा



जिलेभर में असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयदशमी का त्यौहार बड़े धूमधाम तरीके से मनाया गया जिसको लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी चल समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था जिसकी वजह से भारी संख्या पर लोगों का एक स्थान पर एकत्र होने की स्थिति निर्मित होती है जिसके बाद मैहर पुलिस के द्वारा तमाम आयोजनों पर अपनी पैनी नजर बनाए रखी गई और बिना किसी विवादित स्थिति के विजयदशमी का पर्व संपन्न कराया गया जिसको लेकर पंकज कुशवाहा के द्वारा मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य, सीएसपी राजीव पाठक ,थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी एवं समस्त थाना प्रभारी एवं पुलिस बल का आभार व्यक्त किया है

# वक्त गुरु सन्त उमाकान्त जी महाराज का सतसंग व नामदान कार्यक्रम शरद पूर्णिमा पर 16-17 अक्टूबर को लखनऊ में, सभी आमंत्रित

### शरद पूर्णिमा में आओ, सोता जीव जगाओ, नाम रतन धन पाओ, काल का जाल छुड़ाओ

लखनऊ (उ. प्र.) निजधाम वासी परम् सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी वक्त के समर्थ सन्त सतगुरु दुःखहर्ता बाबा उमाकान्त जी महाराज द्वारा सतसंग एवं नामदान 16 अक्टूबर 2024, बुधवार, दोपहर 3 बजे से व ध्यान-भजन-सतसंग 17 अक्टूबर 2024, गुरुवार, प्रातः 6 बजे से स्थान- लोनी नदी तट, निकट सैनिक ढाबा, रहमतनगर, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में समय परिस्तिथि अनुकूल होने पर होगा। भारत जैसे धर्म परायण देश में तीज-त्यौहार, अमावस्या, पूर्णिमा कई बार आते हैं परंतु सन्त व सतसंग न मिलने से हम लाभ नहीं उठा पाते। समर्थ गुरु के बिना यह समझ में नहीं आता कि दुनिया का सुख-समृद्धि व मुक्ति-मोक्ष देने वाला परमात्मा इस मनुष्य शरीर में मिलेगा कैसे? देवी-देवता व परमात्मा से कुछ पाने के लिए जो भी तीरथ, व्रत, पूजा-पाठ करते हैं उसका फल मिल नहीं पाता इसलिए जन-जन में बीमारी, घर-घर में लड़ाई-झगड़ा व टेंशन बढ़ता चला जा रहा है। अच्छे बुरे की



जानकारी नहीं होने से बुरे कर्म मनुष्य करता चला जा रहा जिसका फल सूखा, अकाल, बाढ़, भूकंप, लड़ाई-झगड़ा व मानसिक अशान्ति के रुप में कुदरत दे रही है। तकलीफें दूर हो मनुष्य को धन, यश, समृद्धि मिले इसी मनुष्य शरीर के अंदर देवी-देवताओं, परमपिता का दर्शन हो उनकी आकाशवाणी, गुरुवाणी सुनाई पड़े इसके लिए बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी बाबा उमाकान्त जी महाराज अपने मुख्य आश्रम उज्जैन से पधार रहे हैं। सन्त की वाणी है कि- ÷गुरु बिन माला फेरते, गुरु बिन करते दान। गुरु बिन दान हराम है, चाहे पूछो वेद पुराण।।÷ वक्त के समर्थ गुरु पूज्य बाबा उमाकान्त जी महाराज धरती के ऐसे विलक्षण महात्मा है कि जिनके दर्शन करने सतसंग सुनने व अपनी बात कह देने से ही तकलीफों में आराम मिलने लगता है। अतः आप सभी जाति-मजहब के मानने वालो से गुजारिश है कि वक्त से इस प्रोग्राम में परिवार सहित तसरीफ लाकर सुकून-शान्ति व रुह को निजात दिलाने का रास्ता मुर्शिदे कामिल से ले लीजिए। जिंदगी का समय निकलता जा रहा है दोबारा यह इंसानी जामा जल्दी मिलेगा नहीं। सम्पर्क नम्बर 9838831196, 9621594659.

## दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदी में डूबे युवक का दूसरे दिन मिला शव; जरा सी चूक में चली गई थी जान

**दैनिक केशरिया हिंदुस्तान**
**संभागीय ब्यूरो चीफ-पुरषोत्तम साहू**




सागर/देवरी- सागर जिले के देवरी कलां में देवी प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि देवरी कलां थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को देवरी नगर में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।नगर की दुर्गा प्रतिमाएं पास से निकली नदी में विसर्जित की जा रही थी, इसी दौरान नगर के बाजार वार्ड का रहने वाला ललित पटेल पिता जमुना पटेल उम्र 20 वर्ष वार्ड की दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन करने नदी गया हुआ था, जहां प्रतिमा विसर्जन के दौरान वह नदी के गहरे पानी में चला गया तथा डूबने से उसकी मौत हो गई।ललित के पानी में डूबने की सूचना जैसे ही लोगों को हुई तो उन्होंने पानी में उसकी काफी देर तलाश की, लेकिन रात्रि होने की वजह से उसका पता नहीं चल सका। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। दूसरे दिन रविवार को पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों की सहायता से तलाश पुनः शुरू की गई और तलाश के दौरान उसका शव नदी से बरामद हुआ है।

## असत्य पर सत्य की विजय का पर्व मनाया

नागदा - चंद्रशेखर मार्ग के समीप भैरव चौराहा,पालिया रोड पर बनाया गया 17 फुट का रावण, जो बन रहा आकर्षण का केंद्र । दशहरा मैदान स्थित रावण का दहन करने के पश्चात वहां से प्रभु श्री





रामद्धलक्ष्मण , बजरंगबली जी के साथ चंद्रशेखर मार्ग पर स्थित रावण के समीप पधारे और 17 फुट के रावण का दहन किया। रावण दहन के पश्चात चंद्रशेखर मार्ग पर श्री राम जी के जयकारों के साथ भक्तों ने पिपलेश्वर महादेव मंदिर तक ढोल के साथ नाचते गाते विजय उत्सव मनाया व सभी को दशहरे की बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।चित्र में बनाए गए रावण तथा मंदिर प्रांगण में प्रभु श्री राम लक्ष्मण बजरंगबली जी के साथ मोहल्ला समिति है । यह रावण ÷आर्टिस्ट अशोक भैया÷ बिरलाग्राम तथा ÷गजानद कचोरी परिवार÷ के सहयोग से बनाया गया था।

## एमजेएस महाविद्यालय स्टेडियम में 35 फीट ऊंचा रावण कुंभकरण और मेघनाथ के एक साथ तीन पुतले जलाए गए

रावण दहन की लीला को देखने के लिए हजारों लोग स्टेडियम पर एकत्रित हुए धू-धू जल उठे तीनों पुतले

भिण्ड । सत्य पर असत्य की जीत का पर्व विजयदशमी दशहरा के अवसर पर शहर की एमजेएस महाविद्यालय स्टेडियम में एक साथ तीन पुतले रावण का 35 फीट ऊंचा और कुंभकरण और मेघनाथ के पतले का दहन किया गया। सदर विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने ने मुख्य अतिथि के रूप में मर्यादा भगवान श्री परसोत्तम राम,लक्ष्मण हनुमान जी एवं सभी कलाकारों का होली से तिलक माल्यार्पण करते हुए आरती की और सभी शहर वासियों को दशहरे की शुभकामनाएं दी । रामलीला कलाकारों द्वारा रामलीला का सुंदर मंचन रावण वध के साथ राम रावण युद्ध किया गया इसी तरह जब विमिस्र ने कहा की है प्रभु श्री राम यह दशानंद रावण की नाभि में अमृत कुंड है इसमें एक साथ 31 बाद मारिए और वह है अपने आप नाही का अमृत सुख कर वह समाप्त हो जाएगा श्री राम जी ने एक साथ 31 बाद मार कर रावण का वध किया और लंका पर विजय प्राप्त करते हुए राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न मां सीता जानकी एवं हनुमान नल और नील अनगडमिशन अयोध्या के लिए उनकी विदाई करने के लिए साथपहुंचे । विधायक श्री कुशवाह ने रामलीला मंचल से पूर्व श्री राम लक्ष्मण हनुमान जी के साथ शमी पूजन किया। यह कार्यक्रम नगर पालिका परिषद की जल संयोग से आयोजित किया गया।

## आंगनबाड़ी केंद्र में घुसा गुहेरा, बच्चे में मची अफरा-तफरी, सर्प मित्र ने पकड़कर जंगल में छोड़ा

**दैनिक केशरिया हिंदुस्तान**
**संवाददाता-सविता विश्वकर्मा**

दमोह/जबेरा- दमोह जिले की जबेरा तहसील के ग्राम सिंग्रामपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक में शुक्रवार दोपहर एक जहरीला गुहेरा घुस गया, जिससे बच्चों में दहशत फैल गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने तुरंत स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी दी और सर्प विशेषज्ञ मुकेश नाथ को बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद गुहेरा को पकड़कर जंगल में छोड़ा गया, जिसके बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बच्चों ने राहत की सांस ली।यह घटना चिंताजनक है क्योंकि यह आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हालत में है, और सप्ताह भर में यह दूसरी घटना थी जब एक जहरीला जीव केंद्र में घुसा। इससे पहले भी एक जहरीला सांप केंद्र में घुस आया था। आंगनबाड़ी केंद्र के पास खेतीहर भूमि होने की वजह से वहां जहरीले जीव-जंतु बार-बार निकल रहे हैं। सर्प मित्र मुकेश नाथ ने बताया कि यह जहरीला गुहेरा काफी समय से आंगनबाड़ी केंद्र के पास ही छिपा हुआ था। सौभाग्य से उस दिन पास के प्राइमरी मिडिल स्कूल की छुट्टी थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया।सिंग्रामपुर के निवासी आशीष राय ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरण जैन ने उन्हें फोन करके गुहेरा निकलने की सूचना दी, जिसके बाद सर्प मित्र को बुलाकर उसे पकड़ा गया। इस दौरान वहां बड़ी संख्या में ग्रामीण भी गुहेरे को देखने के लिए एकत्र हो गए थे। इस घटना ने आंगनबाड़ी केंद्र की जर्जर स्थिति और सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# 17 साल से प्रयागराज जाकर कर रहे देवी प्रतिमा का विसर्जन इस बार भी प्रतिमा लेकर हुए रवाना

**दैनिक केशरिया हिंदुस्तान**
**संभागीय ब्यूरो चीफ-पुरषोत्तम साहू**



दमोह/कुम्हारी दमोह जिले के भदौली गांव में विराजमान देवी प्रतिमा का विसर्जन गांव के लोग प्रयागराज गंगा नदी में जाकर करते हैं। यह अनूठी परंपरा 17 साल से अनवरत जारी है। 2007 से शुरू हुआ यह क्रम आज भी जारी है। हर साल दशहरा के अगले दिन गांव के कुछ लोग देवी मां की प्रतिमा को दमोह से ट्रेन में प्रयागराज ले जाकर पूरे विधि-विधान से उनका विसर्जन करते हैं। बीच में कोरोना काल के दो साल ग्रामीण प्रतिमा को प्रयागराज नहीं ले जा पाए थे। इसलिए कुम्हारी के पास व्यारमा नदी में देवी मां की प्रतिमा का विसर्जन किया गया था।आयोजक समिति में शामिल कृपाल सिंह राजपूत ने बताया कि जिले भर में ग्रामीण क्षेत्रों में देवी मां की प्रतिमा की स्थापना धूमधाम से की जाती है। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए हम सभी ग्रामीणों ने अपने गांव में देवी मां की प्रतिमा की स्थापना 2006 में शुरू की। पहले साल गांव के पास ही एक कुंड में मां की प्रतिमा को विसर्जित किया गया, लेकिन अगले साल यह तय किया कि अब से प्रतिमा का विसर्जन गंगा नदी में किया जाएगा और इसके लिए हम सभी ने प्रयागराज क्षेत्र को चुना। 2007 से लगातार गांव के सभी लोग देवी मां की आराधना करते हैं और प्रतिमा का विसर्जन प्रयागराज में करते हैं। इस बार भी हम सभी लोग रविवार की सुबह प्रतिमा को लेकर प्रयागराज के लिए निकले !गांव के युवा सोनू राजपूत ने बताया कि मेरे पिता और गांव के कुछ लोग प्रतिमा लेकर प्रयागराज के लिए ट्रेन से जा रहे हैं। रात तक वहां पहुंच जाएंगे और अगले दिन सोमवार को विधि-विधान से देवी मां की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। दमोह रेलवे स्टेशन पर भी लोगों ने देवी प्रतिमा के दर्शन किए।

# मिशन शक्ति अभियान-महिला सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

आगरा। मदरसा मोइनुल इस्लाम शाहगंज आगरा में उत्तर प्रदेश पुलिस के सहयोग से थाना शाहगंज आगरा के संरक्षण में मिशन शक्ति के अंतर्गत मदरसे की छात्राओं को तथा क्षेत्रीय महिलाओं को प्रशिक्षित एवं जागरूक करने के उद्देश्य से एक भव्य कार्यक्रम जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नीलिमा सिंह के सहयोग से आगरा के समाज सेवी सगीर अहमद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ

जिस में पुलिस विभाग के अधिकारियों ने मदरसे की छात्राओं और क्षेत्रीय महिलाओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया और जागरूक किया। मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना शाहगंज पुलिस और महिला सुरक्षा टीम ने मदरसा मोइनुल इस्लाम में छात्राओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।मदरसा मोइनुल इस्लाम में बाल श्रम उन्मूलन, बाल विवाह आदि की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। उन्होनें सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना ,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि योजनाओं के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई। इसके साथ ही उनके द्वारा महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध घरेलू हिंसा, बाल विवाह दहेज उत्पीड़न, तीन तलाक आदि की रोकथाम हेतु हेल्पलाइन नंबर 181 बालिकाओं के साथ छेड़खानी हेतु हेल्पलाइन नंबर 1090 , चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 आदि के बारे में अवगत कराया गया।कार्यक्रम में महिलाओं ने एवं छात्राओं ने विभिन्न का प्रकार के प्रश्न करके पुलिस अधिकारियों से उत्तर प्राप्त कर के संतुष्ट नजर आई महिलाए। इस अवसर पर थाना शाहगंज पुलिस की टीम, छात्र छात्राएं एवं क्षेत्र की महिलाए व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



# गर्रोली रामलीला का आयोजन 21-22 बर्ष बाद हुआ शुरू

नौगॉव//गर्रोली मैं लगभग 21-22 वर्ष बाद फिर से रामलीला का आयोजन शुरू हुआ। जिससे समस्त क्षेत्र बासियो में हर्ष उल्लास एवं प्रसन्नता बनी हुई है। लगभग 75-80 सालों से रामलीला का आयोजन निरंतर चल रहा था लेकिन किन्ही कारणों बस 21-22 साल पहले रामलीला का मंचन बंद हो गया था, इस बार रामलीला कमेटी गर्रोली एवं सरपंच प्रतिनिधि समाजसेवी रूपेंद्र तिवारी के अथक प्रयासों द्वारा फिर से रामलीला का मंचन शुरू हो गया है। जिससे समस्त क्षेत्र बासियो में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है रामलीला के इसी क्रम में आज लक्ष्मण जी ने सूर्पनखा की नाक काटी, एवं खरदूषण बध और रावण द्वारा सीता हरण का मंचन किया गया। रामलीला प्रांगण में नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की स्थापना भी की गई है। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु आरती के समय उपस्थित रहते हैं। एवं दर्शन करने आते हैं रामलीला के मंचन के दौरान कहीं कोई घटना ना हो इसलिए पुलिस बल मौजूद रहता है।



# धर्मनगर से बड़ी खबर एक्सईएन ने योगाचार्य बनकर बच्चियों को छेड़ा, लोगों ने जमकर की पिटाई,पुलिस को भी कालोनी में बनाया बंधक। महापौर बिनोद अग्रवाल के खिलाफ जमकर की नारे बाजी,

### पुलिस में आरोपी को गिरफ्तार किया मुकदमा दर्ज निलंबन की कार्रवाई जारी

उत्तर प्रदेश प्रगतिशील भारत 11 अक्टूबर मथुरा जनपद के थाना गोविंद नगर अंतर्गत शहर की पॉश राधा कालोनी में बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि यहां रह रहे निर्माण निगम के एक्सईएन ने खुद को योगाचार्य बताते हुए बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ की। इस पर यहां के लोगों ने उसे पकड़कर बुरी तरह से पीटा,राधा आर्चिड में बृहस्पतिवार की रात यह हंगामा हुआ। महापौर विनोद अग्रवाल के फ्लैट में रह रहे एक्सईएन को लोगों ने पकड़ लिया और पिटाई शुरू कर दी। आरोप है कि पार्क में खेल रही बालिकाओं को उसने अपने पास बुलाया। खुद को योगाचार्य बताकर लंबाई नापने के बहाने उनके साथ अश्लील हरकतें करने लगा।यह सब देख रही दूसरी बच्ची घबराकर घर पहुंची और परिजन को पूरी बात बताई। इस पर आरोपी को परिजनों ने पीटकर पुलिस को सौंपा गया। साथ ही महिलाओं ने महापौर के आवास पर हंगामा किया और महापौर के विरोध में नारे लगाए। महापौर पर एक्सईएन को सपोर्ट करने का आरोप लगाया। इसे लेकर महिलाओं की महापौर से झड़प भी हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार महापौर घटना को गंभीरता से नहीं ले रहे थे, महापौर के आवास पर हंगामा करने के बाद आक्रोशित महिलाओं ने कार्रवाई की मांग को लेकर मसानी मार्ग पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस का भी महिलाओ ने जमकर विरोध किया।पुलिस को कालोनी के भीतर गेट का ताला लगाकर बंद कर दिया गया और बाहर जाम लगाया गया। देर रात तक थाने पर भीड़ जमा थी और आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रही थी। महापौर ने कुछ दिन के पहले अपना फ्लैट एक्सईएन को रहने के लिए दिया था। यह एक्सईएन हाल ही में अयोध्या से स्थानांतरित होकर मथुरा आया है । महापौर विनोद अग्रवाल का भी घर इसी कॉलोनी में है, पुलिस में कॉलोनी के अधिकारियों से तैयारी लेकर मुकदमा दर्ज कर दिया है आरोपी को पुलिस रियासत में जिसे जेल भेजा जाना है मामले की जांच गहराई से की जा रही है मौके की स्थिति को पुलिस ने काबू कर लिया है किसी प्रकार की अप्रिय घटना कार्य नहीं हो सके मौके पर कॉलोनी वासी सहित हजारों लोगों इकट्ठा हो गए मौके की नजाकत तो देखते हुए अप्रिय घटना घटित होने से प्रशासन ने राहत की सांस ली है

# कलेक्टर ने छात्रावास की बच्चियों को कराया कन्या भोज जिलेवासियों को दशहरा पर्व की दी शुभकामनाएं



छतरपुर //जिले में नवरात्रि धूमधाम से मनाई जा रही है। विभिन्न स्थानों पर कन्या भोज एवं भण्डारों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही भक्तिभाव से श्रृद्धालुओं द्वारा देवी प्रतिमाओं की स्थापना कर आराधना की जा रही है। तदुपरांत देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

शुक्रवार को नवमी के दिन कलेक्टर बंगले पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने सपत्नीक कन्या पूजन कर जनजातीय कार्य विभाग के जूनियर कन्या छात्रावास एवं आश्रम की बच्चियों को कन्या भोज कराया और उपहार भेंट किए। इस अवसर पर बच्चियों में काफी उत्साह दिखा। कलेक्टर ने जिलेवासियों को नवरात्रि एवं दशहरे पर्व की शुभकामनाएं देते हुए जिले की उन्नति और विकास की कामना व्यक्त की। इस दौरान डीईओ जनजातीय कार्य विभाग की प्रियंका राय सहित छात्रावास की अधीक्षक मौजूद रहीं।

# आगरा में मिशन शक्ति फेज 5 के तहत एक अनोखी पहल



आगरा मे मिशनशक्ति फेंज 5 के तहत एक अनोखी पहल हुई है, जहां आगरा पुलिस कमिश्नर के आदेश पर थाना कोतवाली में जुमी खान को एक दिन के लिए थानेदार बनाया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया और जुमी खान ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग भी की। जुमी खान ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह उत्तर प्रदेश और आगरा पुलिस का एक सराहनीय कार्य है जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अच्छी पहल है यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति फेज 5 का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें समाज में समान अधिकार दिलाना है ख। इस पहल के तहत विभिन्न जिलों में महिलाओं को एक दिन के लिए जिलाधिकारी और थानेदार बनाया जा रहा है, ताकि उन्हें प्रशासनिक कार्यों का अनुभव हो सके और वे समाज में अपनी भूमिका को मजबूती से निभा सकें।

# विधायक प्रीतम सिंह ने किए हितग्राहियो को पट्टे वितरण

### 30 वर्ष के लिए आवासहीन 74 पात्र हितग्राहियो को किये पट्टे वितरण

पिछोर (शिवपुरी) मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शहरी भू अधिकार योजना 2023 के अंतर्गत आवास हीन हितग्राहियों को क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा पिछोर रेस्ट हाउस पर पट्टे वितरण किये गये ! विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा 11 अक्टूबर शुक्रवार को रेस्ट हाउस पिछोर पर 74 आवासहीन पात्र हितग्राहियों को 30 वर्ष तक के लिये पट्टे वितरण किए गए, जिनके पास रहने के लिए आवास भी नहीं था,विधायक ने कहा कि हमारी सरकार आवासहीन गरीबों को आश्रय उपलब्ध कराने



के लिए कृत संकल्पित है आज जिनके पास रहने को झोपडी तक नहीं है ऐसे लोगों के लिये हमारी मोहन सरकार मुख्यमंत्री शहरी भू अधिकार योजना 2023 के तहत 750 वर्ग फीट क्षेत्र का पट्टा दे रही है इस पट्टे से आपको काविज भूमि पर रहने का अधिकार है तथा इससे आबास योजना मे आवास योजना की पात्रता रहती है ओर यदि आप बैंक आदि मैं ऋण लेना चाहते हो तो उसमे भी यह आपका दस्तावेज महत्वपूर्ण है ! यह पट्टा आप सभी हितग्राहियों को 30 वर्ष के लिये दिया जा रहा है, इस पट्टे के माध्यम से आप लोग कुटीर स्वीकृत करा सकते हैं ! जिसका लाभ पूरा परिवार ले सकता है ! इस मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद शर्मा तथा राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे !वही विधायक द्वारा बामोर डमरोंन से पतंऊ की ओर जाने वाली सीसी रोड का किया भूमि पूजन जानकारी के अनुसार विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा 11 अक्टूबर शुक्रवार को एप्रोच सड़क निर्माण कार्य बामोर डामरोन से लेकर मजरा पतंऊ तक का सीसी रोड का भूमि पूजन किया गया ! जिसकी लागत 49 लाख रुपए है इस मौके पर ग्रामीण वासियों द्वारा विधायक के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए सराहना की एवं आभार व्यक्त किया गया जहां बामोर डामरोंन से पतंऊ की ओर आने जाने की समस्या थी वह आज सड़क के माध्यम से पूरी होगी ! इस मौके पर बामोर भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण बिहारी गुप्ता, पवन पांडे, दीपक यादव, दिलीप मिश्रा आदि उपस्थित थे !

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा कर निराकरण के दिए निर्देश



शिवपुरी,/ कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों तथा जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें।बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने सीएम हेल्पलाइन 181 की शिकायतों के समीक्षा के दौरान कहा कि राजस्व अधिकारी इस बात पर ध्यान दें कि किस पटवारी हल्के से अधिक शिकायत प्राप्त हो रही हैं। जिस पटवारी हल्के से अधिक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उस हल्के से संबंधित पटवारी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। समस्त राजस्व अधिकारी 50 दिन पूर्व के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करें।कलेक्टर चौधरी ने समीक्षा बैठक में खाद्यान्न प्रकरण, सीमांकन प्रकरण, नामांतरण प्रकरण, खसरे की नकल प्रकरण, बीपीएल कार्ड, पीएम आवास, प्राकृतिक प्रकोप की प्रकरण, रास्ता विवाद प्रकरण, अनुकंपा पेंशन, नक्शा सुधार, नकल प्रकरण, सर्पदंश, वन्य प्राणी से फसलों का नुकसान, भू अधिकार ऋण पुस्तिका, फसल गलत चढ़ाने से संबंधित आदि प्रकरणों की समीक्षा

# कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ



आगरा जनपद के तहसील एत्मादपुर क्षेत्र के गांव बैनई कला में श्री भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ 11 अक्टूबर शुक्रवार को कलश यात्रा निकालकर किया गया पूरे गांव में प्रभात फेरी निकाली गई।भागवत सप्ताह में सरस कथा वाचक श्री सत्यदेव भारद्वाज अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराएंगे। इस कथा का आयोजन समस्त ग्राम बैनई कला निवासियों के माध्यम से कराया जा रहा है।

# तिलक लगा चुनरी ओढ़ाकर पुलिस ने किया कन्या पूजन



आगरा। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस एवं दुर्गा अष्टमी के अवसर पर पुलिस ने झुग्गी झोपड़ियां में रहने वाली बालिकाओं का कन्या पूजन कर उनको सुरक्षा का भरोसा दिलाया। सदर तहसील के सामने झुग्गी झोपड़िया में रहने वाले परिवार लोगों के मकान दुकान पर नींबू मिर्च बांधकर नजर उतारने का काम करते हैं। बच्चे भिक्षावृत्ति करते हैं। इनमें से कुछ बच्चे पढ़ाई लिखाई कर रहे हैं। इन बच्चों ने चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट नरेश पारस के मार्गदर्शन में पुलिस के साथ कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराया।मानव तस्करी निरोधक थाना प्रभारी हेमलता ने बालिकाओं को तिलक लगाकर चुनरी उढ़ाई और उनको अपने हाथ से भोजन कराया। मिठाई खिलाई। समुदाय के बच्चों में शेर अली खान दानिश और राशिद ने कन्याओं के परात में पैर धोए और उनका पूजन किया। थाना प्रभारी ने बच्चों के साथ-साथ उनके परिजनों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया और आत्मसम्मान के साथ जीने की लिए प्रेरित किया। कहा कि ऐसे बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है।चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट नरेश पारस ने कहा की झुग्गी झोपड़ियां में रहने वाले बच्चों का पुलिस के प्रति भय निकालना जरूरी है। समय-समय पर इन बच्चों का पुलिस के साथ संवाद कराया जाएगा। यह बच्चे समाज की मुख्य धारा से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं। धीरे-धीरे समाज की परंपराओं को भी अपना रहे हैं। समाज को भी इन्हें खुले मन से स्वीकार करना चाहिए। थाना प्रभारी के साथ हेड कांस्टेबल चालक प्रवीण कुमार, कांस्टेबल विवेक बालियां एवं विष्णु आदि मौजूद रहे।

# बरहन पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत गायब बच्चे को 20 मिनट में ढूंढ निकाला



आगरा जनपद के थाना बरहन क्षेत्र में थाना पचोकरा क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी विजय कुमार का पुत्र नव्यंश कस्बा बरहन में बाजार में गुम हो गया था इसकी शिकायत थाना बरहन पुलिस से की गई तो थाना प्रभारी बरहन उदयवीर सिंह ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत 20 मिनट में खोज कर बच्चों को बाबा सीरध्वज पुत्र लखमीचंद निवासी एटा सलेमपुर फिरोजाबाद को सुपुर्द किया गया

# प्रेम सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार-पवन भड़ाना,



आगरा। चौकी प्रभारी नीति बाग थाना ताजगंज कमिश्नेरेट आगरा पवन भडाना ने दशहरे की शुभकामनाये देते हुए आगामी त्योहारों के दौरान क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने का आहबान चौकी क्षेत्र के सभ्रान्त लोगो से किया है पवन ने दशहरा,दीपावली, आदि त्यौहरो को सकुशल एवं शन्ति पूर्वक ड़ंग से मनाने की अपील के साथ कहाँ लोग गंगा-जमुनी तहजीब का परिचय देते हुए आपस में मेल-मिलाप प्रेम-सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहारों को मनाएं।नगर निगम,जलकल,टोंरट अधिकारियों से साफ सफाई, शुद्ध पेयजल एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की इंतजाम के साथ उन्होंने कहा कि सभी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए हम हमराओ के साथ पूरी तरह मुस्तैद है त्योहारों के दौरान अराजक तत्वों पर कड़ाई से कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी चौकी क्षेत्रबासी शांति एवं आपसी भाईचारे के साथ एक दूसरे की पसन्द को ध्यान में रखते हुये त्योहारों को शान्तिपूर्ण ढंग से मनायें। इंटरनेट एवं सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की भ्रामक पोस्ट ना डाली जाए और ना ही उसे फॉरवर्ड किया जाए। उन्होंने किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों को मनाने में किसी प्रकार की नई परंपरा शुरू नही करने दी जायेगी उन्होंने धर्मगुरूओं व संभ्रान्त व्यक्तियों से पुलिस प्रशासन का सहयोग विभिन्न धर्मी समाज के लोगों से सहयोग व शान्ति की अपील की है।पवन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति दिन रात्रि को क्षेत्र व भीड़भाड़ बाले बाजारो मे गस्त कर आम जनमानस से शन्ति सौहार्द की अपील त्योहार सौहार्दपूर्वक मनाये जाने हेतु प्रसाशन ने पूर्ण तैयारी कर ली है। सोशल बर्कर मेराजउद्दीन,बिनोदकुमार बौद्ध,अलीशेरअब्बास,दिलीप सेठिया,आदि क्षेत्रवसियो ने पवन भड़ाना के कार्यो की प्रंशसा करते हुए बताया कि उपनिरीक्षक पवन भड़ाना के कार्यभार संभालने के बाद नीति बाग चौकी का सौदर्याकरण लगातार जारी है।

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर,सोमवार 14 अक्टूबर 2024 खबरें बेबाक, बेखौफ बेझिझक



# शाहडोल पुलिस द्वारा विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र एवं वाहन पूजा का आयोजन सम्पन्न



शहडोल। शनिवार को विजयादशमी के शुभ अवसर पर पुलिस लाईन शहडोल में परंपरागत शस्त्र पूजा और हवन पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें शहडोल जिले के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विधिविधान से हवन एवं पूजन किया गया। इस बार उक्त कार्यक्रम को लोक माता अहिल्याबाई के 300वें जन्मजयंती वर्ष के अवसर पर नारी शक्ति के सम्मान में समर्पित किया गया। उक्त अवसर पर श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक जयसिंहनगर, पुलिस महानिरीक्षक शहडोल अनुराग शर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक सुश्री सविता सोहाने, कलेक्टर शहडोल केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक, अति. पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, एसडीएम सोहागपुर अरविंद शाह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री अंजली रमेश, उ.पु.अ. मुख्या. राघवेन्द्र द्विवेदी एवं रक्षित निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह कुशवाह शामिल रहे। इसी प्रकार जिले के सभी थाना चौकियों में भी विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र और पुलिस वाहनों का विधिवत पूजन किया गया। पूजन उपरांत उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं और समाज में शांति एवं सद्भाव की कामना की।

# स्वच्छता में महत्वपूर्ण सहयोग के लिए मनोज टी.वी.एस को प्रथम पुरस्कार से किया गया सम्मानित



शहडोल। शनिवार को विराट दशहरा उत्सव समिति के द्वारा आयोजित विजय दशहरा पर्व के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी इस दौरान किया गया एवं रामलीला का मंचन भी इस दौरान किया गया रामलीला व रावण दहन देखने हजारों की संख्या में लोग इस दौरान मैदान में उपस्थित रहे। शहडोल विराट दशहरा उत्सव समिति द्वारा पांडव नगर पॉलिटेक्निक मैदान में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद शहडोल द्वारा स्वच्छ प्रतिष्ठान व स्वच्छता में पूर्ण सहयोग के लिए मनोज टी.वी.एस. शहडोल के संचालक मनोज गुप्ता को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया यह सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारी शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह विधायक श्रीमती मनीषा सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया यह पुरस्कार मिलने पर मनोज टी.वी.एस परिवार को इस उपलब्धि पर उनके इष्ट मित्रों परिवार जनों एवं उनके चाहने वालों सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।


### संभागीय मुख्यालय शहडोल में पारम्परिक हर्सोल्लास से मनाया गया दशहरा पर्व

# मुख्य समारोह में जनप्रतिनिधियों ने दी नागरिकों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं



शहडोल। संभागीय मुख्यालय शहडोल में विजयदशमी का पर्व पारम्परिक हर्सोल्लास से मनाया गया। विजयदशमी का मुख्य समारोह पॉलीटेक्निक कालेज के मैदान में आयोजित किया गया, जहां अजय रामलीला मंडल सोहागपुर द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। तत्पश्चात रावण कुम्भकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। समारोह में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, अध्यक्ष नगरपालिका शहडोल घनश्याम जायसवाल ने अपने विचार व्यक्त किए तथा नागरिकों को विजयदशमी की शुभकामनाएं दी। समारोह में स्वच्छता के क्षेत्र में योगदान देने वाले नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष नगरपालिका प्रवीण शर्मा (डोली), समाजसेवी कमल प्रताप सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, प्रकाश जागवानी, श्रीमती उर्मिला कटारे, श्रीमती सत्यभामा गुप्ता, एवं पार्षदगण सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शहडोल संभाग के वरिष्ठ उद्घोषक दिलीप अग्रवाल ने किया।

# दुर्गा प्रतिमा झांकी विसर्जित करने गये युवक की डूबने से हुई मौत



शहडोल। रविवार दोपहर ग्राम भन्नी निवासी शिवम् पयासी पिता इन्द्रमणि पयासी उम्र 22 वर्ष सोन नदी में ग्राम भन्नी की दुर्गा प्रतिमा झांकी विसर्जित करने अपने गांव के साथियों के साथ गया था। दुर्गा प्रतिमा विसर्जित करते समय उसका पैर फिसलने से वह नदी में डूब गया। इससे पहले कि उसके साथी उसे पक? पाते वह मौत की आगोश में समां गया। हालाकि जैसे ही वह पानी में गिरा वहाँ मौजूद उसके साथियों ने उसे बचाने का प्रयास शुरू कर दिया और कुछ ही देर में उसे बाहर भी निकाल लिया, लेकिन तब तक उसके प्राण निकल चुके थे। हालाकि जिस स्थान पर युवक डूबा था, वहाँ पर काफी कम पानी होना बताया जा रहा है लेकिन अचानक पैर फिसलने से वह संभल नहीं पाया औऱ्य हृदय विदारक हादसा हो गया। कुछ देर पहले जिन दोस्तों के साथ वह माँ दुर्गा के जयकारे लगा रहा था, उसकी साँसे वहीं थम गयी। घटना के बाद शव को पुलिस द्वारा पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया गया। इस सम्बन्ध में जब थाना प्रभारी डी के दाहिया से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान यह हादसा हुआ। वहाँ पर नाम मात्र का पानी था लेकिन अचानक हुए हादसे के कारण वह संभल नहीं पाया। घटना के बाद साथियों ने उसे कुछ ही देर में बाहर निकाल लिया था लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# गाड़ी चोरी करने गए दो साथियों के साथ भागने की हड़बड़ी में साथी ने ही गाड़ी से कुचल दिया



शहडोल। मध्यप्रदेश के शहडोल से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक चोर को चोरी की गाड़ी ने ही कुचल कर मार डाला। घटना शहडोल के ब्यौहारी की है जहां गोदावल रोड पर ये घटना उस वक्त हुई जब तीन चोर एक पिकअप गाड़ी चोरी कर रहे थे। तीनों ने गाड़ी तो चुरा ली लेकिन भागने की हड़बड़ी में चोरी की गाड़ी से एक चोर ने अपने ही साथी चोर को कुचल दिया। पुलिस ने पूरी जानकारी देते हुए बताया कि मृतक का नाम प्रवीण लोनी है जो अपने दो अन्य साथियों कार्तिक लोनी और बबलू लोनी के साथ गोदावल रोड पर पिकअप वाहन चुराने पहुंचे थे। तीनों ने एक पिकअप वाहन चुरा भी लिया लेकिन हड़बड़ी में भागते वक्त प्रवीण लोनी को चोरी का पिकअप चला रहे साथी ने टक्कर मार दी और कुचल दिया। घायल प्रवीण को दोनों साथी घायल हालत में मौके पर ही छोड़कर भाग गए थे। जिसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि जैसे प्रवीण गाड़ी के नीचे आया उसके दोनों साथी घबरा गए और उन्होंने चुराई हुई गाड़ी वहीं पर छोड़ी और प्रवीण को घायल हालत में वहीं पर छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने बाद में दोनों आरोपियों कार्तिक लोनी और बबलू लोनी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें अदालत में पेश किया गया था जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# आदिवासी नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



शहडोल। आदिवासी बाहुल्य जिले शहडोल में आदिवासी नाबालिग किशोरी से शादी का झांसा देकर एक ट्रक ड्राइवर ट्रक में घुमा घुमाकर 6 माह तक दुराचार किया। जब युवती गर्भवती हो गई तो उससे शादी करने से इंकार कर दिया। युवती ने मामले की शिकायत धनपुरी थाने में की थी। पुलिस ने दुराचार करने वाले ट्रक ड्राइवर के खिलाफ दुराचार, एसटीएससी पॉक्सो एक्ट की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। घटना के समय उपयोग ट्रक को भी पुलिस ने जब्त किया है। अमलाई थाना क्षेत्र की रहने वाले एक नाबालिग किशोरी से 6 माह पहले अनूपपुर जिले के खम्हरिया ग्राम का रहने वाला ट्रक ड्राइवर मनोज यादव से लखबारिया के मेले में जान पहचान हुई। ड्राइवर मनोज किशोरी से नजदीकियां बड़ा शादी का झांसा देकर धनपुरी थाना क्षेत्र के बंगवार के जंगल में जबरन दुराचार किया। इतना ही नहीं ट्रक ड्राइवर नाबालिग किशोरी को ट्रक में लेकर घुमा घुमाकर जब दुराचार किया, इस दौरान जब किशोरी गर्भवती हो गई, 6 माह के गर्भ ठहरने के बाद जब किशोरी ने मनोज से शादी करने की बात कही तो वो मुकर गया। जिससे आहत होकर युवती ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। आरोपी के विरुद्ध धारा 367,376,(2)(एन) 5एल पास्को एक्ट, 3(2(वी) एसटीएससी के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी एसपी कुमार प्रतीक ने दी।

# नशे के खिलाफ कार्रवाई, नशीली दवाओं के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार



शहडोल/उमरिया। जिले की कोतवाली पुलिस ने नशीली दवाओं के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 88 शीशी कोरेक्स, 870 नग नाइट्रबेट की नशीली गोलियां आदि मिले हैं। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि खेरवा खुर्द और मझगवां के बीच नदी के पास कुछ लोग कार में बैठे हैं, जिनके पास प्रतिबंधित नशीली दवाएं हैं, जिन्हे बेचने के लिए किसी का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर 3 आरोपियों नवीन सोनी, मनीष कुमार पांडेय, प्रफुल्ल को पकड़ा। तलाशी में कार की डिग्गी से प्लास्टिक की बोरी से 88 शीशी कोरेक्स, 870 नग नाइट्रबेट की नशीली गोलियां मिलीं। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय 14 वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता बुड़ार में होने जा रहीं आयोजित

शहडोल। संभाग अंतर्गत बुड़ार में 68वीं राज्य स्तरीय शालेय 14 वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता बुड़ार में आयोजित होने जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ केदार सिंह आईएएस कलेक्टर शहडोल तथा डॉ मोहन पाठक जिला शिक्षा अधिकारी शहडोल सचिव मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए हैं। प्रतियोगिता में 10 संभागों के 16-16 खिलाड़ी सम्मिलित हो रहे हैं। कुल 160 खिलाड़ियों का समागम बुढार धनपुरी के मैदान में होगा। कार्यक्रम का मुख्य समारोह स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम बुड़ार में संपन्न होगा। उद्घाटन समारोह में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहेंगे। क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन 14 अक्टूबर को अपरान्ह 1:00 बजे जयसिंह मरावी, विधायक जैतपुर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक जयसिंह नगर, शरद कोल विधायक ब्योहारी, जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष धनपुरी, नगर पंचायत अध्यक्ष बुढार एवं बकहो तथा जनपद अध्यक्ष बुढार विशिष्ट स्थिति के रूप में उपस्थित रहेंगे। क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बुढार धनपुरी के चार मैदाने में किया गया है स्व. कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम बुड़ार कॉलेज स्टेडियम, कृषि मंडी स्टेडियम मैं आयोजित होंगे बाहर से आने वाले खिलाड़ियों को रोकने की व्यवस्था धनपुरी इनडोर स्टेडियम में स्थित कमरों में किया गया है तथा नेहरू कॉलेज बुढार के छात्रावास में भी रुकने की व्यवस्था है। सभी खिलाड़ियों को आने के लिए बुड़ार स्टेशन पर उतरना होगा। बुढार स्टेशन पर एक कंट्रोल रूम बनाया गया है जहां पर मेडिकल किट के साथ में वाहन उपलब्ध रहेंगे जो खिलाड़ियों को आवास स्थल तक ले जाएंगे। क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में 14 अक्टूबर को अपराह्न 1:00 बजे होगा। उदघाटन कार्यक्रम के दौरान मार्च-पास्ट के पश्चात अतिथियों के उद्बोधन खेल प्रारंभ होगा। क्रिकेट प्रतियोगिता में विशेष अंपायर राकेश त्रिपाठी अपने आठ अंपायर के साथ प्रतियोगिता का निर्णय तथा चयन करेंगे संभागीय कीड़ा अधिकारी रईस खान तथा जिला कीड़ा निरीक्षा के राम रूद्र पटेल के व्यवस्थापन में संपूर्ण खिलाड़ी मैन कैरक्टर के निर्देश और सर खेलपुर्ताओं को संपन्न करवाएंगे क्रिकेट संपन्न कराने हेतु अधिकारी कर्मचारियों का दल लगाया गया है जिनकी मीटिंग आयोजन समिति के सचिव द्वारा बिहार में 11 अक्टूबर को संपन्न किया गया तथा सभी को दायित्व सौंप कर मैदाने का निरीक्षण भी किया गया और आवास का निरीक्षण करके संचित व्यवस्था हेतु निर्देश दिया गया।

## आयुष विभाग द्वारा विभाग के नियमों का किया जा रहा उल्लंघन

भिण्ड। जिला आयुष कार्यालय में विगत वर्ष से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तानाशाही देखने को मिल रही है।आरोप है जिला आयुष कार्यालय में मनमाने तरीके से कार्य किए जा रहे हैं एवं जिला आयुष अधिकारी नीलम कुशवाह के द्वारा तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार किया जाता है कई बार जिसकी शिकायतें वरिष्ठ अधिकारियों को भी की गई मगर अभी तक कोई कार्यवाई जिला आयुष अधिकारी पर क्यों नहीं की गई है।शिकायतकर्ताओं का आरोप है जिला आयुष अधिकारी अपने कर्मचारियों के प्रति भेदभाव व सख्त रवैया अपनाती हैं जिसको लेकर कर्मचारियों ने उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया है फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है बताया जा रहा है की भिण्ड जिला आयुष अधिकारी को नियम विरुद्ध तरीके से प्रभार दिया गया है जिला आयुष अधिकारी के प्रभार के लिए जिस डिग्री का होना आवश्यक है वो डिग्री भिण्ड जिला आयुष अधिकारी नीलम कुशवाह के पास नहीं है बल्कि उनके पास दूसरे केडर की डिग्री बताई जा रही है जबकि जिस डिग्री का होना आवश्यक है वो उनके पास नहीं है तो फिर उनको भिण्ड आयुष अधिकारी का प्रभार कैसे दे दिया गया। साथ ही मिली जानकारी अनुसार भिंड जिला आयुष अधिकारी के द्वारा तानाशाही के चलते किसी भी कर्मचारी को बिना नोटिस दिए उनका वेतन रोक दिया जाता है एवं उनको परेशान किया जाता है जिसकी शिकायतकर्ताओं ने आयुष विभाग के प्रमुख सचिव को भी आवेदन देकर अवगत कराया है साथ ही शिकायतकर्ता ने शिकायत की है कि जिला आयुष अधिकारी नीलम कुशवाह को पैरामेडिकल स्टाफ की न्युक्ति एवं स्थानांतर करने का कोई अधिकार नहीं है फिर भी उनके द्वारा कई किलोमीटर दूर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई जबकि नियम में तो निकटतम केन्द्र पर ड्यूटी लगाने का आदेश है फिर भी मैडम के द्वारा दूर वाले केंद्र पर ड्यूटी लगा दी जाती है यहां सोचना गौरतलब होगा की जिला आयुष अधिकारी के द्वारा इतना भेदभाव कर्मचारियों के साथ क्यों किया जाता है

# एक दिन में केएम के न्यूरो सर्जन ने सफल सर्जरी कर खड़ा किया मरीज, चलकर गया घर

मथुरा ब्यूरो नीरज चतुर्वेदी/दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान



मथुरा। केएम हॉस्पिटल में छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल एक वृद्ध की स्पाइनल ड्यूड़न और डीकंप्रेसन सर्जरी करके न्यूरो सर्जन ने मरीज को नया जीवनदान दिया है। मरीज के परिजनों ने हॉस्पिटल का आभार जताया है।30 सितम्बर को 50 वर्षीय हरिशचन्द्र निवासी मथुरा अपने घर की छत से अचानक गिर गया था, जिसकी वजह से मरीज की रीड़ की हड्डी में चोट और अंदरूनी चोटे आई थी, जिसके कारण मरीज चल नहीं पा रहा था। उसके परिजनों ने केएम हॉस्पिटल में लाकर न्यूरो सर्जरी विभाग में न्यूरो सर्जन डा. संदीप चौहान को दिखाया। मरीज की नसों के दबाव, रीड़ की हड्डी अपना स्थान छोड़ने के कारण व एक गुटके में चोट होने से उसका धड़ के नीचे के हिस्से ने मूवमेंट करना बंद कर दिया था, जिसके कारण वह चल नहीं पा रहा था और दर्द के कारण उसका बुरा हाल था। न्यूरो सर्जन डा. चौहान ने अपनी चिकित्सकीय टीम के साथ स्पाइनल ड्यूड़न और डीकंप्रेसन सर्जरी करके उसे नया जीवनदान दिया है। अस्पताल में वह स्वयं के पैरों से चलकर अपने घर लौट गया है।

डा. संदीप चौहान ने बताया कि हादसे के बाद मरीज की रीड़ की हड्डी का एक गुटके में गंभीर चोटें आई थी और नसों का दबाव इतना बड़ गया था कि वह चल नहीं पा रहा था। स्पाइनल ड्यूड़न और डीकंप्रेसन सर्जरी के बाद एक दिन में वह चलने फिरने लगा है। इस सफलता के लिए केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी, विवि के वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, मेडीकल प्रचार्य डा. पीएन भिसे, एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरपी गुप्ता ने न्यूरो सर्जरी विभाग की टीम को बधाई दी है।

मरीज की सर्जरी के दौरान डा. शरद कुमार रेड्डी ,डा. स्नेहल सिंह, डा. नवसंगीत, डा. आकाश नारा, डा. भूपेन्द्र सिंह, डा. पल्लवी त्यागी व नर्सिंग डिपार्टमेंट से विश्वेन्द्र कुमार यादव मौजूद रहे।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# छावनी दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में आतिशबाजी के बीच हुआ रावण और मेघनाथ के पुतले का दहन


**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सीहोर। शहर के बाल विहार मैदान में हर साल की तरह इस साल भी भव्य रूप से अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक विजयादशमी का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर लगातार तीन घंटे चले इस कार्यक्रम में भगवान श्रीराम के अनेक प्रयास के बाद भी लंकापति रावण को परास्त नहीं कर पा रहे थे। वह अपने अचूक वाणों से रावण का सिर काटते लेकिन पलक झपकते फिर से उसके सिर वापस आ जाते। यह देख विभीषण ने बताया कि रावण की नाभि में अमृत है। इसके बाद भगवान श्रीराम ने रावण की नाभि को लक्ष्य कर बाण चलाया, जिससे रावण का अंत हो गया।असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक



विजयादशमी पर्व शहर में परम्परागत तरीके से मनाया गया। शहर के बालविहार मैदान में छावनी दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में भगवान श्रीराम व अहंकारी रावण के बीच घंटों चले युद्ध के बाद अधर्म व असत्य के प्रतीक रावण का वध सत्य के प्रतीक श्रीराम ने किया। रावण का अंत होते ही चारों दिशाओं मे जय श्रीराम के जयकारे लगने लगे और आतिशबाजी से समूचा मैदान प्रकाशमान हो गया। कार्यक्रम के दौरान भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री भाजपा नेता सुरेश पचौरी, समिति के मुख्य संरक्षक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल अरोरा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अमिता जसपाल अरोरा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, समिति के अध्यक्ष अशीष गहलोत, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, महंत उद्धाव दास, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, पंडित मोहित पाठक, पंडित हर्षित शास्त्री आदि शामिल थे। कार्यक्रम का सफल संचालन मनोज दीक्षित मामा ने किया और अंत में सभी का आभार समिति के संयोजक भाजपा नेता आशीष पचौरी ने प्रकट किया।

## सतना शहर की तीन पैथालाजियों की रिपोर्ट में 24 घंटे में भारी अंतर मरीजों में दहशत



**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सतना । शहर में संचालित चरख पैथलाजी में शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व राज्यमंत्री दयानंद कुशवाहा ने जब अपने प्लेटनेस की जांच करवाई तो 42 हजार बताई गई, वही दूसरी एजलेश पैथलाजी नाहर नर्सिंग होम की रिपोर्ट में 84 हजार बताया गया, वही तीसरी बार मेट्रो पोलिश भरहुत नगर में जांच करवाई गई तो 40 हजार प्लेटनेस की रिपोर्ट आई है, यह शहर की नामी-गिरामी पैथलाजियों की रिपोर्टों की मनमानी से मरीज की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है, यह सबसे बड़ा सवाल है कि जब शहर के एक वीआईपी व्यक्ति के साथ ऐसा किया जा सकता है तो आम नागरिकों के साथ क्या किया जाता होगा। यह भी सवाल उठता है कि इन तीनों रिपोर्ट में किस रिपोर्ट में सही माना जाए। कलेक्टर अनुराग वर्मा एवं सीएमओ एल के तिवारी से इस गंभीर मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## दुष्टों के नाश के लिए शास्त्र के साथ शस्त्र की जरूरत, रीवा में बोले- उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



रीवा। देश सहित प्रदेश में विजयदशमी का उत्सव धूमधाम से बनाया जा रहा है। वहीं, रावण दहन का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके अलावा जिलों में शस्त्रों का पूजन भी किया गया है। रीवा में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विधि विधान के साथ शस्त्र पूजा की इस दौरान पुलिस महकमे के आला अफसर भी उपस्थित रहे

**उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने की शस्त्र पूजा**-विजयदशमी के शुभ अवसर पर शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित प्रदेश के तमाम मंत्री और उच्च अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में शस्त्रों की पूजा की रीवा के पुलिस लाइन में आयोजित शस्त्र पूजा में डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल शामिल हुए उन्होंने शस्त्रों की पूजा कर शस्त्रों को माथे से लगाया इस दौरान पूजा स्थल पर उपस्थित पुलिस कर्मियों ने हर्ष फायर भी किया।

**पुलिस के आला अफसर भी रहे उपस्थित**-रीवा के पुलिस लाइन में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में वरिष्ठ आधिकारी आईजी महेंद्र सिंह सिकरवार, डीआईजी साकेत पाण्डेय, एसपी विवेक सिंह सहित एडिशनल एसपी व अन्य पुलिस आधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे इस दौरान सभी लोगों ने शस्त्रों की पूजा की और शस्त्रों को प्रणाम किया है।

**अधर्म पर धर्म की विजय का उत्सव है विजयदशमी**-शस्त्र पूजन कार्यक्रम में शामिल होने आए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मीडिया से चर्चा की इस दौरान उन्होंने देश और प्रदेश वासियों को विजयदशमी की शुभकामनाए दी उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विजयदशमी का पर्व अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर हमे संकल्प लेना है कि जो हमारे समाज में विकृतियां और कुरूतियां पनप रही हैं उनको समाज से दूर करना है।

**दुष्टों के नाश के लिए शास्त्र के साथ शस्त्र की जरूरत**-डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि विजयदशमी का पर्व भगवान राम से जुड़ा है। समाज की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों जरूरी है शास्त्र हमारी संस्कृति को बचाने का कार्य करते हैं, तो शस्त्र दुष्टों के विनाश करने के कार्य में आता है। उन्होंने कहा कि शस्त्र वास्तव में सज्जनों की रक्षा के लिए है और दुष्टों के संहार के लिए है

### पहली बार दिखे इस दृश्य रूप मे मनमोहक दृश्य राज्य मंत्री - श्री लोधी

## राज्यमंत्री श्री लोधी बुंदेली परंपरा के बुंदेली नृत्य पर अपने आप को रोक न पाए और ढोलक बजाते हुए भक्ति रंग में नाचते नजर आये।



**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला प्रमुख की खबर**

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने विजयदशमी के अवसर पर जबेरा पहुंचे। जहां उन्होंने बुंदेली परंपरा के बरेदी नृत्य पर अपने आप को रोक न पाए और ढोलक बजाते हुए भक्ति रंग में नाचते नजर आये ।इसके पूर्व भी राज्यमंत्री के मंजीरा बाजाते एवं भजन गाते नजर आए थे लेकिन यह एक अलग अंदाज आज सामने आया ।राज्यमंत्री श्री लोधी दशहरा पर्व के आयोजन में तारादेही, समनापुर, तेंदूखेड़ा, सिंग्रामपुर में माँ दुर्गा के दर्शन कर प्रदेश तथा क्षेत्रवासियों की मंगल कामना की।

## रामलीला के अंतिम दृश्य को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए।



महमूदाबाद, सीतापुर सत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक श्री राम और रावण के युद्ध का मंचन मां संकटा देवी धाम के सांस्कृतिक मंच पर बाल कलाकारों द्वारा मंचित किया गया। रामलीला के अंतिम दृश्य को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। मंच पर रावण को परास्त करने के पश्चात राम व लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले कलाकार ने परिसर में मौजूद विशालकाय रावण और कुम्भकर्ण के पुतलों का दहन किया। रावण दहन देखने के लिये क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। प्रतिवर्ष विजयादशमी के उपलक्ष्य में हुई रामलीला के दौरान पारंपरिक रावण कुम्भकर्ण के पुतलों के दहन का दहन शनिवार की शाम को संपन्न हुआ। संकटा देवी धाम के सांस्कृतिक मंच पर चल रही तीन दिवसीय रामलीला के तीसरे दिन लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध में लक्ष्मण के घायल होने पर लंका के वैद्यराज सुषेन द्वारा बताई गई दवा संजीवनी को लाने की चुनौती हनुमान ने स्वीकार की और उसे खोजकर लाने का दृश्य देखकर दर्शक काफी प्रभावित हुए। रामलीला के दौरान राम द्वारा चलाये जा रहे शक्तिशाली बाणों का असर रावण पर न होने पर रावण के भाई विभीषण द्वारा रावण के नाभि में अमृत होने की जानकारी पाकर राम ने जब रावण की नाभि पर प्रहार किया तब जाकर कहीं रावण पर विजयी प्राप्त कर पाना संभव हो सका। राम-रावण युद्ध का दृश्य काफी रोमांचक था। राम ने रावण के पुतलों के पास पहुंचकर उन्हें अग्निबाणों से जलाया इसे देखकर दर्शक काफी रोमांचित हो उठे। रावण के जलने के बाद उस ढांचे की लकड़ियां घर ले जाने की होड़ देखी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोड़ रावण दहन देखने के लिए उमड़े। रावण दहन के समय कोतवाल अनिल सिंह कस्बा इंचार्ज संतोष राय ने पुलिस कर्मियों व पीएसी के जवानों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की कमान सम्हाली। मौके पर दमकल विभाग के लोग भी मौजूद रहे। संपन्न हुई रामलीला व रावण दहन कार्यक्रम में मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, सुरेंद्र शास्त्री, लालता प्रसाद जयसवाल, शिवदास पुरवार, अशोक नाग, कौशल गुप्त, रमा कश्यप, अशोक नाग, राजकुमार वर्मा, राजेंद्र वर्मा, सीपी तिवारी, केके सिंह, गौरव मिश्र, दक्ष पांडेय सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### भाजपा विधायक ने सरकार की सुविधाएं छोड़ी, सीएम की भी बात नहीं मानी

## नशा माफिया को संरक्षण देने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की उठा रहे मांग



**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

रीवा। भाजपा के मऊगंज से विधायक प्रदीप पटेल एक बार फिर चर्चा में है। अब वह चर्चा में फिर आ गए हैं। शासन द्वारा दी गई सुविधाएं उन्होंने छोड़ दी है। सुरक्षा व्यवस्था में लगे कर्मचारियों को वापस लौटा दिया है। रीवा से मऊगंज तक बस में सफर करने का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। इस पर विधायक ने भी स्पष्ट किया है कि उन्हें जो सुरक्षा कर्मी दिए गए थे उन्हें वापस लौटा दिया है।बता दें कि कुछ दिन पहले ही विधायक प्रदीप पटेल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें विधायक रीवा आईजी के चेंबर के बाहर दंडवत होते दिखाई दिए थे । इसके बाद मऊगंज पहुंचकर एडिशनल एसपी के सामने भी दंडवत हुए थे। यह पूरा मामला सुर्खियों में छाया हुआ था कि अब सुरक्षा कर्मियों को लौटा कर एक बार फिर विधायक प्रदीप पटेल चर्चा में आ गए हैं।जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस पूरे मामले में विधायक पटेल से बात की है जिस पर विधायक का कहना है कि उनके पूरे जिले में नशा माफिया का आतंक बढ़ता जा रहा है। इस पर कार्यवाही की मांग लेकर वह लगातार अधिकारियों के पास जाते रहे लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है।विधायक ने आईजी और मऊगंज के एडिशनल एसपी पर खुला आरोप लगाया है। इसके बाद भी शासन द्वारा अब तक दोनों अधिकारियों को नहीं हटाया गया। जिसके चलते उन्होंने विरोध स्वरूप शासन की सुविधाएं वापस कर दिए हैं।

# दिनों में माँ दुर्गा ने हम सबके मन की सफाई की और जब माँ दुर्गा का विसर्जन हो गया तो सभी लोग शहर की सफाई करने के लिए निकल पड़े-कलेक्टर श्री कोचर

### कलेक्टर ने कहा सबको बहुत धन्यवाद, जो इस अभियान से जुड़ते है स्वयंसेवी संगठनों तथा आमजनों जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों द्वारा तहसील ग्राउंड और उत्कृष्ट विद्यालय में किया गया श्रमदान

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला प्रमुख की खबर**

जिले में लगातार स्वच्छता अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह चिन्हित स्थलों पर सफाई का कार्य जिला प्रशासन और स्वयंसेवी संगठनों तथा आमजनों जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों के द्वारा किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में आज तहसील ग्राउंड तथा उत्कृष्ट विद्यालय रोड़ में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें लोगों ने अपनी सहभागिता की। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज के कार्यक्रम में हमने उत्कृष्ट विद्यालय वाला मार्ग को सभी ने चुना था और अभी तक आपने देखा की इसमें नौ दिनों में माँ दुर्गा ने हम सबके मन की सफाई की और आज रविवार को जब माँ दुर्गा का विसर्जन हो गया तो सभी लोग शहर की सफाई करने के लिए निकल



पड़े। ये उन्नीसवां सप्ताह आज का आयोजन था जो लगातार चल रहा हैं। ये शहर की जनता की बदौलत हैं की लगातार 19 सप्ताह से ये सफाई का अभियान चल रहा हैं। उन्होंने कहा बहुत अच्छा अनुभव ये मिल रहा है और धीरे धीरे ये टीम बढ़ती जा रही और अगले सप्ताह भी यही पर हम काम करेंगे। स्ट्रीट को हमको बहुत अच्छा बनाना है फिर से इसके पुराने वैभव को वापस लौटाना है तो उसके लिए लोग काम करेंगे। मैं सबको बहुत धन्यवाद देता हूँ जो इस अभियान से जुड़ते है, जो हमारे साथ लगातार काम करते है और आशा है कि पूरे शहर का पूरे जिले का ऐसे ही सहयोग हम सबको मिला है। हमारे युवा साथी श्री पटेल का आज उनका जन्मदिन है। मैं हमारे पूरे सफाई के साथियों की ओर से उनको जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई

## मानक विहीन निर्माण से आर आर सेंटर हुआ ध्वस्त



खैराबाद सीतापुर । प्रदेश सरकार द्वारा जहाँ एक तरफ लाखो रूपये खर्च कर स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों कचड़ा निस्तारण करने के लिए आर आर सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है ।जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही गम्भीर बीमारियों से ग्रामीणों को बचाया जा सके , और ग्रामीणों के कचड़े को आर आर सेंटर पर पहुचा कर कचड़े का निस्तारण कराया जा सके। जिसके लिए जनपद के कई जिम्मेदार अधिकारियों को बुलन्दशहर भेज कर प्रशिक्षण भी करवाया गया जिससे वह ग्राम पंचायतों के जिम्मेदारों को बुलन्दशहर की योजना की जानकारी दे सके ,जारी योजना के अनुसार जनपद सीतापुर की लगभग ग्राम पंचायतों में आर आर सेंटर निर्माण कराया जा चुका है ,और ग्रामीणों के कचड़े को आर आर सेंटर तक पहुचाने के लिए वाहनों का भी प्रबंध किया जा चुका है। साथ जिम्मेदारो द्वारा ग्रामीणों को आर आर सेंटर में कचड़े को डालने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिससे ग्रामीण कचड़े को आर आर सेंटर तक पहुचाने के लिए ग्राम पंचायत का सहयोग प्रदान करे । सरकार के हर प्रयास के बाद भी जनपद सीतापुर में जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते लाखो रुपये की लागत से बने सरकार को महत्वाकांक्षी योजना आर आर सेंटर मानक विहीन निर्माण होने के कारण बनने के चंद कुछ समय के बाद ही ध्वस्त होते नजर आ रहे है , बताते चलें कि जनपद सीतापुर की विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत पकरिया में अभी कुछ समय पूर्व निर्माण आर आर सेंटर भुगतान होने के साथ ध्वस्त होता नजर आर आर सेंटर पर लग खड़ंजा फटा नजर आ रहा है गेट ध्वस्त हो चुका है ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान व सचिव नेहा सिंह व स्वच्छ भारत मिशन के लिए चयनित सी ई को सरकारी निधि से स्टीमेट पर 2 प्रतिशत निर्धारित है,आदि जिम्मेदारो की लापरवाही से आर आर सेंटर को ग्रामीणों के शौचालय स्थल बना दिया है, जोकि ग्रामीणों में चर्चा का विषय है ।

अव सवाल यह उठता है, जिस योजना पर शासन ने लाखों रुपए खर्च कर सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए ग्रामीणों को गम्भीर बीमारियों से बचाने के लिए संचलित किया जब वह कुछ ही समय में मानक विहीन निर्माण के चलते नजर आ रही है जिससे यह स्पष्ट होता नजर आ रहा है कि जारी योजनाओं को मात्र जिम्मेदार आमदनी का जरिया बना रहे है।आर आर सेंटर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है अगर निर्माण में मानक का इस्तेमाल नही करवाया गया है जाँच का विषय है टीम गठित कर जाँच कराई जाएगी दोषियों पर कार्यवाही होगी ।**प्रतीक सिंह खण्ड विकास अधिकारी खैराबाद सीतापुर**

## शौचालय हुआ ध्वस्त सचिव नेहा सिंह लगातार कर रही भुगतान

### शासन द्वारा जहाँ एक तरफ स्वच्छ भारत मिशन के तहत



**सीतापुर** ।ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों के लिए समुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है ।जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही गम्भीर बीमारियों से ग्रामीणों को बचाया जा सके , और ग्रामीण के खुले में शौच न जाकर शौचालय या समुदायिक शौचालय का इस्तेमाल कर सके । ,जारी योजना के अनुसार जनपद सीतापुर की लगभग ग्राम पंचायतों में समुदायिक शौचालय निर्माण कराया जा चुका है ,साथ ही जिम्मेदारो द्वारा ग्रामीणों को जागरूकता अभियान के तहत स्वच्छ भारत मिशन के लिए जगरूक किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण ग्राम पंचायत में स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग प्रदान करे । सरकार के हर प्रयास के बाद भी जनपद सीतापुर में जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते लाखो रुपये की लागत से बने सरकार को महत्वाकांक्षी योजना मानक विहीन निर्माण होने के कारण कुछ समय बाद ही समुदायिक शौचालय ध्वस्त होते नजर आ रहे है , बताते चलें कि जनपद सीतापुर की विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत पकरिया में अभी कुछ समय पूर्व निर्माण समुदायिक शौचालय भुगतान होने के बाद ही ध्वस्त होता नजर आ रहा है जबकि ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव नेहा सिंह आदि जिम्मेदारो की लापरवाही के चलते प्रतिमाह केयर टेकर का भुगतान भी किया जा रहा है जबकि समुदायिक शौचालय के हालत दिन प्रतिदिन बदसे बत्तर नजर आ रहे है , जोकि ग्रामीणों में चर्चा का विषय है अव सवाल यह उठता है, जिस योजना पर शासन ने लाखों रुपए खर्च कर सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए ग्रामीणों को गम्भीर बीमारियों से बचाने के लिए संचलित किया जब वह कुछ ही समय में मानक विहीन निर्माण के चलते नजर आ रही है जिससे यह स्पष्ट होता नजर आ रहा है कि जारी योजनाओं को मात्र जिम्मेदार आमदनी का जरिया बना रहे है।समुदायिक शौचालय सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है अगर निर्माण में मानक का इस्तेमाल नही करवाया गया है जाँच का विषय है टीम गठित कर जाँच कराई जाएगी दोषियों पर कार्यवाही होगी

## संस्कृति विवि में डांडिया नाइट, जमकर नाचे विधार्थी

**मथुरा ब्यूरो नीरज चतुर्वेदी/दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**



मथुरा। संस्कृति विश्विद्यालय में बड़े जोर शोर के साथ डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। विवि के अधिकारी, कर्मचारियों, छात्र और छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर देर रात तक आनन्द लिया।डांडिया नाइट की शुरुआत मां दुर्गाजी की आरती के साथ हुई। संस्कृति विश्विद्यालय की सीईओ और विवि के कुलपति प्रो एमबी चेट्टी सहित अन्य अधिकारियों ने विधिविधान के साथ पूजन करके माता की आरती उतारी। इसके साथ ही ढोल नगाड़ों की थाप पर सभी पदाधिकारियों, छात्र छात्राओं ने डांडिया नृत्य शुरू कर दिया। छात्राओं ने परंपरागत परिधान पहनकर गरबा नृत्य किया। गुजरात की गंध बिखेरते गीतों पर छात्र छात्राओं ने एक के बाद एक नृत्य प्रस्तुतियां देकर लोगों का दिल जीत लिया। उत्सव की ये रात नृत्यों से झूम उठी। देर रात तक लोगों ने उत्सव का आनंद लिया।

# गन्ना क्रेशर संचालको पर लगाई जा रही रोक छोटे किसानों के सामने खड़ी हो रही परेशानी

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

**अम्बेडकरनगर।** गन्ना किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ सकती है। एक तरफ गन्ना क्रेशर संचालकों पर गन्ना समिति के द्वारा क्रेशर न संचालित करने का दबाव बनाया जा रहा है। क्रेशर संचालको पर अन्य विभाग के द्वारा भी दबाव बनाया जा रहा है। ताकि क्रेशर का संचालन न करे। जबकि क्रेशर संचालन पर कोई रोक नही है। और न ही उन्हें कोई नोटिस दी गई है केवल मौखिक रूप से ही उन्हें क्रेशर संचालन के लिए रोका जा रहा है। क्रेशर संचालन न हो पाने से क्रेशर संचालको के व्यापार में काफी नुकसान हो रहा है। राम नेवल वर्मा, बाबूलाल वर्मा, राजेश वर्मा, राकेश वर्मा, अजय वर्मा, समेत अन्य क्रेशर संचालक मौजूद रहे। दूसरी तरफ क्षेत्र के छोटे किसानो के गन्ने की बिक्री न हो पाने से परेशानी हो रही है। छोटे किसान आलू, सरसो, चना, मटर, आदि की बुवाई नही कर पा रहे है। इन छोटे किसानों के लिए अकबरपुर चीनी मिल ने भी कोई व्यवस्था नही बनाई है कि समय से उनके खेत खाली हो जाये और अन्य फसल की बुवाई कर सके। किसानों ने चीनी मिल पर गम्भीर आरोप लगाया है कि उनके गन्ने की ट्राली पर चूना मार दिया जाता था। गन्ने को नही खरीदा जाता था। खून पसीने की कमाई को वापस लाकर इन्ही क्रेशरों पर उपज बेचता था। तब कोई सामने नही आता था आज वही चीनी मिल गन्ने का क्षेत्र कम होने के कारण दबाव बनवा रही है ताकि क्रेशर का संचालन न हो सके। छोटे किसान लगातार परेशान हो रहे है उनका कहि से भी भला नही होने वाला है। अब दोहरी परेशानी की सामना करने पर मजबूर हो चुके है।

# दस केवीए का ट्रांसफार्मर, साहब ने दे दिया ट्यूबवेल का कनेक्शन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर।जनपद अम्बेडकरनगर के टांडा उपखंड के अंतर्गत आने वाले उपकेंद्र बलया जगदीशपुर भुल्लू का पूरा के लोगों को बिजली विभाग की मनमानी से परेशानी का सामान करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कई सालों पूर्व दस केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया था।10 केवीए ट्रांसफार्मर से यदि गांव की लाइन जुड़ी हुई है तो उसे पर टयुबेल का कनेक्शन देना संभव नहीं है परंतु उसी पर अवर अभियंता महोदय द्वारा भुल्लू का पूरा इंद्रजीत के खेत में ट्यूबल का कनेक्शन भी 10 केवीए ट्रांसफार्मर से अवैध रूप से दिया गया है जिस पर गांव का कनेक्शन लगभग 7 लोगों की लाइन जुड़ी हुई है जो की ट्यूबल का कनेक्शन देना अवैध है। ट्यूबवेल के कनेक्शन देने के साथ लोड भी बढ़ा, लेकिन ट्रांसफार्मर की क्षमता नहीं बढ़ाई गई।ऐसे में गांव में लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है।लेकिन अम्बेडकरनगर जिले में विद्युत विभाग की मनमानी सर चढ़कर बोल रही है. विभाग की लापरवाही का नतीजा यह है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग आदि काल में पहुंच गए है. जनपद के कुछ क्षेत्रों में लोग घर में कोई विद्युत से चलने वाले उपकरण नहीं चला पा रहे है. मसाला पीसने के लिए सील पत्थर का उपयोग किया जाने लगा है, क्योंकि मिक्सी चलाने के लिए लाइट नहीं है.अधिकारियों से हर दिन विवाद की स्थिति बनी रहती है. कई अधिकारी ऐसे हैं जो अपना मोबाइल बंद कर ड्यूटी से नदारद भी पाए जाते हैं.विभागीय अधिकारियों की उदासीनता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों की पश्चात भी आंख बंद किए हुए हैं।

जलालपुर में शारदीय नवरात्र का उल्लास
पंडालों में उमड़ी भक्तों की भीड़,श्रद्धालुओं मे देखने को मिला उत्साह
दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान संतोष कुमार जलालपुर तहसील
खबर नंबर 6

अम्बेडकर नगर। जनपद में शारदीय नवरात्र पर नगर जलालपुर में धूमधाम से दुर्गापूजा मनाया गया। नगर में दुर्गापूजा पर कई जगह की झांकियां लोगों का मन मोह रही है। अष्टमी की रात नगर भर में माता जागरण, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए, भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मां के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया।श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा लंका दहन का रामलीला मैदान जलालपुर नगर में भव्य आयोजन किया गया। हनुमान जी ने अपनी पूंछ में लगी आग से रावण की सोने की लंका को जलाकर राख कर दिया। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा मिथिलेश त्रिपाठी का समिति अध्यक्ष संजीव मिश्र ने माला पहनाकर स्वागत किया।दर्शक विकाश निषाद ने बताया कि लीला में जामवंत द्वारा हनुमान जी को शक्ति याद दिलाते ही बजरंग बली अपने विकराल रूप में आकर बोले जामवंत क्या कहते हो, जाकर सागर को लांघू मैं, पहले लंकेश्वर को मारू या लंका उलटी कर दूं मैं, रावण से हनुमानजी का संवाद रोचक रहा।श्री रामलीला सांस्कृतिक समिति द्वारा गल्ला मंडी आयोजित भागवत कथा को सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची। काफी संख्या में महिलाएं शुरू से अंत तक कथा सुनने के लिए डटी रह रही हैं।अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने बताया कि भगवान की भक्ति से मोक्ष की प्राप्ति करने का सबसे सरल उपाय राम नाम संकीर्तन है। वहीं दुर्गापूजा को लेकर सीओ अजेय कुमार शर्मा और कोतवाल संतोष सिंह के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। विभिन्न स्थानों पर प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र, आनंद जायसवाल,सुरेंद्र सोनी, अमित गुप्ता,आनंद मिश्र, मानिकचन्द सोनी, मनोज पांडे, गौरव उपाध्याय,सोनू गौड,अजीत निषाद, हरिओम सोनी, आदित्य गोयल ,बेचन पांडे, अतुल जायसवाल, रामलाल देवर्षि,सतनाम सिंह आदिप्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## एक नजर...

### माँ दुर्गा के प्रतिमाओं का विसर्जनःभव्य निकाली शोभायात्रा, डीजे की धुन पर थिरकते रहे युवा



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान संतोष कुमार जलालपुर तहसील**

अम्बेडकर नगर। शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा के 9 रूपों का दर्शन पूजन करने के उपरान्त उन्हें इस साल की अंतिम विदाई दे दी गई। जलालपुर नगर और तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों से देर रात्रि तक मां के जयकारे लगाते हुए भक्त मां दुर्गा की प्रतिमा को ट्रालियों पर उनकी भव्य झांकी सजाकर जलालपुर स्थित तमसा तट पहुंचकर विसर्जन किया। बता दे कि विश्वकर्मामंदिर,गंजा,वाजिदपूर,नीमतल आदि स्थानों पर सजी दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन शनिवार को किया गया। विसर्जन के दौरान जुलूस की शक्ल में श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ जमकर अबीर गुलाल उड़ाते हुए अपनी आस्था का प्रदर्शन कर देवी से पुनः आने की प्रार्थना कर विदाई दी। भक्ति गीतों की धुनों पर थिरकते युवा लोगों के आकर्षण का केंद्र बने। रपटा पुल और बड़े पुल,दोनो ही घाटों पर पहुंचकर माँ दुर्गा को नम आखों से विदाई दी गई। इस अवसर पर जलालपुर एसडीएम पवन जायसवाल,भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र,ईओ अजय कुमार सिंह,भाजपा नगर महामंत्री विकाश निषाद,संदीप अग्रहरि,सिद्धू निषाद,मानिक चंद सोनी,अमित गुप्त,आनंद जायसवाल, अतुल जलालपूरी,नीरज जलालपूरी,गौरव उपाध्याय,अजीत निषाद, विक्की गौतम समेत मौजूद रहे। पूरा नगर एंव ग्रामीण क्षेत्र मां के जयकारों से गूंज उठा।देर रात्रि तक मूर्ति विसर्जन स्थल पर सीओ अजेय कुमार शर्मा एंव कोतवाल संतोष सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स , नगरपालिका टीम, लेखपाल रविकांत त्रिपाठी समेत भक्तगण मौजूद रहे।

ट्रेन से कटकर किशोर का सिर कटा,मौत

### जी आर पी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अयोध्या ।जिले के सराय मजरा गांव में एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया। 15 साल के किशोर बृजेश कुमार ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली। मिली जानकारी के मुताबिक, बृजेश कुमार अपने घर से अपनी मौसी के लड़के को तारुन थाना क्षेत्र के रामपुर भगन छोड़ने गया था।उसे छोड़कर वापस घर आया, कुछ देर बाद बृजेश कुमार घर से बगैर बताए मोटर साइकिल लेकर कहीं चला गया था। परिवार के लोगों ने सोचा कि अभी आ जाएगा, दुकान पर सामान लाने गया होगा। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी वापस नहीं आया, तो परिवार के लोगों ने उसे फोन करना शुरू किया। फोन भी नहीं उठ रहा था। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के खजुराहट रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी आता देख बृजेश पटरी पर लेट गया, जिससे धड़ से सिर अलग हो गया। हादसे की सूचना पर जीआरपी पुलिस ने पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराया, तो मृतक की पहचान बृजेश कुमार पुत्र गंगादीन निवासी सराय मजरा पुलिस चौकी हैरिंग्टनगंज के रूप में हुई। जानकारी मिलने पर रोते बिलखते पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में जीआरपी पुलिस ने पंचायत नामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि आखिर बृजेश कुमार ने यह कदम क्यों उठाया। क्यों कि उसे घर में किसी तरह की परेशानी नहीं थी। ग्राम प्रधान ने बताया कि मृतक एक भाई-बहन ही थे। बीच में मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। जिसका इलाज भी चल रहा था, ठीक भी हो गया था।किशोर के मन में ऐसा विचार कैसे आ गया कि घर से करीब 14 किलोमीटर दूर जाकर ट्रेन से कट गया। कुछ समझ में नहीं आ रहा है। जीआरपी पुलिस ने मृतक किशोर के पास से बरामद सामानों को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# सभासद आरती जयसवाल का प्रयास सराहनीय– चेयरमैन



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अयोध्या । जिले के गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद तथा हमारे बोर्ड की सदस्य आरती जयसवाल के प्रयास पर महकमे द्वारा भीटी चौराहा स्थित अंबानी टाइल्स समीप लगवाया गया स्वास्थ्य शिविर रामलीला एवं दुर्गा प्रतिमा का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा।अब श्रद्धालुओं की तबीयत खराब होने पर उन्हें बाजार में ही सरकारी चिकित्सकों की सुबिधाए आसानी से हासिल हो जायेगी।उक्त बातें गोसाईगंज नगर पंचायत की अध्यक्ष डॉ0 विजय लक्ष्मी जायसवाल ने सभासद श्रीमती आरती जायसवाल द्वारा लगवाए गए चिकित्सा शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करने से पूर्व मौजूद लोगों से कहीं।विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे पूर्व विस0 प्रत्याशी राम सागर वर्मा ने कहा कि जनहित के मुद्दे को जिस तरह से श्रीमती जायसवाल उठा रही है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए उतनी ही कम है।समाजसेवी हनुमान सोनी ने सभासद श्रीमती जायसवाल के कार्य की प्रशंसा की।भाजपा नेता व पूर्व सभासद प्रसांत गुप्ता ने कहा कि सभासद श्री मती जायसवाल के प्रयास पर ही गोसाईगंज अस्पताल पर महिला डॉक्टर की नियुक्ति, डिजिटल एक्सरे एवम प्लास्टर की जहा सुविधा मिली है वहीं इन्हीं के प्रयास से आज श्रृंगीऋषि ( महबूबगंज )से प्रयागराज तक सरकारी बस की सुविधा का लाभ आमजन उठा रहा है।कैंप में गोसाईगंज सीएचसी प्रभारी डॉ0 इंद्रजीत वर्मा,चिकित्साधिकारी डॉ0 अरविंद कुमार गौतम, फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार,डीआरए विनीत गुप्ता,वरिष्ठ सहायक राम सजीवन यादव,एनएमएस महेंद्र मिश्रा,प्रशिक्षु फार्मासिस्ट संदीप कुमार,प्रदीप वर्मा,अंकुश वर्मा, रमेश यादव,सोएब,मो0 आजम, विपिन कुमार,एक्सरे टेक्निशियन उमाशंकर वर्मा,बेलवारी ख़ान प्रधान शेखर वर्मा,अनंत लाल सोनी,उमेश गुप्ता ÷मंटू÷,उत्कर्ष शेखरजायसवाल,भाजपा नेता/पूर्व सभासद प्रशांत गुप्ता,नगर पंचायत के जलकल प्रभारी शिव शंकर वर्मा,समाजसेवी श्री प्रकाश जयसवाल, समाजसेवी हनुमान सोनी,केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के नगर अध्यक्ष हेमंत कसौधन, एकबाल हुसैन अंसारी,अमित वर्मा,राज मोहन पटेल,इस्तियाक अंसारी,सकील रहमानी,डाक सेवक अनिल कुमार,अनिल जयसवाल,सभासद प्रतिनिधि दिनेश कुमार जायसवाल ÷पत्रकार÷,कपिल देव अंगियार ÷पत्रकार÷,अमित तिवारी ÷पत्रकार÷ सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन को सफल बनाने लिए कांग्रेसजन गांव पहुंच रहे

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**



अम्बेडकरनगर।आगामी 15अक्टूबर दिन मंगलवार को अम्बेडकरनगर जनपद के कटेहरी विधानसभा के कटेहरी बाजार के रामलीला मैदान में होने वाले ÷संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन÷ की सफलता के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विधानसभा आब्जरवर केशवचंद यादव, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव कटेहरी ब्लाक प्रभारी जयकरन वर्मा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव भीटी ब्लाक प्रभारी अवधेश सिंह, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जनपद प्रभारी कैलाश चौहान, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कटेहरी ब्लाक सहप्रभारी दिलीप निषाद, भीटी ब्लाक सहप्रभारी अनिल भारतीय, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मो अनीश खान, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील मिश्र, कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र ÷बब्लू÷, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल ÷छोटू÷, रामजन्म दूबे एडवोकेट, रवीश शुक्ला युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा समेत अनेक कांग्रेसजनों ने संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन के लिए गांव गांव जाकर लोगो से सम्पर्क कर कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया।टांडा ब्लाक मे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कैलाश चौहान ने राजपत पटेल, अफरोज आलम वेग, रामकृपाल धावक, सुरेंद्र यादव, राजमणि वर्मा, कपिल देव वर्मा, कामदेव वर्मा श्रवण कुमार, मायाराम भारती समेत अनेक कांग्रेसजनों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की सफलता के गहन मंत्रणा की।कटेहरी ब्लाक के बरामदपुर जरियारी मे प्रदेश महासचिव जयकरन वर्मा, प्रदेश सचिव दिलीप निषाद, अनिल भारतीय, मो अनीश खान, जिला अध्यक्ष सुनील मिश्र, ब्लाक अध्यक्ष देवमणि पाठक ने महरूआ न्याय पंचायत अध्यक्ष वीपत यादव, आशाराम यादव, आनंद अमृतराज वर्मा, चिंताहरण पाण्डेय, प्रदीप निषाद, राजेश गौड, चंद्रभान यादव, राकेश वर्मा, दिनेश निषाद, रामनयन यादव, श्रीनाथ यादव, मंदीप यादव, ओमप्रकाश यादव, जियाराम यादव, अरविंद यादव, अंकित यादव, मोहित यादव, राजेश, राकेश, रमेश सियाराम, शिवराम, महादेव, मुन्ना समेत अनेक लोगों के साथ बैठक किया।

# जिला समाजवादी युवजन सभा ने की मासिक बैठक, बाबा अम्बेडकर को किया याद



**मथुरा ब्यूरो नीरज चतुर्वेदी/दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

मथुरा। डीग गेट पर जिला समाजवादी युवजन सभा की मासिक बैठक हुई। बैठक में तहसील, ब्लाक और बूथवार सक्रियता पर जोर देते हुये वक्ताओं ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता सपा के नीति, कार्यक्रमों को जनता तक ले जाएं और उनकी समस्याओं का प्रभावी निराकरण कराने की पहल करें।बैठक की अध्यक्षता करते हुए, जिलाध्यक्ष मुन्ना मलिक ने सभी कार्यकर्ताओं व नेताओं से लक्ष्य 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर जोर देते हुए कहा कि सभी विधानसभा अध्यक्ष अपनी कमेटियों के पदाधिकारियों के सहयोग से बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय लोगों को अपने साथ जोड़े। सत्ता दल हर हथकंडे अपना रहा है। इसलिए सपाई अलर्ट रहे। लड़ाई बड़ी है। जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से पीड़ित है। समाजवादी पार्टी का नेतृत्व अखिलेश यादव इस लड़ाई को लगातार प्रदेश से लेकर लोकसभा तक लड़ रहे। मुख्यातिथि समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा समाजवादी पार्टी जिलेवार सक्रिय और निष्क्रिय पदाधिकारियो की सूची तैयार कर रही है, जिसमें निष्क्रिय पदाधिकारियों की सपा छुट्टी करने वाली है। मुख्यातिथि समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव व मथुरा जनपद के प्रभारी संदीप यादव ने मासिक बैठक में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुटता का आह्वान किया और कहा समाजवादी युवजन सभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे निरन्तर जनता के बीच बने रहें और उनकी समस्याओं के निराकरण का प्रयास करें। कहा कि दवाई, पढाई, विकास के मोर्चो पर अपने-अपने क्षेत्रों में निरन्तर संघर्ष को जारी रखने के साथ ही पदाधिकारी, और कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मार्गदर्शन में पार्टी की मजबूती में जुट जाएं। बैठक में मुख्यरूप से हरदीप चौधरी,आरिफ खान,कासिम कुरेशी,पवन चौधरी,रवि दिवाकर,शमशीर अहमद,आरिफ खान,गुलशेर,सोहिल मलिक,शाहरुख उस्मानी, शाहिद,कमरुद्दीन मलिक,अली,साबिर उस्मानी, कदीर उस्मानी,मोहित यादव,किशन लाल बाल्मिकी,कृपाल चौधरी,नाजिम अब्बासी,इमरान,आसिफ,ठाकुर सुभाष राजावत,कुलदीप गौतम,सतीथ पटेल,चरण सिंह गुर्जर आदि मुख्यरूप से उपस्थित रहे।

# विधायक निधि से लगी इंटरलॉकिंग एक बरसात भी नहीं झेल पाई विधायक राम मूर्ति वर्मा के निधी से हुएं निर्माण पर हो रही किरकिरी

**जांच अधिकारी एक दूसरे के ऊपर लगा रहे हैं आरोप अधिकारी अपनी कलम का दुरुपयोग कर शिकायतों का किया जा रहा फर्जी निस्तारण**

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर ।विधायक निधि से बनी सड़क एक बरसात भी नही झेल पाई बसखारी ब्लॉक के हरसम्हार ग्राम पंचायत में बीस लाख अड़सठ हजार रूपये की विधायक निधि से बनाई गई दो सौ मीटर लंबी इंटरलॉकिंग सड़क एक भी बरसात नहीं झेल पाई , और इंटरलॉकिंग सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई, इस सड़क को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखंड अंबेडकर नगर द्वारा बनाया गया था, सपा विधायक राममूर्ति वर्मा निधि का ऐसा दुरुपयोग कमीशन खोरी का ये आलम की पूरे धन का बंदरवाट हो गया, वही ग्राम वासियों का आरोप है की सड़क का निर्माण होते समय ही हमने सपा समर्थक शिव बदन ठेकेदार से कहा था की , ये सड़क मानक विहीन बन रही है लेकिन ठेकेदार ने नही सुनी और हुआ वही सड़क एक भी बरसात नहीं झेल पाई और दोनो तरफ से गिर गई तथा सड़क के बीचों बीच गड्ढे हो गए *ग्रामीणों की शिकायत करने के बाद किया गया फर्जी निस्तारण नहीं हुआ ग्रामीणों की समस्या का निदान-ग्रामीणों का कहना है कि अब संदेह गहराता जा रहा है कि कहीं ऐसा तो नहीं सपा विधायक राममूर्ति वर्मा के सपा समर्थक शिवबदन ठेकेदार का दबाव तो नहीं अधिकारियों पर आखिर क्यों समस्या का नहीं हुआ निस्तारण बहुत सारे सवाल में फंसी जनता ग्रामीणों की शिकायत में विकासखंड बसखारी के द्वारा निस्तारण किया गया कि वह विधायक निधि से बनाया गया है। दूसरी शिकायत में परियोजना निदेशक अधिकारी अंबेडकर नगर ने फर्जी निस्तारण कर जल निगम के मत्थे जड़ दिया बताया गया कि पाइपलाइन बिछाने की वजह से सड़क छतिग्रस्त हुई जबकि दोनों तरफ की साइड में खड़ी दीवार धराशाही हो गई। लिखा गया है की सामग्री गिरवा दिया गया लेकिन जब वहां ग्रामीणों से बात किया गया तो वहां कोई सामग्री नहीं गिरी मिली आखिर जनता को गुमराह करके अधिकारी अपनी कलम का दुरुपयोग कर शिकायतों का किया जा रहा फर्जी निस्तारण। कहीं ऐसा तो नहीं पैसे के बलबूते से अपनी कमियों को छुपाने में लगे हैं। आखिर कब होगा जनता की समस्या का निस्तारण यह सवाल अभी भी बना हुआ है।

## आर्य समाज के पुरोहित स्वामी नरेंद्र देव के सानिध्य में आर्य समाज मिर्जापुर एवं पूरनपुर की ओर से सार्वजनिक स्थानों पर किया गया श्रमदान



**वरिष्ठ संवाददाता- अनिल वर्मा**

लक्सर/ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मिर्जापुर एवं पूरनपुर में आर्य समाज के पुरोहित स्वामी नरेंद्र देव के सानिध्य में अलग-अलग सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान किया गया। जिसमें सर्वप्रथम गांव मिर्जापुर सादात के श्मशान घाट में स्थित खराब पड़े दो हैंड पम्पो को सुचारू कराया गया ताकि सभी को इसका लाभ मिल सके। वही इसके बाद आर्य समाज के पदाधिकारीयों द्वारा लक्सर से पुरकाजी हाईवे के निकट न्यामतपुर मोड़ के दोनों और पर उग रही बड़ी-बड़ी झाड़ियों को साड़ किया गया। जिनकी वजह से अक्सर हाईवे पर साइकिल सवार स्कूली बच्चों सहित आमजन को भी काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा था। जिसके कारण कई बार आमजनों को दुर्घटनाओ का भी शिकार होना पड़ रहा था और आगे भी वह दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही थी। वही उन सभी को पूरी तरह से आर्य समाज की टीम द्वारा साफ किया गया ताकि आगे से किसी को इन झाड़ियों के कारण दुर्घटना का शिकार न होना पड़े। डॉ. सतीश कुमार आर्य एवं मास्टर अजब सिंह आर्य ने बताया की आज सभी की उपस्थिति एवं सहयोग से दो अलग-अलग जगह श्रमदान के माध्यम से उक्त कार्यो को किया गया है। उन्होंने सभी के लिए उज्जवल भविष्य की कामना ईश्वर से करते हुए सभी को सदा खुश एवं स्वस्थ धन-धान्य से परिपूर्ण रखने की कामना की है। उन्होंने कहा कि आगे भी सभी गांव समाज में ऐसे कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले आपका मनोबल ऐसे ही हमेशा बढ़ता रहे। उन्होंने कहा कि आप सभी के द्वारा किए जा रहे ऐसे कार्यो से दूसरों को प्रेरणा मिलेगी जिससे अन्य लोग भी ऐसे सहरानीय कार्यो में हिस्सा लेंगे। इस दौरान डॉ. सतीश कुमार आर्य, मास्टर अजब सिंह आर्य, समाजसेवी आलोक कुमार, पंकज कुमार राठी, दीपक कुमार राठी, संजय कुमार, अजीत कुमार, हिमांशु, आशु, अजय कुमार, जॉनी, वैभव सिंह आर्य आदि उपस्थित रहे।

## शांति एवं सोहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ दुर्गा पूजा, प्रतिमा विसर्जन में शामिल होने पहुंचे लाखों श्रद्धालु नम आंखों से लोगों ने दी मां दुर्गा को विदाई।



**अंशु कुमार मुरलीगंज**

मधेपुरा आस्था और पूरे विधि विधान के साथ चलने वाले महापर्व नवरात्र,दुर्गा पूजा समापन के बाद 12 अक्टूबर को संध्या 7॰00 बजे से ही मुरलीगंज बड़ी दुर्गा मंदिर सहित रेलवे स्टेशन दुर्गा मंदिर एवं गोल बाजार ठाकुरबारी मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को लेकर, श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई, लोग माता का दर्शन कर एक झलक पाने को उत्साहित दिखे, मंदिर कमेटी से जुड़े कार्यकरता प्रतिमा विसर्जन के लिए पूरी तरह तैयार दिखे। मुरलीगंज प्रशासन की ओर से विसर्जन को लेकर चक चौबंद व्यवस्था की गई थी लोगों की भीड़ को देखते हुए महिला एवं पुरुष पुलिस बल के जवान तैनात रहे, नाम आंखों से लोगों ने मां दुर्गा को विदा किया।

## रायपुर - नक्सलियों द्वारा बिछाए आईईडी में पैर गवाने वाले नक्सल पीड़ितों को मिला कृत्रिम पैर



**अरुण कश्यप**

वनोपज संग्रहण या खेती कार्य जैसे अपनी दैनिक जीवनचर्या के बीच जंगलों के रास्ते गुजरते समय नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी बमों में ब्लास्ट की अलग-अलग घटनाओं में अपना पैर गंवाकर अपाहिज की दर्दभरी जिंदगी जी रहे बस्तर के ग्रामीणों को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश व उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की पहल पर कृत्रिम पैर का संबल मिल रहा है। पहले चरण में नक्सल हिंसा प्रभावित ऐसे 6 लोगों को फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर समाज कल्याण परिसर माना कैंप रायपुर में कृत्रिम पैर लगाकर चलने की ट्रेनिंग दी गई। आईईडी ब्लास्ट में पैर खोने के बाद से चलने फिरने के लिए दूसरों पर निर्भर हो गए ये लोग अब कृत्रिम पैर पाकर इतने उत्साहित हैं कि खुद अपने पैरों से चलकर आज उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निवास अपनी खुशी व्यक्त करने पहुंचे।उल्लेखनीय है कि बस्तर क्षेत्र के लगभग 70 नक्सल पीड़ितों ने बस्तर शांति समिति की पहल पर विगत सितंबर माह में दिल्ली जाकर जंतर मंतर में प्रदर्शन करने के साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह तथा राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें आप बीती बताते हुए बस्तर में शांति की गुहार लगाई थी। वहीं दिल्ली से लौटकर वे आए तो उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने अपने निवास कार्यालय में एक-एक पीड़ितों से बात कर उनका हालचाल जाना था और उनका हौसला बढ़ाया था और आईईडी ब्लास्ट में पैर गवा चुके पीड़ितों के कृत्रिम पैर लगवाने के निर्देश दिए थे।उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार आईईडी ब्लास्ट में अपने अंग खोने वाले ग्रामीणों का समाज कल्याण विभाग के सहयोग से ऐसे नक्सल हिंसा पीड़ितों को कृत्रिम अंग लगाने की शुरुआत हो गई है। कृत्रिम पैर लगाने के लिए बस्तर से 9 नक्सल पीड़ित का आना तय हुआ था, किंतु व्यक्तिगत कारणों से 3 पीड़ित अभी नहीं पहुंच पाए। इस प्रकार 6 नक्सल पीड़ित गुड्डू लेकाम बीजापुर, अवलम मारा बीजापुर, सुक्की मड़कम सुकमा, सोमली खत्री बीजापुर, खैरकम जोगा बीजापुर, राजाराम बीजापुर को फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर समाज कल्याण परिसर माना कैंप रायपुर में कृत्रिम पैर लगाए गए।कृत्रिम पैर लगने के बाद इनकी जिंदगी एक नई करवट ले रही है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निवास पहुंचे इन नक्सल पीड़ितों ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे अच्छा महसूस कर रहे हैं। कदम-कदम पर किसी और के सहारे की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिंदगी में अब आगे बढ़ने और कुछ हासिल करने की सोच सकते हैं। हालांकि नक्सलियों ने जो छीना है उसकी भरपाई नहीं हो सकती। लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार की संवेदनशीलता से उन्हें कृत्रिम पैर सुलभ होने के साथ जीवन में नया उत्साह आया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार का आभार व्यक्त किया।

# अज्ञात वाहन ने रौंदा दरोगा की मौत



**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

एटा जनपद के कोतवाली मिरहची में तैनात उपनिरीक्षक नरेश पाल की ड्यूटी के दौरान अज्ञात वाहन के टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए घायल होने के बाद अस्पताल में मौत हो गई इस घटना की पुलिस परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी देर रात में कोतवाली में उप निरीक्षक नरेश पाल अपने थाने की तरफ लौटते समय एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए टक्कर लगने के बाद नरेश पाल गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े घटना की जानकारी मिलने पर कस्बे में लोगों ने थाना पुलिस को सूचित दी मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत घायल उप निरीक्षक को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के दौरान मृतक घोषित कर दिया इस दर्दनाक सड़क हादसे की सूचना नरेश पाल के परिवारी जनों को दी गई जैसे ही परिवार वालों को इस घटना की जानकारी मिली वे दौड़े हुए एटा पहुंचे उनके साथियों और परिजनों का रो-रो कर के बुरा हाल है अपनी बाइक से ड्यूटी के लिए थाने की ओर आ रहे थे उप निरीक्षक नरेश पाल 1989 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे देर रात में मोटरसाइकिल से सवार होकर ड्यूटी के लिए थाने की ओर आ रहे थे तभी अचानक सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया आसपास के लोगों ने नरेश पाल की मदद की और उन्हें अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया रात में ही उपनिरीक्षक के शव का पोस्टमार्टम किया गया और सुबह के समय परिवार वालों को शव सौंप दिया गया परिजन शव को अपने पैतृक गांव ले गए मिरहची थाना प्रभारी के के लोधी ने बताया कि देर रात दरोगा जी ड्यूटी पर तैनात थे और कस्बा से थाने की ओर आ रहे थे तभी किसी अज्ञात वाहनों ने टक्कर मार दी जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई शव का रात में ही पोस्टमार्टम करा करके परिवारी जनों को सौंप दिया गया है

## नवरात्रि के नवमी पर हवन और कन्या को केला सेब पेट भर खिलाया संदेश दिया गया



**रिपोर्ट राधेश्याम गुप्ता ब्यूरो चीफ**

बांदा जनपद के विकास खंड कमासिन मुख्यालय ग्राम पंचायत में माता के मंदिर दुर्गा जी हनुमान जी शनिदेव तीनों एक साथ पूजा हवन कन्याओं माताओं सहित प्रसाद वितरण किया गया फतेहपुर चित्रकूट बांदा दर्शन साथ अपने बच्चों का मुंडन करवाया यही नहीं लोगों ने अपनी मनोकामना हेतु मांग किया उनकी माता पूर्ण करेंगी माता ने बताया कि जो मेरे साथ हनुमान जी शनिदेव तीनों की पूजा करेगा किसी जीव जन्तु का मांस मदिरा नहीं करेगा उसकी देखभाल कर सुरक्षा करेंगी मेरी प्रतिमा लगाकर पूजा कर मदिरा सेवन कर प्रतिमा को नष्ट करते उससे लाभ नहीं हानि मिलेगी मेरे भक्त नवदिन वृत रहकर पूजा कर सभी को जगा रहे धर्म रास्ते पर लाना चाहते तो आप लोग सभी राजनीतिक कार्य कर रहे उनके खिलाफ जा रहे जैसे अपराधी मुस्लिम मुहर्रम में मातम मनाते वैसे मेरी मातम मना रहे विनाश से बचना चाहते रास्ता बदल दें और एक स्थान बना लें उसी जगह पूजा कर लें सबसे पहले अपने मन सुधार लाये पूजा करते खाते मदिरा मांस प्रयोग करते कहते पूजा करते हैं ऐसा करना बंद करें लें

# स्याना नगर में आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**विक्रम बाली जिला ब्यूरो चीफ बुलंदशहर**



स्याना - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्याना नगर में पथ संचलन निकाला। संघ की 99 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में स्वयंसेवक नगर में प्रत्येक वर्ष पथ संचलन निकलते हैं। इस अवसर पर स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में पथ संचलन में शामिल होते हैं और अनुशासन का संदेश देते हैं। पथ संचलन मंडी जवाहर गंज से शुरू हुआ और नगर के सभी मार्गो से निकला। नगर के लोगों ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। पथ संचलन में नगर संघ चालक राजेंद्र सिंह जी, सह संघचालक संदीप सिंह जी, नगर कार्यवाहक पवन जी, खण्ड कार्यवाह अनूप (आलोक)जी, संदीप जी, प्रमोद जी, जसवंत जी,विक्रम बाली जी, सौरभ जी,संदीप जी, विशाल जी, नवीन जी आदि स्वयंसेवक शामिल रहे।

## बाराबंकी पुलिस के प्रयास से रामलीला कमेटी व गौसुल वरा कमेटी द्वारा आपसी सहमति से जुलूस मार्ग/समय में परिवर्तन कर आपसी सौहार्द और भाई चारे की पेश की मिशाल-

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ सत्य नारायण गुप्ता**



थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 15.10.2024 को मुस्लिम समुदाय द्वारा जुलूस-ए-गौसिया, फजलुर्रहमान पार्क से पीरबटावन-छाया चौराहा-नेबलट-धनोखर-घण्टाघर होते हुए वापस फजलुर्रहमान पार्क तक प्रस्तावित था तथा उसी दिन रामलीला का राजतिलक कार्यक्रम होना था। बाराबंकी पुलिस द्वारा रामलीला कमेटी व गौसुल वरा कमेटी के साथ गोष्ठी की गई जिसमें दोनों पक्षों के सदस्यों द्वारा बड़ा दिल दिखाते हुए आपसी सहमति से प्रस्तावित जुलूस-ए-गौसिया के मार्ग में परिवर्तन कर जुलूस को घण्टाघर से प्रारम्भ करते हुए धनोखर-नेबलेट-छाया चौराहा-पीरबटावन-फजलुर्रहमान पार्क सुनिश्चित किया गया है तथा रामलीला कमेटी द्वारा राजतिलक के समय में परिवर्तन कर आपसी सौहार्द और भाई चारे की पेश की मिशाल की गई।

# H.M.A ग्रुप ऑफ इंडिया और दुबई की स्नैक फूड स्टफ्स ट्रेडिंग L.L.C के बीच ऐतिहासिक समझौता 2,000 करोड़ का होगा निवेश



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**अश्वनी शेखर (ब्यूरो उन्नाव)**

उन्नाव/एच.एम.ए ग्रुप ऑफ इंडिया ने 12 अक्तूबर को एक ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की जिसमें कंपनी ने दुबई की स्नैक फूडस्टफ्स ट्रेडिंग एल.एल.सी के साथ साझेदारी की है इस समझौते के तहत दोनों कंपनियाँ भारत के कृषि उत्पादों में संयुक्त रूप से 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी इस अवसर पर दुबई के प्रसिद्ध व्यापारी मिस्टर खालिद मोहम्मद शरीफ अलावाहदी और मिस्टर खालिद मोहम्मद अमीरी मौके पर मौजूद रहेइस रणनीतिक और साझेदारी से भारत व यूएई के बीच व्यापारिक संबंधों को एक नई दिशा मिलेगी साथ ही दोनों देशों के किसानों की आमदनी में भारी वृद्धि होगी इस समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि एच.एम.ए ग्रुप अपने मजबूत ब्रांड के साथ खाड़ी सहयोग परिषद क्षेत्र में लोकल डिस्ट्रीब्यूशन चेन के जरिए इस वेंचर में शामिल होगा जिससे क्षेत्रीय व्यापार को काफी बढ़ावा मिलने की संभावना है।एच.एम.ए ग्रुप के अध्यक्ष रफ़ीक नदाफ और ग्रुप के प्रमोटर आई.आर.ओ भी इस समारोह में शामिल हुए जिन्होंने इस मौके पर सभी से गहनता पूर्वक विचार विमश किया साथ ही एच.एम.ए ग्रुप के जनरल मैनेजर खालिद मिर्जा ने जानकारी दी कि कंपनी हमेशा देश के किसानों और व्यापारियों के हित में काम करती रही है और यह समझौता भी उसी दिशा में एक कदम हैउन्होंने यह भी बताया कि एच.एम.ए ग्रुप अपने सी.एस.आर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी) फंड से सामाजिक कार्यों में सहयोग करता रहा है साथ ही प्रत्येक वर्ष पर्यावरण संरक्षण के लिए दो लाख पौधे रोपित करता रहा हैइस निवेश से न केवल दोनों देशों के व्यापारिक संबंध मजबूत होंगे बल्कि भारतीय किसानों को एक नया बाजार मिलेगा जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार होगा इसके साथ ही यह समझौता कृषि उत्पादों की गुणवत्ता और वितरण में भी सुधार लाएगा और यह समझौता एच.एम.ए ग्रुप की अंतर्राष्ट्रीय विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और दोनों देशों के बीच सहयोग और विकास के नए अवसरों की संभावना को खोलेगा

# शहर भृमण में निकले मां दुर्गा के विमान, केन नदी भूरागढ़ में दुर्गा प्रतिमाओ का हुआ विसर्जन

### भक्तोड़ ने मां दुर्गा कोड़ नम आंखों से दी विदाई

**रिपोर्ट राधेश्याम गुप्ता ब्यूरो चीफ**

बांदा - जगह-जगह पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं की लोगों ने उतारी आरती की पुष्पों की बारिशजगह जगह लोगों ने स्टाल लगाकर भंडारा करवाते नजर आये माता के जयकारे से भक्तीमय हुआ शहरकेंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने विमान को टोकन वितरण किया रवाना।केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने नवयुवक समाज के पदाधिकारियो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।बैंड बाजे और रंग गुलाल के बीचनगर भ्रमण को निकले दुर्गा प्रतिमाओं के विमान जिसमें भक्त श्रृद्धालु देवी मां दुर्गा के प्रतिमाओं के आगे रंग बिरंगे परिधान पहने हुए चल रहे थे ।

जगह-जगह लोगों ने स्टाल लगाकर किया भंडारा बांटा गया हलवा पूड़ी।दुर्गा प्रतिमाओं के विमान शहर के महेश्वरी देवी चौक, चौक बाजार



अमर टॉकीज जामा मस्जिद मार्ग जिला परिषद अलीगंज बाबूलाल चौराहा कचहरी होते हुए केन नदी घाट को पहुंचे वहां पर जय जय अंबे जय जगदंबे के जयकारो के बीच हुआ विसर्जन।दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के किये गये हैं पुख्ता इंतजाम।भारी संख्या में पुलिस बल को किया गया तैनात। ड्रोन कैमरों से की जा रही निगरानी।अराजक तत्वों पर निगरानी हेतु सर्विलांस टीम व एसओजी सक्रिय, पुलिसकर्मी, इन्टेलीजेंस तथा स्थानीय अभिसूचना ईकाई समेत सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर 24 घण्टे की जा रही निगरानी।शहर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से संचालित किए जाने के लिए यातायात पुलिकर्मियों को किया गया तैनात

# विजयदशमी के उपलक्ष में बुगरासी नगर में निकाला पथ संचलन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**विक्रम बाली जिला ब्यूरो चीफ बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश**



बुगरासी - संघ के 99 वें स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बुगरासी नगर में पथ संचलन किया। पथ संचलन रामलीला मैदान से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गो से निकाला गया। नगरवासियों ने स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। नगर में पुलिस प्रशासन चुस्त दुरुस्त रहा। बुलंदशहर जिला के सह संघचालक सुरेंद्र सिंह जी ने बताया कि संघ की स्थापना 1925 ईस्वी में डॉक्टर हेडगेवार जी ने की थी और इस वर्ष हम 99 वा स्थापना दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर जिला प्रचार प्रमुख योगेश जी, जिला सह संघचालक सुरेंद्र सिंह जी, खंड संचालक विमलेश जी, खंड कार्यवाह आलोक जी, लाल सिंह जी, लवकुश जी, दुष्यंत जी, जसवंत जी, सुरेश जी, प्रदीप जी, सुधांशु जी, इंद्रजीत जी, डॉक्टर महेंद्र सिंह जी आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# हत्या की घटना में वांछित बदमाशों के साथ थाना खुर्जा नगर पुलिस की हुई मुठभेड़,पुलिस की जवाबी कार्यवाही में 02 बदमाश घायल अवस्था में गिरफ्तार,अवैध असलहा,कारतूस, बाइक बरामद

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**विक्रम बाली जिला ब्यूरो चीफ बुलंदशहर**

खुर्जा - थाना खुर्जा नगर पुलिस 12 /13/ 2024 की रात्रि को एक अभिसूचना के आधार पर मदनपुर चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन की चेकिंग कर रही थी, चेकिंग करते समय बाइक पर 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए, उनको रुकने का इशारा किया पर वह नहीं रुके, और बाइक को वापस मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। इससे बदमाशों की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। बदमाशों ने अपने आप को पुलिस से घिरता देख पुलिस पर



फायरिंग कर दी, पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षा के लिए जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। घायल बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाशों की पहचान 01. बाबूलाल पुत्र लोकेंद्र निवासी ग्राम कमालपुर भदौरा थाना खुर्जा नगर जिला बुलंदशहर02. गोलू पुत्र विजेंद्र सिंह चौधरी निवासी मोहल्ला विमलानगर खुर्जा जंक्शन थाना खुर्जा नगर जिला बुलंदशहर के रूप में हुई है। बदमाशों के कब्जे से असलहा ,कारतूस, व बाइक बरामद हुई।अभियुक्त बाबूलाल व गोलू ने दिनांक 9/ 10/ 24 को पैसे के लेनदेन को लेकर मोहल्ला विमलानगर निवासी गौरव की गोली मारकर हत्या कर दी थी।इस संबंध में थाना खुर्जा नगर पर घटना के संबंध में मुअसां 953/24 धारा 103 बीएनएस पंजीकृत है।

## एक नजर...

### पीलीभीत अलग-अलग सड़क हादसो मे दो लोगो की मौत शादी की खुशिया मातम मे बदल गई



**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो चीफ पीलीभीत**

पीलीभीत। जिले मे उस समय हड़कंप मच गया जब दो अलग-अलग सडक हादसो मे दो लोगो की जान चली गयी। वही रविवार सुबह को पूरनपुर हाइवे पर गुरुद्वारे समीप पेट्रोल पंप के सामने दो फोर व्हीलर कारे आपस मे आमने सानने से टकरा गयी इससे पहले राहगीर कुछ समझ पाते देखते ही देखते एक कार आग का गोला बन गयी वही स्थानीय लोगो ने बताया वमुश्किल कार सवारो को निकाला गया वही मौके पर लोगो ने इसकी सूचना थाना पुलिस और दमकल विभाग को दी वमुश्किल दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया वही आधा दर्जन घायलो को सीएचसी भेजा गया जहा डॉक्टरो ने उपचार करने के बाद घायलो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया वही बताया जाता है। एक कार मे थाना बरखेड़ा निवासी योग्यता पत्नी राजेश कुमार उम्र लगभग 45 बर्ष व उनका पुत्र शिवम उम्र 19 बर्ष उनकी बेटी शालनी उम्र 20 बर्ष अपनी ननिहाल जिला सीतापुर के गांव हरगाव से वापस अपने घर बरखेड़ा आ रहे थे। प्रत्यक्ष दर्शियो के मानी की बरखेड़ा निवासी की कार का स्टेरिग जाम हो गया था। जिसके चलते कार रौग साइट मे चली गयी वही सामने से आ रही कार उत्तराखंड के जिला पंतनगर के गांव गोलगेट निवासी रामेश्वर दयाल, कल्लू, ओमप्रकाश जिला शाहजहांपुर के कस्बा खुटार जा रहे थे। आपस मे भिड़ंत होने के चलते सभी लोग घायल हो गये। वही बरखेड़ा निवासी योग्यता पत्नी राजेश कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया वही मृतक की बेटी शालनी की 28 अक्टूबर को शादी होनी है। वही शादी की सारी खुशिया मां की मौत हो जाने से मातम मे बदल गयी। उधर जिला रामपुर के गांव मिलक मिर्जा निवासी नबाब हुसैन अपने साथी गुलाम नवी के साथ वाइक से लखीमपुर जा रहे थे। जैसे ही उनकी वाइक थाना जहानाबाद के क्षेत्र ललौरी खेड़ा हाइवे पर आयी सामने से आ रहे एसएसबी के ट्रक ने रौद वाइक के परखच्चे उड़ गए और वाइक सवार युवक नबाब हुसैन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी जब वाइक सवार युवक के साथी सहित कार सवारो लोगो का जिला अस्पताल मे इलाज चल रहा है। वही थाना पुलिस ने मृतको के शवो का पंचनामा भरकर कर के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। वही मौत की खबर सुनकर दोनो परिवारो के लोगो का रो रोकर बुरा हाल है।

### व्यापारी नेता ने कन्याओं को भोजन करा मुद्रिकाएं दान की



**केसरिया हिंदुस्तान सलमान अहमद ब्यूरो फर्रुखाबाद**

फर्रुखाबाद,शमसाबाद में शनिवार को मनाया गया शरदीय नवरात्रि पर्व का अंतिम दिन, जिसमें जगह-जगह कन्या भोज कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओ ने छोटी-छोटी देवी स्वरूपा कन्याओं को प्रतिष्ठानों पर भोजन कराया साथ ही उन्हें मुद्रिकाएं दान कर एक नई मिशाल पेश की।कहाबत है हर संपन्न इंसान को अपनी अपनी आय का एक हिस्सा अवश्य दान करना चाहिए। ऐसा करने से आम जनमानस के जीवन में खुशहाली तो आती है। तरक्की के नए-नए रास्ते भी खुलते हैं।साथ ही सुख समृद्धि के साथ-उन्हें यश की भी प्राप्ति होती है।इसी यश के कारण इन्सान की सामाजिक स्तर पर एक अलग पहचान बनती है। मान्यताओं के अनुरूप शुक्रवार को शरदीय नवरात्रि पर्व का अंतिम दिन मनाया गया तो कहीं शनिवार को मान्यताओं के अनुसार शनिवार की सुबह 11:00 बजे तक शारदीय नवरात्रि पर्व का अंतिम दिन जिसे श्रद्धा भाव के माहौल में मनाया गया। यहां छोटी-छोटी देवीय स्वरूपा कन्याओ को भोजन कराया गया।भोजनोप्रांत मुद्राये दान की गई।इसी कड़ी में शनिवार को शमसाबाद नगर में व्यापारी नेता राकेश गुप्ता ने मंडी समिति के पास अपने प्रतिष्ठान राधा रानी ट्रेडर्स पर कन्या भोज का आयोजन किया। यहां छोटी-छोटी देवीय स्वरूपा कन्याओं को भोजन कराया गया।कन्या भोज कराने से पहले देवी स्वरूप कन्याओं के पहले पैर धोए।भोजनोपरान्त उन्हें मुद्रिकाएं दान की गई।इस मौके पर व्यापारी नेता राकेश गुप्ता के पुत्र आढ़ती शिवम गुप्ता भी मौजूद रहे उन्होंने भी छोटी-छोटी कन्याओं के चरण स्पर्श कर मुद्रिकाए दान की।

# असत्य पर सत्य की हुई विजय, श्री राम द्वारा रावण का वध कर रावण का पुतला फूंका गया धू-धू कर जला रावण,हजारों की भीड़ उमड़ी

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**अश्वनी शेखर(उन्नाव ब्यूरो)**



उन्नाव शुक्लागंज/गंगाघाट स्थित पोनी रोड श्री नगर सार्जनिक रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मंचन में 12 अक्टूबर को रामलीला मंच पर प्रभु श्री राम द्वारा रावण का वध कर असत्य पर सत्य की विजय प्राप्त की साथ ही रामलीला स्थल पर मौजूद 15 फुटी रावण के पुतले का विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर दहन किया गया रावण दहन के पक्षात रावण का पुतला धू धू कर जल उठा रंग बिरंगी आतिश बाजी के साथ रावण दहन का सथनीय लोगों ने लुफ्त उठाया वही रामलीला कमेटी द्वारा 13 अक्टूबर को राजधानी मार्ग स्थित मंगलम गेस्ट हाउस पर भरत मिलाप का आयोजन किया गया जहां पर हजारों की भीड़ ने उपस्थित होकर भरत मिलाप का मनमोहक दृश्य देखा भारत देश में नवरात्रि की दशमी को सत्य,न्याय,धर्म,प्रकाश एवम् ज्ञान की शास्वत विजय के इस महापर्व को सभी भारतीय विजयदशमी के पर्व के रूप में बड़े हर्षों उल्लास के साथ मनाते है शुक्लागंज पोनी रोड स्थित श्री नगर सार्वजनिक रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के प्रांगण में उपस्थित अतिथिगणों का रामलीला कमेटी के संरक्षक/संस्थापक सुरेश शुक्ला,अध्यक्ष उमेश तिवारी,संयोजक करुणा शंकर, ननकू मिश्रा,लाल बाबू तिवारी,सुरेंद्र गुप्ता,विकाश मिश्रा,आदि रामलीला कमेटी के सदस्यों ने सभी मौजूद अतिथियों का सम्मान कर रामदरबार की स्मृति चिन्ह भेंट किया

## लक्सर सहित सुल्तानपुर में कोतवाली पुलिस ने डोर-टू-डोर सत्यापन अभियान चलतें हुए की कार्यवाही

**वरिष्ठ संवाददाता- अनिल वर्मा**



लक्सर/ क्षेत्र में आज कोतवाली निरीक्षक राजीव रौथाण के निर्देशन में अलग-अलग पुलिस टीमो का गठन किया गया। जिसके चलते लक्सर क्षेत्र सहित सुल्तानपुर में कठित पुलिस टीम ने डोर-टू-डोर सत्यापन अभियान चलते हुए कार्यवाही की। इस दौरान पुलिस द्वारा किरायेदार, होटल ढाबों में कार्यरत बाहरी व्यक्तियों और स्कूल व बाजारों में घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों के चालान करते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही की गई। वही वाहन चैकिंग अभियान चलकर बिना हेलमेट व संदिग्ध वाहन चालको के खिलाफ भी कार्यवाही की गई। इस सत्यापन अभियान के दौरान 120 व्यक्तियो का सत्यापन किया गया है और मौके पर 16 चालान काटे गए। जिसमे नगद काटे गए चालानों में रु. 52,750/ का शुल्क माननीय न्यायालय में जमा कराया गया। वही पुलिस द्वारा धारा 81 के तहत निम्न व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही भी की गई।

## चकोरी फैक्ट्री से हो रहे दूषित पानी के खिलाफ ऑल इण्डिया किसान यूनियन का 15वे दिन अनिश्चित कालीन धरना

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**



एटा जल वायु को दूषित करने वाली मुरली कृष्णा चकोरी फैक्ट्री बदरिया को तत्काल प्रभाव से बंद कराकर उसे बदरिया से स्थानांतरण को लेकर ऑल इण्डिया किसान यूनियन का 15बे दिन भी अनिचितकालीन धरना प्रदर्शन यूनियन के राष्टीय अध्यक्ष कैलाश लोधी के नेतृत्व में जारी है। इस अवसर पर यूनियन के जिला प्रभारी ने कहा कि जब तक यह चकोरी फैक्ट्री बदरिया बंद नही होगी और यहां से कही और स्थानांतरण नही होगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। कैलाश लोधी ने कहा कि यह चकोरी फैक्ट्री बदरिया वर्तमान में मानव के रहन सहन बाली बस्ती के बीच में आ गई है इससे मानव जीवन काफी प्राभावित हो रहा है। इस चाकोरी फेक्ट्री का गंदा पानी बोरिंग के माध्यम से जमीन में डाला जा रहा है इस कारण लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र में पीने योग्य पानी नही मिल पा रहा है। इस पानी से मानव शरीर पर काफी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। और धुआं प्रदूषण के कारण आस पास का पूरा क्षेत्र मे निवास करने वाले लोग चकोरी फैक्ट्री बदरिया के दीहुए से काफी प्राभावित हों रहे हैं। इस लिए जब तक इसका समाधान नहीं होगा तब तक अनिचितकाली धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस अवसर पर धरने में सैकड़ों किसान और प्रबुद्ध जनों के साथ ही ऑल इण्डिया किसान यूनियन की ब्लाक, तहसील, जिला, प्रदेश इकाई के पदाधिकारीगण शामिल रहते हैं।

## देर रात घर में घुसे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ कर धुना,चोर हुआ गंभीर रूप से घायल,मौके से दो चोर फरार

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**अश्वनी शेखर( ब्यूरो उन्नाव)**



उन्नाव गंगाघाट/ उन्नाव जिले में इन दिनों चोरों का आतंक व्याप्त है ग्रामीण रात रात भर जाग कर अपने गांव की चोरों से रखवाली करते नजर आ रहे है साथ ही उन्नाव पुलिस चोरों को पकड़ने में हर मुमकिन कदम उठा रही है जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे वही कई स्थानों पर ग्रामीणों द्वारा राहगीरों और पड़ोसी गांवो के रिश्तेदारों को चोर समझ कर घायल किए जाने की घटनाएं प्रकाश में आने लगीं जिसपर उन्नाव पुलिस ने कई ठोस कदम उठाए और चोरों तथा लुटेरों से अक्रोशित ग्रामीणों को कई बार समझाया वही 12 अक्टूबर की रात करीब 11.30 बजे गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत जाजमऊ चौकी क्षेत्र के नया खेड़ा गांव में भी चोरी की एक घटना घटित हुई जहां तीन चोर चोरी करने के इरादे से दो घरों को निशाना बनाते हुए घरों में घुस गए घर में घुसे चोरों की आहट पाते हुए घर के सदस्य शोर मचाने लगे शोर शराबा सुन ग्रामीण एकत्रित होकर चोरों को पकड़ने लगे तीनों चोर अपने आप को घिरा पाकर भागने लगे ग्रामीणों की सतर्कता से एक चोर ग्रामीणों के हाथ लग गया जिसे ग्रामीणों ने रस्सी से खंभे में बांध कर मारा पीटा ग्रामीणों की अत्यधिक मार से चोर मर्णाशन हो गया वही ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को सूचित किया मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर लिया घायल चोर को पुलिस ने उपचार हेतु अस्पताल भेजा वही ग्रामीणों ने लगाए गंगाघाट पुलिस पर गंभीर आरोप जाजमऊ चौकी नया खेड़ा ग्राम निवासिनी अंजली निषाद पत्नी नीरज निषाद ने बताया कि देर रात घर में तीन चोर उस वक्त घुस आए जब वह लोग सो रहे थे अंजली के अनुसार चोरों ने अंजली की ननद के कमरे में घुस कर ननद का मुंह दबा दिया ननद ने किसी तरह चोरों से बचते हुए शोर मचाया जिससे घर के सभी सदस्य जग गए और शोर मचाने लगे शोर सुनकर सभी क्षेत्रीय ग्रामीण एकत्रित हो गए अंजली के अनुसार तीन चोर में से एक चोर भागते हुए गिर गया जिसे ग्रामीणों ने पकड़ लिया और रस्सी के सहारे बांध दिया ग्रामीणों से हतापाई में चोर घायल हो गया जिसके कारण ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने चोर सहित नीरज निषाद व सर्वेश को भी गिरफ्तार कर लिया,वही गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उक्त प्रकरण की जांच की जा रही है।

## दहेज के चक्कर में सास ससुर बेटा ने कि जहर दे के बहु की हत्या

**रिपोर्ट रमेश रैकवार**
**चित्रकूट**



कर्वी/(चित्रकूट) दहेज लोभियों ने किया निर्मम हत्या,शैलाज मिश्रा पिता अरविंद कुमार शुक्ला निवासी ग्राम + पोस्ट रौली कल्याणपुर जलि़ा चित्रकूट जिसका विवाह 11/05/2018 को संजय मिश्रा पिता अशोक मिश्रा निवासी गौतमपुरवा समगरा थाना मरका जिला बांदा में हुआ था।विवाह में दहेज स्वरूप बुलट गाड़ी की मांग होने पर मृतिका शैलजा मिश्रा के पिता अरविंद कुमार शुक्ला द्वारा दहेज की पूर्ति न होने पर, पुत्री शैलजा मिश्रा को ससुराल पक्ष से मानसिक वा शारीरिक उत्पीड़न पहुंचाना शुरू किया, जिसके बाद पिता अरविंद कुमार शुक्ला ने पति संजय मिश्रा से पुत्री को प्रताड़ति न करने की गुहार लगाई, लेकिन ससुराल पक्ष पिता की बात को न मानते हुए, लगातार मारना पीटना शुरू किए रहे, सास ने खाना पीना देने से रोक रखा था, ऐसा अमानवीय दुर्व्यौहार लगातार कई वर्षो से चला आ रहा था, कभी पैसा मांगते तो कभी दहेज की गाड़ी, गरीब पिता के द्वारा दहेज की पूर्ति न कर पाने से पुत्री शैलजा मिश्रा को ससुराल में पति संजय मिश्रा, ससुर अशोक मिश्रा वा सास सर्वेश देवी के द्वारा खाने में ज़हर दे कर हत्या कर डाला, हत्या के उपरांत ज़हर को दबाने हेतु गोबर का घोल पीला दिया गयाहै मृतिका शैलजा मिश्रा के पिता बताया की दिनाँक 09/10/2024 दिन बुधवार को पुत्री शैलजा ने रात को फोन किया और बताया की पापा मेरे ससुराल वाले मुझे जान से मारने की बात कर रहें है, बोले अगर ये पैसा नही लाती तो आज रात में ही इसको मार डालना है सुबह10/10/2024 दिन बृहस्पतिवार को पुत्री शैलजा मिश्रा को ससुराल पक्ष के लोगो ने पति संजय मिश्रा ससुर अशोक मिश्रा व सास सर्वेश देवी ने मौत के घाट उतार दिया।अतः मृतिका के पिता अरविंद कुमार शुक्ला ने सरकार से इंसाफ़ की गुहार लगाई है, प्रशासन इस पर तत्काल प्रभाव से ऐसे जघन्य अपराधियों को उचित दण्ड देने की प्रक्रिया शुरू करें।

## रायपुर - समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान करने से होगा देश का उत्थान - राज्यपाल छत्तीसगढ़


**अरुण कश्यप**



भगवान श्री अग्रसेन की जयंती समारोह में शामिल हुए राज्यपालसमाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान करने से देश का उत्थान होगा। हमारे देश 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था तभी बन सकता है जब समाज के अंतिम व्यक्ति भी विकास की मुख्य धारा में शामिल हो। यह विचार राज्यपाल श्री रमेन डेका ने भगवान श्री अग्रसेन जयंती समारोह में व्यक्त किये। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा रायपुर में आयोजित भगवान श्री अग्रसेन की 5148 वीं जयंती समारोह में राज्यपाल श्री डेका बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आज के समय में, जब समाज में आर्थिक असमानता और सामाजिक विभाजन की चुनौतियाँ सामने हैं, भगवान अग्रसेन के आदर्श हमारे लिए एक मार्गदर्शक हो सकता है। उनका जीवन समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समर्पण, समानता और सेवा का संदेश देता है। उनकी नीतियों में 'एक ईंट और एक रुपया' का सिद्धांत स्पष्ट रूप से समाज के कमजोर वर्गों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि समाज का उत्थान तब ही संभव है, जब समाज का हर व्यक्ति समृद्ध हो।राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि भगवान अग्रसेन के सिद्धांतों का पालन करते हुए अग्रवाल समाज ने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की भावना को बनाए रखा है। यह समाज हमें यह सिखाता है कि किस प्रकार एकजुट होकर समाज का हर व्यक्ति समृद्ध और सशक्त हो सके। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में भी अग्रवाल समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उद्योगों का विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनका योगदान और समाज सेवा की भावना प्रशंसा के योग्य है। छत्तीसगढ़, की सामाजिक और आर्थिक संरचना में अग्रवाल समाज ने अपनी अमिट छाप छोड़ी है।राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़, अपनी विविधताओं के बावजूद, एकता का प्रतीक है। यहाँ हर वर्ग और समुदाय के लोग मिल-जुलकर रहते हैं और इसमें अग्रवाल समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। हमें इस सामाजिक समरसता को बनाए रखने की दिशा में काम करना चाहिए।राज्यपाल ने अग्रवाल समाज के द्वारा छत्तीसगढ़, में समाज सेवा के क्षेत्र में किए गये कार्यों को लिपिबद्ध करने का सुझाव दिया जिससे आने वाली पीढ़ी जान सके कि उनके समाज का क्या योगदान है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस व विजयदशमी के अवसर पर निकला भव्य पथ संचलन

**नगीना।**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस व विजयदशमी के अवसर पर नगर में सेकड़ो की सख्या में स्वयंसेवको ने निकला भव्य पथ संचलन दो दर्जन से अधिक स्थानों पर नगर के गणमान्य लोगों ने की पुष्प वर्षा। पथ संचलन में नगर नगीना के सेकड़ो स्वयंसेवको ने प्रतिभाग किया। नवीन शिक्षा सदन विश्नोई सराय में आज सुबह करीब 9 बजे संघ के वरिष्ठ पदाधिकारीओ ने विजयदशमी के अवसर शस्त्र पूजन कर संघ के संथापक परम् पूजनीय हेडवेगार, गुरुजी गोलवलकर, भारतमाता के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवको को सम्बोधि त किया। संघ के अधिकारियो में नगर संघचालक सुनील अग्रवाल जी व धामपुर जिला कारवाह विपिन जी द्वारा अपने संबोध न में स्वयंसेवक को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना दिवस पर व विजयदशमी पर्व पर संघ की स्थापना के महत्व को बताया



गया। प्रमुख वक्ता के संबोधन के उपरांत सुबह करीब 10 बजे नवीन शिक्षा सदन विश्नोई सराय से शुरू हुआ पथ संचलन मौहल्ला बिश्नोई सराय, मौ नालबंदान, सर्राफा बाजार, बड़ा मंदिर बाजार, बाजारमझलेटा, लुहारी सराय गांधी मूर्ति, स्टेशन चौराहे होता हुआ करीब 11 बजे के करीब हिंदू इंटर कालेज के छात्रावास परिसर में पहुंचकर संपन्न हुआ। पथसंचलन नगर शारीरिक प्रमुख हर्ष अग्रवाल की अगुवाई में चल रहे पथ संचलन में सैकड़ो गणवेश धारी स्वयंसेवक कदम चाल से चलना प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। पथ संचलन के दौरान मार्ग में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर स्त्री पुरुषों द्वारा संघ के पथ संचलन पर पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का स्वागत किया गया। पथ संचलन में बड़ा मन्दिर मुक्तेश्वर नाथ के पास सरस्वती शिशु मंदिर एवं इंटर कालेज द्वारा सजाई भारत माता व शहीद भगतसिंह, राज गुरु की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। भव्य पथ संचलन में राष्टीय स्वयंसेवक संघ के विभाग बौद्धिक प्रमुख संजय जी, तहसील प्रचारक मोमराज जी, जिला विद्यार्थी प्रमुख सचिन गौड़, नगर कारवा अनमोल कंसल, धर्म जागरण से विराट जी, मुकेश कुमार, एड हेमंत के अतिरिक्त संघ के पथसंचलन की व्यवस्था में लगे नगर संघ कार्यकारणी से प्रबोध कुमार, निर्मल सक्सेना, सुधीर कुमार, नितिन पाल, विशाल अग्रवाल, रामोतार विश्नोई, विकास अग्रवाल, मुकेश कुमार, हुकम जी, सचिन रुहेला, राजकुमार विश्नोई, नीरज विश्नोई, ओमप्रकाश, रचित कुमार, लक्ष्मण सैनी, प्रदीप गर्ग, एड अनिल शर्मा, माधव जी, अंकित शर्मा, रोशन लाल, रोहित विश्नोई, हर्ष राजपूत, गर्वित चौधरी, विपिन विश्नोई, लवी मित्तल, अतुल अग्रवाल, आभास गुप्ता, सहित बहुत बड़ी संख्या में गणवेश धारी स्वयंसेवक शामिल रहे। पद संचलन कार्यक्रम में शांति व सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी हरिओम चौहान व सुभाष तोमर के नेतृत्व में बड़ी संख्या पुलिस बल साथ रहा।